वर्ष- 13 अंक - 252
लखनऊ, शुक्रवार 15 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



दहेज हत्या में महिला सहित तीन को सात वर्ष का कारावास 10
नागरिकों की सहभागिता से होता है राष्ट्र निर्माण : पंकज 03

# संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- पश्चिम एशिया संकट से निपटने के लिए निभानी होगी सामूहिक जिम्मेदारी
- प्रधानमंत्री की अपील का चिंतन-मनन के बाद ही निष्कर्ष निकालना चाहिए : सीएम



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस तरह कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान देशवासियों ने एकजुट होकर संकट का सामना किया था, पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के बीच उसी सामूहिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय भावना के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। वैश्विक संकट है, जिसका असर ईंधन, खाद्य व उर्वरक आपूर्ति पर पड़ सकता है। हर नागरिक का दायित्व बनता है कि वह पब्लिक ट्रांसपोर्ट और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे विकल्पों को अपनाकर देश के आत्मनिर्भरता अभियान को मजबूती दे।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लखनऊ के होटल ताज में कॉन्क्लेव में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की अपील का उल्लेख करते हुए ईंधन की बचत के लिए रिन्यूएबल एनर्जी, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, कार पूलिंग, मेट्रो, इलेक्ट्रिक व्हीकल और शटल बस जैसी व्यवस्थाओं को अपनाने का आह्वान किया। 7700 से अधिक गोआश्रय स्थलों में संरक्षित 15 लाख से अधिक गोवंश के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर गैस प्लांट आधारित सामूहिक किचन मॉडल विकसित करने की बात कही, जिससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो सके।

सीएम ने कहा कि संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए। हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र के साथ खड़ा होकर अपना योगदान दे। उन्होंने अधूरी जानकारी के आधार पर नकारात्मक टिप्पणी करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अपील को पूरी गंभीरता से पढ़कर, समझकर और चिंतन-मनन के बाद ही निष्कर्ष निकालना चाहिए। देश रहेगा तो हम सब रहेंगे, प्रदेश सुरक्षित रहेगा तो हम सब सुरक्षित रहेंगे और देश समृद्ध होगा तो हम सब भी समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे। सीएम योगी ने कहा कि हजार वर्षों के आक्रमणों, अत्याचारों और शोषण के बावजूद भारत अपने अस्तित्व और संस्कृति को बचाए रखने में सफल रहा, जो दुनिया में कम ही देखने को मिलता है। 2017 से पहले की स्थिति बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को प्रश्न प्रदेश बना दिया था। 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार को आशीर्वाद दिया। सरकार बनते ही हमने पहले एक महीने तक केवल मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ शाम छह बजे से रात बारह बजे तक बैठक की। हर विभाग का प्रेजेंटेशन लिया गया और कार्ययोजना तैयार की गई। आज उत्तर प्रदेश में विकास केवल लखनऊ, वाराणसी या गोरखपुर तक सीमित नहीं है। सभी 75 जनपदों और 58,000 ग्राम पंचायतों में समान विकास हो रहा है। एक्सप्रेसवे में यूपी का हिस्सा देश का 60 प्रतिशत है। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे बन चुके हैं। भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर नोएडा बनकर तैयार है और 15 जून से उड़ानें शुरू हो रही हैं। देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली-मेरठ के बीच चल रही है। राष्ट्रीय जल मार्ग सक्रिय हैं। फोर-लेन सड़कों और अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी का जाल बिछा है। कृषि वृद्धि दर 8 से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई है। किसानों को मुफ्त सिंचाई, बेहतर बीज, तकनीक और बाजार की गारंटी दी जा रही है। गन्ना किसानों का 92 प्रतिशत भुगतान हो चुका है। चीनी मिलें घाटे से लाभ में आई हैं और अब इंटीग्रेटेड शुगर कॉम्प्लेक्स बन रही हैं। उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा का इंजन बन चुका है।

### बालिग होती पीढ़ी को उत्तर प्रदेश के बारे में जानकारी देना आवश्यक

सीएम योगी ने कहा कि बालिग होती पीढ़ी को उत्तर प्रदेश के बारे में जानकारी देना आवश्यक है। 500 से 1500 वर्ष पूर्व तक भारत की विश्व अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 44-45 प्रतिशत थी, कारण था जीवन के हर क्षेत्र में सामूहिकता, समन्वय और परस्पर सहयोग। भारत के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ भूमि और जल संसाधन थे। विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार की परंपरागत खेती होती थी। खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ मैन्युफैक्चरिंग और हस्तशिल्प का भी उत्कृष्ट तंत्र विकसित था। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का जाल फैला हुआ था। भारतीय कारीगर और व्यापारी विश्व बाजार तक अपनी वस्तुओं को पहुंचाते थे। खेती, मैन्युफैक्चरिंग और पर्यटन की व्यापक संभावनाओं के कारण भारत विश्व की आर्थिक महाशक्ति बना। दुनिया में आज जो आर्थिक समृद्धि दिखाई दे रही है, उसकी जड़ें मात्र 400-500 वर्ष पुरानी हैं, जबकि भारत में यह समृद्धि इससे बहुत पहले विद्यमान थी। लेकिन जब हमने संसाधनों, ज्ञान और नवाचार पर विश्वास करना छोड़ दिया, रिसर्च एवं डेवलपमेंट को उपेक्षित किया तो हम पिछड़ते गए। उस समय तीर्थयात्रा पर्यटन का प्रमुख रूप थी। केदारनाथ में जलाभिषेक के लिए रामेश्वरम का जल और रामेश्वरम में अभिषेक के लिए गंगोत्री का जल ले जाने की परंपरा उत्तर और दक्षिण को जोड़ती थी। द्वादश ज्योतिर्लिंग और चार धाम पूरे देश को एक सूत्र में बांधते थे। जीवन इस तरह व्यवस्थित था कि कोई किसी पर बोझ न बने। यही कारण था कि भारत विश्व गुरु बना।

## एनडीआरएफ के जवानों को देखकर लोग खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं : शाह

**गाजियाबाद, समृद्धि न्यूज।**



केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह गुरुवार सुबह गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने एनडीआरएफ के राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि विश्वास है कि एनडीआरएफ देश की जनता को किसी भी प्रकार की आपदा से सुरक्षित करने के लिए और मजबूती के साथ भविष्य में काम कर पाएगी। शाह ने कहा कि एनडीआरएफ के जवानों को देखकर लोग खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से न केवल आपदा और राहत कार्य के नवीनीकरण के लिए काम किया गया है, बल्कि अब हम ऐसी स्थिति में आ गए हैं कि हम जीरो कैजुअल्टी की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने छह परियोजनाओं का उद्घाटन किया। शाह ने कहा कि इन परियोजनाओं के चालू होने से राहत और बचाव कार्य में और आसानी होगी। गृहमंत्री शाह ने कहा कि जिस आपदा का हमें पूर्वानुमान है। इसका अंदेशा मौसम विभाग से मिल गया है, वहां पर जान माल की सुरक्षा, संपूर्ण सुरक्षा हमारा लक्ष्य हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में ढेर सारे काम किए गए हैं। इसको ध्यान में रखते हुए बहुत सारे निर्णय लिये गए है। जागरुकता और बचाव ऐप भी बनाए गए है। इसके माध्यम से धीरे-धीरे आपदा बचाओ देश का एक संस्कार बनता जा रहा है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,62,260/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,48,950/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,21,900/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,00,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### केरल के नए मुख्यमंत्री बने वी डी सतीशन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस की केरल इकाई के वरिष्ठ नेता वी डी सतीशन राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। कांग्रेस आलकमान ने पार्टी की प्रदेश इकाई के नेताओं के साथ लंबी मंत्रणा के बाद सतीशन के नाम पर मुहर लगाई। केरल के लिए पार्टी के पर्यवेक्षकों अजय माकन और मुकुल वासनिक तथा पार्टी प्रभारी दीपा दासमुंशी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में सतीशन के नाम की घोषणा की। सतीशन के अलावा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदारों में शामिल थे। बीते सात मई को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी आलाकमान को विधायक दल के नेता के चयन के लिए अधिकृत किया गया था। केरल में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने राज्य की कुल 140 सीट में से 102 पर जीत दर्ज की।

### पश्चिम बंगाल सरकार ने सार्वजनिक जगहों पर पशु वध पर लगाया प्रतिबंध

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्ता संभालने के चार दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर पशु वध पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना जारी की। अधिसूचना में राज्य सरकार ने सभी संबंधित अधिकारियों को पश्चिम बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम, 1950 को पूरे राज्य में सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है।

### सांसद प्रिया सरोज की एआई से बनी फोटो वायरल करने के मामले में केस दर्ज



**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर में मछलीशहर लोकसभा सीट से सांसद प्रिया सरोज की फर्जी और मॉर्फ्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सहित दो लोगों के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में गुरुवार को एफआईआर दर्ज की है। इन तस्वीरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके बनाना बताया गया है। साइबर क्राइम थाने में सांसद प्रिया सरोज ने अपनी शिकायत में बताया है कि भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अमोद सिंह और विशाल सिंह ने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट्स से उनकी एडिटेड व फर्जी तस्वीरें तथा भ्रामक सामग्री प्रसारित की जा रही थी।

## प्रतीक यादव पंचतत्व में विलीन, बैकुंठ धाम में हुआ अंतिम संस्कार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- अरविंद सिंह बिष्ट ने दामाद को दी मुखाग्नि



समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर का गुरुवार को लखनऊ के बैकुंठ धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

उनके ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने उन्हें मुखाग्नि दी। प्रतीक यादव का 38 वर्ष की उम्र में बुधवार सुबह हृदय और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के कारण बीमार पड़ने के बाद निधन हो गया था। उन्हें तबीयत खराब होने पर राजधानी के सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, प्रतीक के पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा विक्रमादित्य मार्ग स्थित उनके आवास से शुरू हुई।

शव यात्रा के दौरान सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव ने अर्थी को कंधा दिया। इस दौरान प्रतीक की पत्नी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता एवं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, उनकी बेटियों प्रथमा तथा पद्मजा तथा अन्य रिश्तेदारों ने उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई दी। अपर्णा अपनी दोनों बेटियों तथा जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के साथ श्मशान घाट पहुंचीं। घाट पर मौजूद पुरोहित महेन्द्र शर्मा ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के बाद प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान वह बेहद भावुक हो गये और अपने आंसू नहीं रोक सके। प्रतीक के पार्थिव शरीर को कुछ समय के लिए रास्ते में समाजवादी पार्टी के कार्यालय में भी रखा गया। यह उस पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार किया गया जिसके तहत श्मशान घाट पहुंचने से पहले पार्थिव शरीर को पांच बार जमीन पर रखा जाता है। प्रतीक को जानवरों से बहुत प्रेम था लिहाजा उनकी पत्नी अपर्णा यादव ने शव वाहन पर प्रतीक की उनके कुत्तों और एक बंदर के साथ वाली तस्वीरें भी लगाई थीं। शव यात्रा में बड़ी संख्या में सपा और भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत की। दोपहर करीब पौने एक बजे प्रतीक की शव यात्रा बैकुंठ धाम श्मशान घाट पहुंची और उनके पार्थिव शरीर के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव, चचेरे भाई तथा सांसद आदित्य यादव तथा परिवार के कई अन्य सदस्यों के साथ-साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भी मौजूद थे। सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और शारीरिक फिटनेस के शौकीन प्रतीक बेहद प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से होने के बावजूद सियासत से दूर रहना पसंद करते थे।

## तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकते : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करने का आह्वान किया है और कहा है कि तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा अब पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकती।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां प्रमुख रणनीतिक संवाद कलम और कवच में अपने वर्चुअल संदेश में कहा कि इस मंच का नाम ही देश के भविष्य के सुरक्षा ढांचे की सशक्त दृष्टि को दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि कलम विचारों, तर्क और आगे की सोच रखने के साहस का प्रतीक है। कवच शक्ति, सुरक्षा और राष्ट्र की रक्षा करने की क्षमता का प्रतीक है। जो देश स्पष्ट रूप से सोच सकता है और मजबूती से अपनी रक्षा कर सकता है, वही दुनिया में ऊंचा खड़ा होता है। हम ऐसे ही भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं। वैश्विक संघर्षों के बदलते स्वरूप पर श्री सिंह ने कहा कि दुनिया भर में रणनीतिक परिदृश्य लगातार अधिक अनिश्चित, प्रतिस्पर्धी और प्रौद्योगिकी-आधारित होता जा रहा है। उन्होंने भू-राजनीतिक तनाव, संघर्ष, साइबर खतरे, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी और हाइब्रिड युद्ध के उभरते स्वरूपों को देशों के सामने मौजूद प्रमुख चुनौती बताया।

### दुनिया में राष्ट्रीय सुरक्षा पुराने आयामों पर आधारित नहीं रह सकती

रक्षा मंत्री ने कहा कि दुनिया में राष्ट्रीय सुरक्षा पुराने आयामों पर आधारित नहीं रह सकती। इसके लिए हमारी तैयारी, लचीलापन, नवाचार और रणनीतिक आत्मविश्वास आवश्यक है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर जोर देते हुए श्री सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं बल्कि भारत के लिए रणनीतिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा, जो राष्ट्र महत्वपूर्ण रक्षा क्षमताओं के लिए अत्यधिक रूप से दूसरों पर निर्भर रहता है, वह संकट के समय कमजोर बना रहता है। हमें अपने राष्ट्रीय तंत्र के भीतर ही प्रमुख प्रणालियों का डिज़ाइन, विकास, उत्पादन, रखरखाव और उन्नयन करना होगा। इसी तरह हम अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को सुरक्षित रख पाएंगे।

## तिरंगे वाले जहाज पर हमला मंजूर नहीं : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि ओमान के तट के पास भारतीय ध्वज वाले एक व्यावसायिक जहाज पर हमला हुआ है, लेकिन उसके चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। यह अभी पता नहीं चल पाया है कि बुधवार को जहाज पर हमला किसने किया।

विदेश मंत्रालय ने इस हमले को अस्वीकार्य बताया। उसने कहा कि कल ओमान के तट के पास भारतीय ध्वज वाले एक जहाज पर हुआ हमला अस्वीकार्य है और हम इस बात की निंदा करते हैं कि व्यावसायिक जहाजों और आम नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जहाज पर सवार भारतीय चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और हम उन्हें बचाने के लिए ओमान के अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत इस बात को दोहराता है कि व्यावसायिक जहाजों को निशाना बनाने और बेगुनाह चालक दल सदस्यों को खतरे में डालने, या किसी और तरह से नौवहन और वाणिज्य की स्वतंत्रता में रुकावट डालने से बचना चाहिए।

### नया कीर्तिमान रचने को बढ़ी चारधाम यात्रा दर्शनार्थियों की संख्या पहुंची 12.60 लाख के पार



**एजेंसी, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड की सुप्रसिद्ध चारधाम यात्रा इस वर्ष नया कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर है। 25 दिनों में ही दर्शनार्थियों की संख्या 12 लाख 60 हजार के आंकड़े को पार कर चुकी है। केदारनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। 22 दिनों में ही 05 लाख 23 हजार से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ धाम में शीश नवा चुके हैं।

## 16 राज्यों व तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का ऐलान, चुनाव आयोग ने की तीसरे चरण की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 30 मई से चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने की घोषणा की।

निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि इस चरण में दिल्ली, ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, नागालैंड, त्रिपुरा, दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव में एसआईआर होगा।

बयान में कहा गया कि हिमपात वाले क्षेत्रों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए एसआईआर का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में एसआईआर की प्रक्रिया हो चुकी है। असम में एक ष्विशेष पुनरीक्षणष् किया गया था।

### एनआईए ने डॉ. शाहीन समेत 10 आरोपियों के खिलाफ दाखिल की 7,500 पन्नों की चार्जशीट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लाल किला इलाके में कार बम विस्फोट मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ 7,500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पिछले वर्ष 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी को दहला देने वाले इस उच्च तीव्रता के विस्फोट में 11 लोगों की मौत हुई थी, कई लोग घायल हुए थे और बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। एनआईए द्वारा जारी बयान के अनुसार, मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी (मृत) समेत सभी 10 आरोपी अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े थे, जो भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) का एक सहयोगी संगठन है। आरोपपत्र यहां पटियाला हाउस कोर्ट स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल किया गया।

## नीट पेपर लीक मामला : राजस्थान के सीकर में मेडिकल छात्र व उनके रिश्तेदार सीबीआई की रडार पर

**एजेंसी, जयपुर।**




राजस्थान का कोचिंग हब सीकर, नीट-यूजी 2026 पेपर लीक नेटवर्क का मुख्य केंद्र बनकर उभरा है। अब सीबीआई कोचिंग संस्थानों, बिचौलियों, छात्रों और आरोपियों के रिश्तेदारों के संभावित संबंधों की जांच कर रही है। जांचकर्ताओं का मानना है कि इस नेटवर्क का तालमेल सीकर में ही शुरू हुआ था, जहां आरोपी यश यादव और विकास ने कथित तौर पर एक ही कोचिंग संस्थान में साथ पढ़ाई की थी।

एजेंसी अब यह जांच कर रही है कि यह कथित पेपर लीक रैकेट कोचिंग जगत और छात्रों के नेटवर्क के जरिए कैसे फैला। जांच का दायरा अब आरोपियों के उन परिवार वालों तक भी बढ़ गया है, जिन्होंने हाल ही में नीट पास किया है और अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों में दाखिला लिया है। इससे इस कथित नेटवर्क के विस्तार और मेडिकल शिक्षा में इसकी पहुंच को लेकर नए सवाल खड़े हो गए हैं। इस बीच, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में अपनी जांच तेज कर दी है। सीबीआई ने जयपुर से चार आरोपियों-मांगीलाल बीवाल, उसका बेटा विकास, दिनेश बीवाल और हरियाणा निवासी यश यादव को गिरफ्तार किया है। बुधवार को इन चारों को एक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जिसके बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ के लिए दिल्ली ले जाया गया। जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, मुख्य आरोपियों को कथित तौर पर दिवाली के आसपास ही बता दिया गया था कि इस साल नीट का पेपर उपलब्ध कराया जाएगा। इससे संकेत मिलता है कि पेपर लीक नेटवर्क परीक्षा से कई महीने पहले ही सक्रिय हो गया था। जांचकर्ताओं का मानना है कि राजस्थान का कोचिंग हब सीकर, इस कथित पेपर लीक रैकेट के संचालन का मुख्य केंद्र था।

**आंकड़ा** — भारत में थोक महंगाई ने तोड़ा 3.5 साल का रिकॉर्ड

## पेट्रोल, डीजल, एलपीजी के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति आठ प्रतिशत के पार

- पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की कीमतों ने बिगाड़ा बजट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



पश्चिम एशिया संकट के कारण थोक बाजार में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में भारी उछाल के परिणामस्वरूप अप्रैल में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर साढ़े तीन साल के उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गयी। अक्टूबर 2022 (8.39 प्रतिशत) के बाद पहली बार थोक महंगाई आठ फीसदी के पार दर्ज की गयी है। इससे पहले मार्च 2026 में थोक महंगाई दर 3.88 प्रतिशत रही थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 की तुलना में इस साल अप्रैल में पेट्रोल की थोक कीमत 32.40 प्रतिशत बढ़ गयी। डीजल की महंगाई दर 25.19 प्रतिशत और रसोई गैस (एलपीजी) की 10.92 प्रतिशत पर रही।

कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की थोक महंगाई दर 67.18 प्रतिशत दर्ज की गयी। इस वर्ग में कच्चा तेल 88 फीसदी महंगा हुआ। तिलहनों के दाम भी 22.24 प्रतिशत और खनिजों के 12.15 प्रतिशत बढ़े।

खाने-पीने की चीजें सस्ती हुई हैं। आलू की कीमत एक साल पहले के मुकाबले 30 प्रतिशत और टमाटर की 26 प्रतिशत घट गयी। दालें भी चार फीसदी सस्ती हुई हैं। अनाजों के दाम भी घटे हैं।

सब्जियों के दाम में 0.53 प्रतिशत की मामूली सालाना वृद्धि दर्ज की गयी। फल 0.21 प्रतिशत सस्ते हुए।

वहीं, अंडा, मांस और मछली के दाम 6.68 प्रतिशत और दूध के 2.56 प्रतिशत बढ़ गये।

विनिर्मित वस्तुओं में कपड़ों की थोक महंगाई दर 7.30 प्रतिशत रही। तंबाकू उत्पाद 5.67 प्रतिशत महंगे हुए। रसायन और रसायन उत्पादों के दाम एक साल पहले के मुकाबले 5.09 प्रतिशत बढ़े।

# सीएचसी व 50 बेडेड मैटरनिटी विंग कैसरगंज का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण

- आनलाइन पर्चा बनाने की सुविधा का किया शुभारंभ





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जनपद के एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज के पंजीकरण काउण्टर का निरीक्षण करते हुए सीएचसी कैसरगंज में आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत मरीज़ों के लिए आनलाइन पर्चा बनाने की सुविधा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि आनलाइन माध्यम से पर्चा बनाने की सुविधा प्रदान करने में जनपद का पांचवा स्थान है। पंजीकरण काउण्टर के पश्चात प्रभारी मंत्री ने हीटवेव रूम का निरीक्षण करते हुए सीएमओ को निर्देश दिया कि जनपद के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनाये गये हीटवेव रूम को सभी सुविधाओं से आच्छादित रखा जाय तथा आवश्यकतानुसार सभी उपकरण एवं औषधियों के साथ-साथ एण्टीवेनम व एण्टीरेबीज़ इंजेक्शन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाय। प्रभारी मंत्री ने सीएमओ को यह भी निर्देश दिया कि जनपद के सभी पात्र असंतृप्त व्यक्तियों के गोल्डेन कार्ड बनाये जायें जिससे की शासन की मंशानुरूप गरीब व्यक्ति भी रू. 05 लाख तक अपना इलाज निःशुल्क करा सकें। प्रभारी मंत्री श्री शाही द्वारा ओ.पी.डी. का निरीक्षण करने पर चेस्ट फिज़िशियन डॉ. वी.के. सिंह, पैथालाजिस्ट डॉ. मुकेश कुमार, नेत्र सर्जन डॉ. मसूद, एमडी फिज़िशियन डॉ. सर्वेश सिंह तथा बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वी.डी. वर्मा मरीज़ों का परीक्षण एवं उपचार करते हुए पाये गये। अधीक्षक डॉ. नरेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन 400 से 500 मरीज़ों को ओपीडी की सुविधा प्रदान की जा रही है। एक्स-रे रूम के निरीक्षण के दौरान टेक्निशियन द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन 35 से 40 मरीज़ों का एक्स-रे किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने दन्त रोग कक्ष दवा वितरण काउण्टर का भी निरीक्षण किया यहां पर सम्बन्धित चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित मिले। प्रभारी मंत्री ने साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के पश्चात प्रभारी मंत्री श्री शाही ने 50 बेडेड मैटरनिटी विंग कैसरगंज का निरीक्षण किया। श्री शाही ने सर्वप्रथम न्यू बार्न केयर यूनिट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। अल्ट्रासाउण्ड कक्ष के निरीक्षण के दौरान डॉ. सोनी आहूजा ने बताया कि प्रतिदिन 10 से 15 गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउण्ड की सेवायें प्रदान की जा रही हैं। प्रभारी मंत्री ने परिवार नियोजन परामर्श केन्द्र, महिला वार्ड, ब्लड स्टोरेज यूनिट सहित अन्य कक्ष कक्षों का निरीक्षण कर मरीज़ों एवं तीमारदारों को प्रदान की सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए पर्याप्त साफ-सफाई के साथ आने वाले मरीज़ों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी तथा विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा मौजूद रहे।

**तहसील में जनसुनवाई कर अधिकारियों को दिए निर्देश**

सीएचसी निरीक्षण के बाद मंत्री शाही तहसील पहुंचे, जहां जनसुनवाई कार्यक्रम तहसील सभागार मे आयोजित किया गया था। तहसील कैसरगंज पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जनसुनवाई में उन्होंने आम जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के सभी विभागों के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, विद्युत विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद थे। यह दौरा सरकार द्वारा फील्ड में अधिकारियों और स्वास्थ्य सुविधाओं की जवाबदेही तय करने की कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने सपा सांसद के खिलाफ प्रदर्शन कर व्यक्त किया आक्रोश

- पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में माफी की मांग
- हाथों में तख्तियां लेकर शहीद स्मारक से धरना स्थल तक सैकड़ो महिलाओं ने किया रोष व्यक्त

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**




समाजवादी पार्टी सांसद राजेंद्र लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई आपत्तिजनक भाषा के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने गुरुवार को शहीद स्मारक से धरना स्थल तक सैकड़ो महिलाओं ने भाग लेकर प्रदर्शन करते हुए रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन में महिलाओं ने हाथों में तख्तियां और रोष नारों के साथ 'प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' 'सपा सांसद माफी मांगो माफी मांगों' 'अखिलेश यादव शर्म करो' जैसे नारों के साथ प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहा जाएगा। सपा सांसद को माफी मांगनी पड़ेगी इस तरह की टिप्पणियां से समाज में नकारात्मक फैलती है। महिलाओं ने एकजुट होकर दिखाया कि प्रधानमंत्री का अपमान बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। इस विरोध प्रदर्शन में जिला संयोजक महिला मोर्चा सोनी श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष हेमा निगम, डिम्पल जैन, जिला मंत्री प्रियंका रावत, एकता जायसवाल, उर्मिला शुक्ला,अर्चना मिश्रा ,पुष्पा चौधरी, मोहिनी सोनी, डॉ अभिलाषा वर्मा, ज्योति सिंह, सुषमा चौधरी, निशा शर्मा, पूनम अग्रवाल, नंदनी मिश्रा, मीरा श्रीवास्तव, रोली सोनी सहित तमाम महिलाएं उपस्थित रही।

## किशोरी ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

**पुलिस व फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी, सीओ ने घटना स्थल का किया निरीक्षण**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव में एक 16 वर्षीय किशोरी ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार रात करीब 3 बजे सामने आई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

मृतक किशोरी की पहचान हर्षिता शुक्ला उर्फ रुचि पुत्री गुड्डु शुक्ला के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बुधवार रात लगभग 3:00 बजे उन्होंने अपनी बेटी को फंदे से झूलते हुए देखा। इस घटना से परिवार में दुख का माहौल है। अभी तीन दिन पूर्व ही पुलिस ने किशोरी को सौपा था।

# मातृ एवं नवजात के बेहतर स्वास्थ्य की हुई पहल

- गर्भवती महिलाओं की अब होंगी कम से कम छह एएनसी जांच
- सुरक्षित मातृत्व के लक्ष्य को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से अब जिले की प्रत्येक गर्भवती महिला की कम से कम छह प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) सुनिश्चित की जाएगी। पहले चार आवश्यक जांचों का ही प्रावधान था, इस संबंध में परिवार कल्याण विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं और सभी स्वास्थ्य इकाइयों को इसका सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान समय-समय पर एएनसी जांच मां और शिशु दोनों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। जांचों की संख्या बढ़ने से न केवल हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (उच्च जोखिम वाले गर्भ), एनीमिया, उच्च रक्तचाप और कुपोषण की समय रहते पहचान होगी, बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु में होने वाले जन्मजात दोषों का भी आसानी से पता लग जाएगा। इससे समय रहते उचित उपचार और रेफरल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के तहत पहली एएनसी जांच 12 सप्ताह तक, दूसरी 16 से 20 सप्ताह, तीसरी 24 से 28 सप्ताह, चौथी 28 से 32 सप्ताह, पांचवीं 32 से 36 सप्ताह तथा छठी जांच 36 से 40 सप्ताह के बीच कराई जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस पर दूसरी या तीसरी तिमाही में कम से कम एक जांच सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा जिन गर्भवती महिलाओं की संभावित प्रसव तिथि 31 जुलाई 2026 से पहले है।

## खबरें एक नजर में

### वरिष्ठ पत्रकार शाहिद हुसैन सिद्दीकी के निधन पर शोकसभा, पत्रकारों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** सादुल्लाह नगर क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार शाहिद हुसैन सिद्दीकी के असामयिक निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र के पत्रकारों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों में गहरा दुख व्याप्त हो गया। वर्षों तक निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले सिद्दीकी साहब को लोग एक संवेदनशील और जनसरोकारों से जुड़े पत्रकार के रूप में याद कर रहे हैं। मंगलवार को प्रेस मीडिया कार्यालय उतरौला में उनके सम्मान में शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान पत्रकारों एवं सामाजिक लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का माहौल पूरी तरह गमगीन रहा और उपस्थित लोगों ने उनके साथ बिताए गए संस्मरणों को साझा किया। शोकसभा में जिला अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता, तहसील अध्यक्ष नूर मोहम्मद, महामंत्री गिरीश मिश्रा, राजन श्रीवास्तव, नाजिर मलिक, अनिल कुमार गुप्ता, बजरंगी गुप्ता, इमरान अली शाह, आशीष कुमार कशौधन, वाजिद अली, असगर अलीशाह, सुशील श्रीवास्तव, हरीश गुप्ता, मुन्ना श्रीवास्तव, गगन प्रीत, डा. सीबी उपाध्याय, ताज मोहम्मद, खुर्शीद राज, अय्यूब भाई, रिषभ श्रीवास्तव तथा नरेंद्र पटवा समेत बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे। तहसील अध्यक्ष नूर मोहम्मद ने कहा कि शाहिद हुसैन सिद्दीकी ने अपने पत्रकारिता जीवन में निष्पक्षता, निर्भीकता और सामाजिक सरोकारों को सर्वोपरि रखा। उन्होंने हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, दैनिक भास्कर तथा मानवाधिकार से जुड़ी पत्र-पत्रिकाओं में लेखन कर अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी खबरों में हमेशा आमजन की पीड़ा और दबे-कुचले वर्ग की आवाज को प्रमुखता मिलती थी। राजन श्रीवास्तव ने कहा कि सिद्दीकी साहब केवल एक पत्रकार नहीं बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत और मार्गदर्शक थे। उन्होंने पत्रकारिता को हमेशा समाज सेवा का माध्यम माना। उनकी सरलता, सौम्यता और बेबाक लेखनी उन्हें पत्रकारिता जगत में विशिष्ट स्थान दिलाती थी। महामंत्री गिरीश चन्द्र मिश्रा ने कहा कि शाहिद हुसैन सिद्दीकी का पूरा जीवन संघर्ष, ईमानदारी और जनहित के मुद्दों के प्रति समर्पण का प्रतीक था। उनके निधन से क्षेत्रीय पत्रकारिता को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। बताया गया कि वे अपने पीछे तीन बेटियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्रकार साथियों ने कहा कि सिद्दीकी साहब का योगदान और उनकी निर्भीक पत्रकारिता लंबे समय तक याद की जाती रहेगी।

### चलती एम्बुलेंस में गूंजी नवजात की किलकारी

**उतरौला (बलरामपुर)।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग की 108 एम्बुलेंस सेवा एक बार फिर लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हुई। प्रसव पीड़ा से जूझ रही गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही अचानक स्थिति गंभीर हो गई, लेकिन एम्बुलेंस कर्मियों और आशा कार्यकर्ता की सूझबूझ एवं तत्परता से एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। जच्चा और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम पचौथा निवासी शहनाज पत्नी एजाज अहमद को बुधवार देर शाम अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और गर्भवती महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज ले जाया जाने लगा। बताया जाता है कि एम्बुलेंस जैसे ही कपौवा-शेरपुर मार्ग के पास पहुंची, महिला की प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई। स्थिति को गंभीर देखते हुए एम्बुलेंस में मौजूद इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन निखिलेश कुमार, पायलट मनीष पाण्डेय तथा आशा कार्यकर्ता ऊषा ने बिना समय गंवाए पूरी तत्परता और सावधानी के साथ एम्बुलेंस में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया।

स्वास्थ्यकर्मियों की सूझबूझ और अनुभव के चलते महिला ने सुरक्षित रूप से नवजात को जन्म दिया। प्रसव के तुरंत बाद एम्बुलेंस कर्मियों ने जच्चा और नवजात की प्राथमिक देखभाल की तथा दोनों को सुरक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टरों के अनुसार जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं। घटना के बाद परिजनों ने समय पर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने और सुरक्षित प्रसव कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग, एम्बुलेंस कर्मियों एवं आशा कार्यकर्ता के प्रति आभार व्यक्त किया। परिवारजनों ने कहा कि यदि समय पर सहायता नहीं मिलती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने भी 108 एम्बुलेंस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह सेवा लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों की तत्परता और मानवता पूर्ण कार्यशैली की प्रशंसा की। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि आपात परिस्थितियों में 108 एम्बुलेंस सेवा लगातार लोगों तक त्वरित सहायता पहुंचाने का कार्य कर रही है और भविष्य में भी इस प्रकार की सेवाएं पूरी सक्रियता के साथ जारी रहेंगी।

## आईजी ने पुलिस बल के साथ घंटाघर चौकी क्षेत्र में किया पैदल गश्त

**कानून-व्यवस्था का क्षेत्र मे लिया जायजा**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक ने जनपद के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत घंटाघर चौकी क्षेत्र में पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, महिला थाना पुलिस बल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पैदल गश्त के दौरान बाजारों, प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। आईजी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों से वार्ता कर उनके प्रशिक्षण, ड्यूटी अनुभव एवं कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए जनसेवा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।आईजी ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने एवं आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा की भावना बनाए रखने पर विशेष बल दिया।

# भारत-नेपाल सीमा का एडीजी ने किया निरीक्षण

- रूपईडीहा चेकपोस्ट पर सुरक्षा इंतजाम परखे, सतर्कता बढ़ाने के निर्देश
- थाना रूपईडीहा का निरीक्षण कर कानून व्यवस्था का लिया जायजा



**रूपईडीहा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार को भारत नेपाल सीमा पर स्थित थाना रूपईडीहा का एडीजी गोरखपुर मुथा अशोक जैन ने निरीक्षण किया। जहां उन्हे गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। आदर्श थाना रुपईडीहा में एडीजी मुथा अशोक जैन गोरखपुर को सहायक कमांडेंट अमित कटियार ,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी पहुप सिंह, प्रद्युम्न सिंह , प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। एडीजी गोरखपुर मुथा अशोक जैन ने रूपईडीहा थाने में कानून व्यवस्था का जायजा लिया अपराधियों की स्थिति की जानकारी ली। लंबित मुकदमों के बारे में जानकारी ली महिला डेस्क का निरीक्षण किया, पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर उचित निर्देश दिए। भारी मात्रा में रुपया थाने में खड़ी मोटरसाइकिल के बारे में जानकारी ली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री संजय कुमार ,उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष शैलेश जयसवाल महामंत्री संतोष अग्रवाल योगेंद्र शर्मा से भारत नेपाल की सीमा पर व्यापार की स्थिति की जानकारी ली। नेपाल सरकार द्वारा 100 रूपए लगाए जाने के बाद से व्यापार में पड़ रहे प्रभाव के बारे में जानकारी लेते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात भारत नेपाल सीमा के नो मैंस लैंड पर जाकर सीमा की स्थिति का जायजा लिया। सशस्त्र सीमा बल पर आवागमन करने वाले नागरिकों की स्थिति की जानकारी ली। भारत नेपाल सीमा स्थित नेपाली पुलिस सभी आवागमन की स्थिति का जायजा लिया, अंत में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट रुपईडीहा का निरीक्षण बैठक कर सीमा पर होने वाले निर्यात आयात के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर इंस्पेक्टर क्राइम गणेश तिवारी सहायक निरीक्षक कादिर खान, आरक्षी अभिषेक सिंह, सहित पुलिस और एसएसबी के जवान उपस्थित रहे।

**सीमा पर की गश्त, लोगों से की बातचीत**

निरीक्षण के दौरान एडीजी ने अधिकारियों के साथ सीमा क्षेत्र में गश्त भी की। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था और क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली।पत्रकारों से बातचीत में एडीजी मुथा अशोक जैन ने बताया कि वह दो दिवसीय दौरे पर भारत-नेपाल सीमा से जुड़े जनपद बहराइच पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि रूपईडीहा चेकपोस्ट और सीमा से जुड़े थानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई है।

# एडी हेल्थ ने किया पयागपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं मिली दुरूस्त, सीएचसी की सराहना



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के पयागपुर क्षेत्र में एडी हेल्थ डॉ अल्पना रानी गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पयागपुर सीएचसी की व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली। जिले के पयागपुर सीएचसी मे एडी स्वास्थ्य डॉ अल्पना रानी गुप्ता पहुंची। उन्होंने इमरजेंसी ड्यूटी रोस्टर और वार्डों का निरीक्षण किया। और स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत को परखा।वही पयागपुर सीएचसी में सभी कर्मचारी उपस्थित मिले और लेबर रूम से जेएसवाई वार्ड तक एडी हेल्थ ने मुआयना किया। साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया। एडी हेल्थ ने लाभार्थियों से फीडबैक लिया ।पयागपुर सीएचसी की स्वास्थ्य सुविधाओं को एडी हेल्थ ने सराहा। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ धीरेंद्र तिवारी समेत पूरी टीम की एडी हेल्थ ने प्रशंसा की, और स्वास्थ्य सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन शासन की योजनाओं का लाभ हर मरीज तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

पयागपुर सीएचसी में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद मिली। भ्रमण के दौरान डॉ शरद भारती, बीपीएम अनुपम शुक्ल बीसीपीएम अजय यादव अनिल राठौर पवन कुमार मेहबून निशा स्टाफनर्स उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घनाओं में चार लोगों की मौत दो घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घनाओं में चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। अयोध्या जनपद के तारुन थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव के निवासी 40 वर्षीय लाल जी पुत्र झींगुर उसरी फतेहपुर निवासी 35 वर्षीय इंद्रेश पुत्र धर्म राज 25 वर्षीय चतुर्थ नारायण पुत्र राम भवन तीन एक बाइक पर सवार हो कर गोंडा आ रहे थे। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के दर्जी कुआं अयोध्या मार्ग के पास विपरीत दिशा से आ रही पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दिया जिस में तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए।

## कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर द्वारा उर्वरकों के संतुलित प्रयोग पर प्रशिक्षण



**मनकापुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा द्वारा ग्राम रायपुर विकासखंड वजीरगंज जनपद गोंडा में संतुलित उर्वरकों के प्रयोग एवं मृदा स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय आफ कैम्पस प्रशिक्षण आयोजित किया गया । प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ शस्य वैज्ञानिक ने उर्वरकों के संतुलित प्रयोग एवं मृदा स्वास्थ्य विषय पर जानकारी दी । उन्होंने बताया कि किसान भाई एवं बहने मृदा नमूना परीक्षण की संस्तुति के आधार पर खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करें । रबी फसलों की कटाई के बाद खाली खेतों से मिट्टी के नमूने एकत्रित करें । मिट्टी का नमूना लेकर कृषक का नाम व पता सहित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु जमा करें । मृदा नमूना परीक्षण की संस्तुति के आधार पर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग लाभकारी है। उन्होंने बताया कि उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से भूमि का स्वास्थ्य खराब हो रहा है । भूमि का स्वास्थ्य बचाये रखने की जरूरत है । सनई या ढैंचा की बुवाई के डेढ़ महीने बाद खेत में पलटाई करने से ढैंचा या सनई की फसल सड़कर खाद में परिवर्तित हो जाती है । इससे 84 से 120 किलोग्राम नत्रजन प्रति हेक्टेयर प्राप्त होती है । उन्होंने जल विलेय उर्वरकों एवं नैनो उर्वरकों के प्रयोग एवं महत्व की जानकारी दी । इस अवसर पर वी आर समग्र जलवायु फल एवं औषधि शोध संस्थान रायपुर के शिवकुमार मौर्य, सम्राट महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम मौर्य सहित प्रगतिशील कृषकों भवानीफेर, आशाराम, अशोक कुमार, भगवती प्रसाद, श्रीमती अनीता आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

## एजुकेशनल अवेयरनेस प्रोग्राम का किया गया आयोजन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** दरसगाह इस्लामी स्कूल, हलधर मऊ में 'एजुकेशनल अवेयरनेस प्रोग्राम' का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना सकलेन अहमद ने किया, जबकि तालीमी नज़्म हाफिज अब्दुल अलीम द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित लोगों ने काफी सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के डायरेक्टर मोहसिन ख़ान ने की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती कनीज़ फातमा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक बेहतर समाज की बुनियाद अच्छी तालीम, सफ़ाई, अनुशासन और बेहतर ड्रेस से तैयार होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शुरू से ही साफ-सफाई की आदत डालनी चाहिए तथा स्कूल यूनिफॉर्म और सलीकेदार पहनावे से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनकी स्वच्छता, समय की पाबंदी और अच्छे व्यवहार पर भी विशेष ध्यान दें। इंग्लिश अध्यापक फारूक अहमद ख़ान ने आए हुए सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज में जागरूकता और तरक्की लाई जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान कई अभिभावकों ने भी शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए।

**आवश्यक न्यायालय सूचना**

सर्व साधारण व प्रतिवादी गण को सूचित किया जाता है कि ग्राम दौदापुर आश्रमपुरवा बिलबिलाई परगना व जिला खीरी के विनोद, लक्ष्मण, मुन्ना, महेश गुड्डू पुत्र गण दशरथ श्रीमती सोनवरसी पत्नी दशरथ ने अपनी कृषि भूमि गाटा संख्या 432/1 मि0 रकबा 0.061 हे03 (चकबंदी के बाद बना नया नम्बर 922 रकबा 0.061हे.) स्थित ग्राम बिलबिलाई परगना व जिला खीरी पर प्रतिवादी गण मूलचंद पुत्र राजधारी,श्यामू पुत्र बदलू, बीरबल पुत्र गोरख, वीरेन्द्र पुत्र सुखलाल, केदार पुत्र छांगुर, श्रीमती राम प्यारी पत्नी राम जी, श्रीमती सावित्री पटनी पारस द्वारा वादीगण की अनुपस्थिति में उक्त कृषि भूमि पर बिना उनकी अनुमति और अधिकार के अवैध रूप से बतौर अतिचारी कब्जा कर अपने आवास कायम कर लिया है। जिस पर कब्जा छुड़ाने हेतु उक्त वादीगणों ने प्रतिवादी गण के विरुद्ध न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय खीरी (जू.डि.) में बेदखली का वाद विनोद आदि बनाम मूलचंद आदि वाद संख्या 124/19 दि. 24/1/19 को दायर किया था जिसका निर्णय प्रतिवादी गण को न्या. श्रीमान जी द्वारा समन किए जाने के उपरांत और उनके उपस्थित न आने पर न्या. श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) कोर्ट न. 4 खीरी द्वारा दि. 19/3/26 को एकपक्षीय रूप से वादी गण के पक्ष में डिक्री पारित कर दिया गया है आदेशानुसार प्रतिवादी गण को आदेशित किया गया है कि विवादित भूमि पर से प्रतिवादी गण 2 माह के अन्दर आदेश की तिथि से अपना कब्जा हटा ले अन्यथा प्रतिवादी गण के खर्चे पर कब्जा हटवाया जायेगा वादी गण द्वारा प्रतिवादी गण को मौखिक सूचित करते हुए कब्जा हटाने को कहा गया परंतु प्रतिवादी गण द्वारा कब्जा अभी तक हटाया नहीं गया है। वादीगण अब अग्रिम कार्यवाही हेतु बाध्य है।

# दिल्ली पहुंचे सीएम योगी, गृहमंत्री से की मुलाकात

- कैबिनेट बंटवारे व 2027 की तैयारियों पर चर्चा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को दिल्ली पहुंचे और गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। सीएम की ये मुलाकात दोपहर करीब 3 बजे हुई, जो लगभग आधे घंटे चली।



सीएम योगी इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात कर सकते हैं। सीएम योगी और गृहमंत्री अमित शाह की ये मुलाकात यूपी कैबिनेट विस्तार के बाद हो रही है। योगी कैबिनेट में शामिल 6 मंत्रियों और दो स्वतंत्र प्रभार बने मंत्रियों को अभी तक विभाग का बंटवारा नहीं हुआ है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सीएम इस मसले पर भी चर्चा कर सकते हैं। यह मुलाकात 2027 यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारी से जुड़ी मानी जा रही है। सोर्स के मुताबिक सीएम नए मंत्रियों के जरिए क्षेत्रीय, जातीय और सामाजिक संतुलन साधने के बाद अब नए सिरे से विभागों का बंटवारा करना चाहते हैं। ये शिष्टाचार मुलाकात इसी के लिए हो रही है। जल्द ही संगठनात्मक बदलाव भी होने हैं। इस पर भी चर्चा होने की बात कही जा रही है। सीएम योगी का दिल्ली दौरान अचानक हुआ है। यूपी में बीते रविवार को छह नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई दो का कद बढ़ाया गया। शपथ लेने वाले मंत्रियों को कक्ष भी आवंटित हो गया है, लेकिन अभी विभागों का बंटवारा नहीं हो पाया है। विभाग के बंटवारे में फंसे पेंच को सुलझाने के लिए भाजपा के थिंक टैंक माने जाने वाले गृह मंत्री अमित शाह को आगे आना पड़ रहा है। नव नियुक्त आठ मंत्रीगण पांच दिन से बिना किसी विभाग के हैं। उत्तर प्रदेश में अब मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्री सहित 60 मंत्री हैं।

## आंधी-बारिश से नुकसान का मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

- मृतकों के परिजनों के प्रति व्यक्त की संवेदना, तत्काल मुआवजा के निर्देश
- राहत कार्य प्राथमिकता पर रखें डीएम : योगी

उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। बीते 24 घंटे में यूपी के कई जिलों में जनहानि, पशुहानि समेत कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर पीड़ितों की मदद, मुआवजा जारी करने के निर्देश दिए हैं। जिलों को हर 3 घंटे में स्थिति का अपडेट देने के लिए कहा गया है। बाराबंकी, बहराइच, कानपुर देहात, बस्ती, संभल, हरदोई, उन्नाव समेत 19 जिलों में जनहानि, पशुहानि और फसल हानि हुई है। काफी संख्या में मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। जिलाधिकारियों समेत संबंधितअधिकारियों को मौके पर जाकर तत्काल सर्वे पूरा कराने का निर्देश दिया है ताकि संबंधित विभागों के साथ मिलकर मुआवजा जारी किया जा सके सीएम ने डीएम को राहत कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है। निर्देश है कि मुआवजा राशि, बचाव अभियान समेत अन्य कार्यों को सोशल मीडिया पर अपडेट किया जाए। हर 3 घंटे में स्थिति का अपडेट भेजने के लिए कहा गया है।

# हम तुष्टीकरण नहीं, सशक्तिकरण में विश्वास रखते हैं : केशव

- 2047 तक सत्ता से बाहर रहेंगे सपा और कांग्रेस, भाजपा की जीत की लहर जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को एक मीडिया संस्थान के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में डबल इंजन सरकार के तहत हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों, आधारभूत विकास, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

विपक्ष के (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के नारे पर कटाक्ष करते हुए केशव मौर्य ने इसे परिवार डेवलपमेंट एजेंसी करार दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का पीडीए केवल इटावा और उनके परिवार तक सीमित है,जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पीडीए (प्रोग्रेसिव डेवलपमेंट फॉर ऑल) देश के प्रत्येक नागरिक की उन्नति सुनिश्चित कर रहा है। श्री मौर्य ने विपक्षी दलों की नीतियों की आलोचना करते हुए भविष्यवाणी की कि उत्तर प्रदेश और देश की जनता के समर्थन से सपा और कांग्रेस 2047 तक सत्ता से बाहर रहेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2024 के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम में जीत की जो लहर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चली है, वह उत्तर प्रदेश में और भी सशक्त हुई है। उपमुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के मूल मंत्र को दोहराते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना पर काम करती है। इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई– सभी का हित समाहित है। हम तुष्टीकरण नहीं, बल्कि सशक्तिकरण में विश्वास रखते हैं।

अंत में, उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज निवेश और विकास का हब बन चुका है और डबल इंजन की सरकार प्रदेश को सर्वोत्तम राज्य बनाने के लिए संकल्पबद्ध है।

## खबरें एक नजर में

### वाहन पोर्टल में टेक्निकल प्रॉब्लम, ठीक कर रही टीम : आशुतोष निरंजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पिछले कुछ दिनों से संपूर्ण भारत में वाहन पोर्टल संचालन में तकनीकी बाधाएं आ रही हैं। उप–महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष एनआईसी मुख्यालय नई दिल्ली एवं तकनीकी निदेशक, एनआईसी लखनऊ ने अवगत कराया है कि यह समस्या अनुप्रयोगों को पुराने बुनियादी ढांचे से नए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर स्थानांतरण के दौरान उत्पन्न हुई है। परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने बताया कि तकनीकी टीम के प्रयासों और विशेषज्ञों की नियुक्ति के बावजूद, सर्वर में कुछ अप्रत्याशित तकनीकी खराबी आ गई है। विभाग इस स्थिति से पूरी तरह अवगत है और सिस्टम को जल्द से जल्द स्थिर व सुचारू बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है।एनआईसी की विशेष टीम प्रणाली को पुनः सुदृढ़ और पूर्णतः कार्यात्मक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नागरिकों को हो रही इस असुविधा के लिए हमें खेद है और धैर्य बनाए रखने हेतु अनुरोध है। समस्या का जल्द समाधान हो जायेगा।

### एसटीएफ ने 25 हजार के इनामी को पकड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में यूपीएसटीएफने चंदौली जिले के एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले कई महीनों से फरार चल रहा था और पुलिस को चकमा देकर छुपकर रह रहा था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। एसटीएफने आरोपी को आशियाना इलाके से गिरफ्तार किया। एसटीएफको सूचना मिली थी कि चंदौली के थाना सैयदराजा में दर्ज मुकदमे में वांछित आशुतोष सिंह लखनऊ में छिपकर रह रहा है। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ लाल प्रताप सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गई। मुख्य आरक्षी गौरव सिंह, विनोद सिंह और अखिलेश कुमार ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को बुधवार शाम करीब 7.10 बजे मां गायत्री स्वीट्स एवं नमकीन के पास, नाबार्ड बैंक के निकट पावर हाउस रोड एलडीए कॉलोनी से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चंदौली के थाना सैयदराजा क्षेत्र निवासी आशुतोष सिंह के रूप में हुई है। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जून 2025 में पारिवारिक संपत्ति की पैमाइश के दौरान उसके परिवार के शैलेन्द्र कुमार सिंह से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के दौरान उसने अपने साथी गोलू उर्फ राजीव सिंह के साथ मिलकर शैलेन्द्र सिंह को दौड़ाकर जान से मारने की धमकी दी थी और हवा में कई राउंड फायरिंग की थी। घटना के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था और लखनऊ में छिपकर रह रहा था। आरोपी के खिलाफथाना सैयदराजा में केस दर्ज है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

### हजरतगंज में युवक को कार से कुचलने की कोशिश, तेज हॉर्न बजाकर डराया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में विधान भवन गेट नंबर–8 के पास एक कार सवार युवक ने स्कूटी सवार को कुचलने की कोशिश की। कार सवार युवक ने तेज हॉर्न बजाकर स्कूटी सवार को डराने की कोशिश भी की और उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इसके बाद स्कूटी सवार युवक गाड़ी से उतरकर कार के पास पहुंचा। जिसका वीडियो भी सामने आया है। फिलहाल, इस मामले में पीड़ित की ओर से अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। वीडियो में एक होंडा सिटी कार यूपी 32 एफजे 9191 स्कूटी के पीछे युवक को टक्कर मारने का प्रयास कर रही है। कार सवार लगातार तेज चलाकर ब्रेक मार कर उसे डरा रहा है। उसके पीछे से लगातार हॉर्न देता है, तभी स्कूटी से सवार युवक गुस्से में स्कूटी रोककर उतर जाता है और जाकर कार के शीशे पर मरता है। कार सवार से चढ़ाने की वजह पूछता और बोलता है चढ़ा दो। इसके बाद कार चालक गाड़ी पीछे करता है और फिर तेजी से युवक की ओर बढ़ाता है। हालांकि युवक बाल–बाल बच जाता है, लेकिन स्कूटी को टक्कर लग जाती है। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एसजीपीजीआई निदेशक गाड़ी छोड़ साइकिल से पहुंचे ऑफिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ एसजीपीजीआई के निदेशक प्रोफेसर आरके धीमन गुरुवार को अपने ऑफिस सरकारी गाड़ी छोड़ साइकिल चलाकर पहुंचे। उनका कहना है कि उन्होंने यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद की है। इस माहौल में संस्थान के हर अधिकारी–कर्मचारी को ढाला जाएगा। पद्मश्री आरके धीमन ने कहा नका कार्यालय उनके आवास से करीब 600 मीटर की दूरी पर है, इसलिए वह स्वयं भी साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रहे हैं। वह कार्यालय से लेकर ओपीडी तक साइकिल से ही जाएंगे। बताया कि जल्द ही संस्थान की ओर से साइकिल रैली निकाली जाएगी, जिसके माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य लाभ और यातायात प्रदूषण कम करने के प्रति जागरूक किया जाएगा। डॉ. धीमान ने बताया कि कैंपस के भीतर रहने वाले कर्मचारियों के साथ–साथ 3–4 किलोमीटर दूरी पर रहने वाले स्टाफको भी साइकिल से कार्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्हें जहां संभव हो, पैदल चलने या साइकिल से आवागमन को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया है। इस पहल को बढ़ावा देने के लिए, संस्थान परिसर के प्रमुख स्थानों पर 7–8 साइकिल स्टैंड स्थापित करने की योजना बना रहा है।

# नागरिकों की सहभागिता से होता है राष्ट्र निर्माण : पंकज

- फिजूलखर्ची से बचें व देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में दें योगदान
- जहां संभव हो, वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्था को प्रोत्साहित करें ताकि ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमी लाई जा सके

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों सहित किसानों, प्राइवेट संस्थानों एवं प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, राष्ट्रहित, जनभागीदारी के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों एवं आर्थिक चुनौतियों के बीच हम सभी का दायित्व है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने व्यवहार और जीवन शैली में सादगी, बचत और स्वदेशी भावना को अपनाएं। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने का आह्वान किया है।

यह केवल एक अपील नहीं बल्कि आने वाली पीढियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों से नहीं बल्कि देश के नागरिकों की सहभागिता से होता है। हम मिलकर आत्मनिर्भर, सक्षम और विकसित भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने विनम्र अपील करते हुए कहा कि हम सभी पेट्रोल एवं डीजल का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करें तथा सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा दें। वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाते हुए स्वदेशी एवं भारत में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दे। अनावश्यक विदेशी यात्राओं एवं फिजूलखर्ची से बचें तथा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।श्री चौधरी ने किसानों से आग्रह किया कि राष्ट्रहित में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे तथा रासायनिक उर्वरको पर निर्भरता कम करें। आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि खाद्य तेल एवं अन्य संसाधनों का उपयोग संयमित रूप से करें ताकि देश की आयात पर निर्भरता कम हो सके। श्री चौधरी ने निजी संस्थानों से अनुरोध करते हुए कहा कि जहां संभव हो, वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्था को प्रोत्साहित करें ताकि ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमी लाई जा सके। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं एवं प्रदेशवासियों से विनम्र आग्रह करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस प्रेरणादायी आवाहन को जन आन्दोलन का रूप दें तथा अपने दैनिक जीवन में प्रधानमंत्री के आवाहन के अनुरूप बदलाव करने का संकल्प लें। हम सब मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।



# सुरेश खन्ना साइकिल से पहुंचे विधानसभा

- सप्ताह में एक दिन साइकिल से कार्यालय अवश्य आऊँगा : खन्ना
- ईंधन का न्यूनतम उपयोग समय की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपेक्षाओं के अनुरूप 10, कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास से विधानसभा स्थित कार्यालय तक साइकिल से पहुंचे।उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक दिन अपने कार्यालय आने-जाने के लिए साइकिल का अवश्य प्रयोग करेंगे।श्री खन्ना ने कहा कि डीजल एवं पेट्रोल जैसे ईंधनों की बचत प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय दायित्व है, क्योंकि देश में 85 से 86 प्रतिशतपेट्रोलियम उत्पादों का आयात विदेशों से करना पड़ता है, जिस पर भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा व्यय होती है।वित्त मंत्री ने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए समय की मांग है कि हम ईंधन का न्यूनतम उपयोग करें तथा वैकल्पिक एवं पर्यावरण अनुकूल साधनों को अपनाएं। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे यथासंभव साइकिल, सार्वजनिक परिवहन एवं साझा वाहनों का उपयोग कर राष्ट्रहित में अपना योगदान दें।

# अनुशासन, गरिमा व नेतृत्व के माहौल के बीच सेंट पॉल्स कॉलेज का पदग्रहण समारोह आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सेंट पॉल्स कॉलेज, लखनऊ ने गर्व के साथ 12 मई 2026 को अपना पदग्रहण समारोह 2026 अनुशासन, गरिमा और नेतृत्व के माहौल के बीच आयोजित किया। इस गंभीर अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह हुआ और शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को औपचारिक रूप से जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

समारोह की शोभा मुख्य अतिथि, कर्नल समीर कटियार की गरिमामयी उपस्थिति ने बढ़ाई। वे 1988 बैच के एक विशिष्ट पॉलाइट (पूर्व छात्र) हैं, जिनकी प्रेरणादायक यात्रा और राष्ट्र के प्रति समर्पित सेवा ने संस्थान को अत्यंत गौरव प्रदान किया है। युवा नेतृत्व को संबोधित करते हुए, उन्होंने छात्रों को ईमानदारी, साहस, अनुशासन और समाज तथा राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य, रेव. फादर तेज प्रकाश बारा ने की, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ शिक्षिका अनीता शुक्ला भी मौजूद थीं। इन दोनों ने मिलकर नव-निर्वाचित परिषद सदस्यों को सेंट पॉल्स कॉलेज की समृद्ध परंपराओं, मूल्यों और भावना को पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। नव-नियुक्त पदाधिकारियों में, मौलिक भारद्वाज और नैशा बाजपेयी को क्रमशः हेड बॉय और हेड गर्ल की जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जबकि शौर्य चतुर्वेदी और श्रेया गुप्ता को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए वाइस







हेड बॉय और वाइस हेड गर्ल नियुक्त किया गया। हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, कॉलेज प्रीफेक्ट और जूनियर प्रीफेक्ट्स ने भी गर्व के साथ अपनी शपथ ली, और संस्थान की सेवा समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के साथ करने का वादा किया। पदग्रहण समारोह 2026 के दौरान संस्थान में शामिल होने और उसे अपना समर्थन देने के लिए पूर्व छात्रों आशीष यादव, रवि सेठ, मनप्रीत सिंह, अमित कुमार लाल, हनीश पाहुजा, मुकुंद कुमार लाल और खनक पाहुजा का हार्दिक आभार। उनकी उपस्थिति और अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर युवा पॉलाइट्स का उत्साहवर्धन करना वास्तव में सराहनीय था। शिक्षकों, विशिष्ट पूर्व छात्रों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति ने इस यादगार अवसर में और भी अधिक गरिमा और भव्यता भर दी, जिससे यह संस्थान के इतिहास में एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण बन गया।

# आंधी-तूफान से प्रभावित लोगों की मदद करें सपा कार्यकर्ता : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में बुधवार को आंधी-तूफान के कारण विभिन्न जिलों में हुए नुकसान के मद्देनजर राहत और बचाव का काम युद्ध स्तर पर करने की मांग करते हुए अपने कार्यकर्ताओं का भी प्रभावित लोगों की मदद का आह्वान किया।

अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में आंधी-तूफान और बारिश के कारण हुई दुर्घटनाओं में लखनऊ में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। पूर्व मुख्यमंत्री ने सपा कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे आपदा के इस समय में सभी प्रभावित लोगों की यथासंभव सहायता करें। अखिलेश यादव ने सरकार से राहत एवं बचाव का कार्य युद्ध स्तर पर करने, घायलों के अच्छे-से-अच्छे मुफ्त इलाज की तुरंत व्यवस्था करने, पीड़ितों को खाना-पानी जल्द से जल्द उपलब्ध कराने, उनके रहने की



अस्थायी व्यवस्था कराने, मृतकों का ससम्मान अंतिम संस्कार कराने, जान-माल, फसल व वाहन आदि के नुकसान का आकलन करके मुआवजा दिलाने की मांग की।उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बुधवार को अचानक मौसम के करवट बदलने के कारण आए आंधी-तूफान के चलते हुए हादसों में 89 लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बेमौसम बारिश, आंधी और बिजली गिरने से हुए नुकसान का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर पीड़ितों को राहत देने के आदेश दिये हैं।

# प्रदेशभर में लागू 'एआई फॉर ऑल' पहल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

डिजिटल भारत के सशक्त निर्माण एवं युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा 'एआई फॉरऑल' पहल को प्रदेशभर में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। नागरिकों को निःशुल्क ऑनलाइन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 13 अप्रैल को मुजफ्फरनगर में आयोजित वृहद रोजगार मेले के दौरान किया गया था। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा वैश्विक आईटी संस्था ओरेकल





- हर नागरिक को मिलेगा मुफ्त एआई प्रशिक्षण
- 3 घंटे का ऑनलाइन कोर्स, सफल अभ्यर्थियों को मिलेगा प्रमाण-पत्र

यूनिवर्सिटी के सहयोग से संचालित यह कार्यक्रम युवाओं, विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों एवं आम नागरिकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हो रहा है।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से रोजगार और उद्योगों का स्वरूप बदल रहा है। ऐसे में प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक युवा इस आधुनिक तकनीक का ज्ञान प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें और रोजगार के नए अवसरों को हासिल करें। कार्यक्रम के अंतर्गत 'ऑल फॉर यूरू ट्रेनिंग एंड असेसमेंट' नामक कोर्स लगभग 3 घंटे की अवधि का है, जिसे पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जा रहा है। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन इस पहल को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों को निर्देशित किया गया है कि वे अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करें।

## विधान परिषद की संसदीय समितियों के भ्रमण कार्यक्रम स्थगित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सरकारों ने ईंधन बचाने, काफिला कम करने आदि की पहल को धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री, मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों को फ्लीट को 50 प्रतिशत कम करने का फैसला किया है। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने परिषद की संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित भ्रमण के कार्यक्रमों को अगले आदेशों तक स्थगित कर दिया है। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि संसदीय समितियों की बैठकों में जिला स्तरीय अधिकारी अग्रिम आदेशों तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग करेंगे।

**सराहनीय** — यूपी सर्वाधिक गन्ना मूल्य भुगतान वाला राज्य, गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में भी शीर्ष पर

# गन्ना किसानों को 3.21 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पहले दिन से ही किसानों के हित में कार्य कर रही है। पहले फैसले में किसानों की 36 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर्जमाफी करने वाली योगी सरकार के निर्देश पर किसानों को समय से गन्ना मूल्य भुगतान कराया जा रहा है। योगी सरकार की नीतियों, पारदर्शी व तकनीक आधारित व्यवस्था ने गन्ना किसानों को वर्ष 2017 से अब तक 3,21,963 करोड़ का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान कराकर इतिहास रचा है। भुगतान की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका भी समाप्त हो गई। गन्ना एवं चीनी उद्योग अब प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। योगी सरकार किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गन्ना किसानों को समय से भुगतान करने में योगी सरकार की नीति पूर्व की सरकारों पर भारी पड़ी। 2007 से 2012 में गन्ना किसानों को 52,131 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि 2012 से 2017 में 95,215 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। वहीं 9 साल में योगी सरकार ने रिकॉर्ड 3,21,963 करोड़ रुपये का भुगतान किया। योगी सरकार की अभिनव पहल 'स्मार्ट गन्ना किसान' प्रणाली के माध्यम से गन्ना क्षेत्रफल, सट्टा, कैलेंडरिंग और पर्ची जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। अब किसानों को उनकी गन्ना पर्ची सीधे मोबाइल पर प्राप्त होती है और भुगतान डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में पहुंचता है।योगी सरकार ने पेराई सत्र 2025–26 में गन्ना मूल्य की दरों में 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की। अगेती प्रजातियों के लिए 400 रुपये व सामान्य



- गन्ना मूल्यों की दरों में 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि

प्रजातियों के लिए 390 रुपये प्रति कुंतल की दर निर्धारित की गई। इस बढ़ोत्तरी से गन्ना किसानों को लगभग 3000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त गन्ना मूल्य भुगतान प्राप्त हुआ है। योगी सरकार के कार्यकाल में चौथी बार गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की गई। समय से भुगतान होने से प्रदेश के 48 लाख गन्ना किसान परिवारों को आर्थिक मजबूती मिली है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने में गन्ना विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान है। 2025–26 में 29.51 लाख हेक्टेयर में गन्ना की खेती की गई। योगी सरकार के प्रयास से उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी गन्ना उत्पादक राज्य बना है। उत्तर प्रदेश में 121 चीनी मिलें संचालित हैं। उप्र राज्य चीनी निगम की 3, उप्र सहकारी चीनी मिल्स संघ की 23 व निजी क्षेत्र की 95 चीनी मिलों द्वारा 877.93 लाख टन गन्ने की पेराई कर 89.68 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया है। पिछले पेराई सत्र में औसत चीनी परता उत्तर प्रदेश का 10.21 प्रतिशत रहा, जबकि महाराष्ट्र का चीनी परता 9.49 प्रतिशत है। बंद पड़ी चीनी मिलों के पुनरुद्धार, नई चीनी मिलों की स्थापना तथा मिलों की पेराई क्षमता में 1,28,500 टीसीडी वृद्धि से रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। मिलों केआधुनिकीकरण व औद्योगिक पुनरुद्धार से 10 लाख से अधिक रोजगार का सृजन हुआ है। विगत 9 वर्ष से लगभग 6924 करोड़ का अतिरिक्त पूंजी निवेश किया गया है। एथेनॉल उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सरकार के प्रयासों से राज्य में एथेनॉल उत्पादन 188 करोड़ लीटर तक पहुंच गया है। गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस.ने बताया कि गन्ना किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा दिया है। ई–गन्ना ऐप, ऑनलाइन सर्वे, पारदर्शी पर्ची वितरण एवं शिकायत निवारण प्रणाली जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों को बड़ी राहत व सुविधा प्रदान की है। आज लाखों किसान मोबाइल के माध्यम से घर बैठे गन्ना संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। गन्ना किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर टोल–फ्री कॉल सेन्टर नम्बर 1800–121–3203 की स्थापना की गयी है, जो 24 घण्टे संचालित है।

# प्रो. रामवंत गुप्ता को मलेशिया के सेगी विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शोध फेलोशिप से किया सम्मानित

**लखनऊ/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. रामवंत गुप्ता को मलेशिया के प्रतिष्ठित सेगी विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय शोध फेलोशिप से सम्मानित किया गया है।

यह प्रतिष्ठित फेलोशिप उन्हें 05 मई 2026 से 04 मई 2029 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रदान की गई है। विश्व के अग्रणी विश्वविद्यालयों में शामिल तथा हाल ही में वैश्विक रैंकिंग में 731-740 बैंड में स्थान प्राप्त करने वाले सेगी विश्वविद्यालय द्वारा यह सम्मान प्रदान किया जाना विश्वविद्यालय के लिए भी गौरव का विषय है। दीनदयाल उपाध्याय



गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन सहित विश्वविद्यालय परिवार ने प्रो. गुप्ता को इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। सेगी विश्वविद्यालय की इंटरनेशनल रिसर्च फेलोशिप योजना का उद्देश्य उत्कृष्ट शोध को प्रोत्साहित करना तथा वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक एवं शोध सहयोग को सुदृढ़ करना है। इस फेलोशिप के अंतर्गत प्रो. गुप्ता को उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्य करने, शोधार्थियों का मार्गदर्शन एवं परामर्श देने, संयुक्त शोध परियोजनाओं में सहभागिता करने तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास गतिविधियों में योगदान देने का अवसर प्राप्त होगा। अंतरराष्ट्रीय शोध फेलो के रूप में प्रो. गुप्ता को अत्याधुनिक शोध सुविधाओं तक पहुंच, संयुक्त शोध अनुदान के अवसर, शोध प्रकाशनों एवं उनके प्रसार हेतु वित्तीय सहायता तथा शोध संगोष्ठियों, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, परामर्श सेवाओं, पाठ्यक्रम विकास एवं अतिथि व्याख्यान जैसी विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता का अवसर भी मिलेगा।

# डीएम ने तालाब एवं चारागाह भूमि का किया स्थलीय निरीक्षण

▸ 15 जून से पहले प्रत्येक ग्राम में नए तालाब की खोदाई के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को ग्राम बझेड़ा बझेडी व कुइयाँ में लगभग 26 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले तालाब तथा ग्राम हसौआ में 1.4 हेक्टेयर चारागाह भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने और उनके पुनर्जीवन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि तालाब की भूमि को तत्काल खाली कराया जाए तथा डालमिया चीनी मिल का पानी तालाब में आने से तुरंत रोका जाए। उन्होंने पूरे तालाब की खोदाई कराने, तालाब के चारों ओर 10 फीट चैड़ा ट्रैक बनाने तथा 5 फीट चैड़ाई में वृक्षारोपण कराने के निर्देश भी दिए। चारागाह भूमि का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एक एकड़ क्षेत्रफल में गौशाला का निर्माण कराया जाए तथा शेष भूमि पर हरे चारे की बुवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे गौवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था हो सके। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिए कि तालाब की खुदाई, ट्रैक निर्माण, वृक्षारोपण, गौशाला निर्माण एवं हरे चारे की बुवाई से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किए जाएं। डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 15 जून से पहले प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक नए तालाब की खुदाई का कार्य शुरू कराया जाए, ताकि बरसात से पूर्व कार्य पूर्ण हो सके और वर्षा जल का संचयन किया जा सके। इस अवसर पर एसडीएम तिलहर जीत सिंह राय, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने सड़कों का किया निरीक्षण, 10 जून तक मरम्मत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश



**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को महिला थाने से पुवायां मार्ग तथा सराय काईयां से थाना आरसी मिशन होते हुए हरदोई रोड मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अभियंता महेंद्र पाल को निर्देशित किया कि दोनों मार्गों पर मरम्मत एवं प्रथम लेयर का कार्य आगामी 10 जून तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों की दूसरी लेयर का कार्य बरसात के बाद कराया जाए, ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए, जिससे आमजन एवं राहगीरों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात सुगम बना रहे।

## बस हादसाः बस चालक, स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्य पर मुकदमा दर्ज

**निगोही, शाहजहांपुर।** 13 को निगोही-शाहजहांपुर रोड पर हुए स्कूल बस हादसे में बड़ी कार्रवाई हुई है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरिओम ने थाना निगोही में तहरीर देकर बस चालक समेत स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम ने तहरीर में बताया कि सुभद्रादेवी महेशचंद्र कन्या इंटर कॉलेज हमजापुर की बस को चालक अंकुर सिंह पुत्र द्रोणपाल सिंह निवासी मिश्रीपुर द्वारा उ.प्र. मोटरयान नियमावली 1998 के 26वें संशोधन का उल्लंघन करते हुए लापरवाही और

▸ बस-ट्रैक्टर की टक्कर में 21 लोग हुए थे घायल, एआरटीओ की तहरीर पर एफआईआर

उतावलेपन से चलाया गया। इसी कारण बस ट्रैक्टर से टकरा गई और बस में सवार 21 लोग घायल हो गए। तहरीर में स्कूल के प्रबंधक और प्रधानाचार्य पर भी आरोप है कि उन्होंने नियमावली के विरुद्ध जाकर चालक अंकुर सिंह से बस चलवाई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना निगोही में अंकुर सिंह पुत्र द्रोणपाल सिंह निवासी मिश्रीपुर बस चालक, प्रबंधक नाम पता अज्ञात सुभद्रादेवी महेशचंद्र कन्या इंटर कॉलेज हमजापुर, प्रधानाचार्य नाम पता अज्ञात सुभद्रादेवी महेशचंद्र कन्या इंटर कॉलेज, हमजापुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना उ.नि. दिलशाद खां द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि विवेचना गुण-दोष के आधार पर कर शीघ्र ही विधिक निस्तारण किया जाएगा। गौरतलब है कि 13 मई को हुए इस हादसे में स्कूल बस और ट्रैक्टर की टक्कर में चालक समेत 21 लोग घायल हुए थे, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## खबरें एक नजर में

### दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए 30 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

**शाहजहांपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के तहत ऐसे दिव्यांग दंपति जिनका विवाह वित्तीय वर्ष 2025-26 या 2026-27 में हुआ है, वे पुरस्कार राशि के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना के नियमानुसार पुरस्कार राशि पुरुष के दिव्यांग होने पर 5,000, महिला के दिव्यांग होने पर 20,000, पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर 35,000 है। इच्छुक और पात्र दिव्यांग दंपति विभागीय वेबसाइट पर जाकर 30 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फॉर्म भरते समय आवेदक के पास आवेदक का नवीनतम फोटो जिसमें दिव्यांगता प्रदर्शित हो रही हो, सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, तहसील द्वारा निर्गत आय एवं आयु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र (शादी का कार्ड),राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित खाता संख्या, निवास प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की छायाप्रति होनी चाहिए। आवेदक ऑनलाइन भरे गए फॉर्म की हार्ड कॉपी और सभी संलग्न अभिलेखों की स्व-प्रमाणित छायाप्रति विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय (कमरा नंबर 104) में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं।

### कवि ओपी गुप्त स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन



**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर के सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज परिसर में कवि शिक्षक और संगीतज्ञ ओपी गुप्त स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह मे आयोजन समिति के संयोजक संदीप गुप्ता, संरक्षक सत्यप्रकाश गुप्ता और कार्यक्रम अध्यक्ष बार एसोसिएशन एल्डर्स कमेटी के चेयरमेन अधिवक्ता ओपी गुप्ता ने संगीत के क्षेत्र में पुवायां निवासी वेदप्रकाश पांडेय और साहित्य के क्षेत्र में कवि रामबाबू शुक्ला का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कवि डॉ. प्रदीप वैरागी के संचालन में सकुशल संपन्न हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ओपी गुप्ता एडवोकेट ने अपने संस्मरण साझा करते हुए संयोजक संदीप गुप्ता को अपने पिता ओपी गुप्ता की स्मृति में आयोजित इस भव्य और दिव्य आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए प्रेरणा श्रोत बताया। इससे पूर्व आयोजन समिति और कार्यक्रम अध्यक्ष ओपी गुप्त ने मां शारदा के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर विधिवत् शुभारम्भ किया। सरस्वती वंदना की संगीतमय प्रस्तुति गौरव त्रिपाठी ने की। उपस्थित सभी संगीत और साहित्य प्रेमियों को भी माल्यार्पण कर,स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। स्मृतिशेष ओपी गुप्ता की स्मृति में सभी ने अपनी सुन्दर प्रस्तुति देकर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षीय आशीर्वचन ओपी गुप्त एडवोकेट ने दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन राष्ट्रवादी कवि प्रदीप वैरागी ने किया। आभार संदीप गुप्ता ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व्यापार मंडल महामंत्री पवन मिश्रा, कवि रामबाबू शुक्ला, वेदप्रकाश पांडेय, आर एल श्रीवास एडवोकेट,संदीप गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता, डॉ प्रदीप वैरागी, आश्रय अनल, तेजपाल जोशी,प्रधानाचार्य राजपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, रामकिशोर त्रिवेदी, हिमांशु शुक्ला, गौरव त्रिपाठी, आदि उपस्थित रहे।

# विकासखंड स्तरीय सांस्कृतिक एवं नृत्य प्रतियोगिता सम्पन्न

▸ स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज अल्लागंज ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के कुल सात विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। माध्यमिक शिक्षा विभाग से सेठ सियाराम इंटर कॉलेज जलालाबाद, पुरुषोत्तम आदर्श इंटर कॉलेज जलालाबाद, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज अल्लागंज, तथा बेसिक शिक्षा विभाग से उच्च प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़िया कला, उच्च प्राथमिक विद्यालय ठिंगरी, पी.एम. श्री सिकंदरपुर अफगानान ने प्रतिभाग कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज अल्लागंज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़िया कला द्वितीय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय ठिंगरी तृतीय स्थान पर रहे। प्रथम स्थान प्राप्त विद्यालय अब 15 मई 2026 को दून इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगा। निर्णायक मंडल में शाहीन अंसारी खंड शिक्षा अधिकारी जलालाबाद, प्रीति दुबे सहायक अध्यापिका आचार्य राममोहन मिश्र इंटर कॉलेज जलालाबाद तथा डा. लक्ष्मी खंडेलवाल सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय टिकनारा शामिल रहीं।

कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आयोजन में ओम प्रकाश प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमुनिया दौलतपुर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मदन गोपाल, धूप शर्मा, छतरपाल शर्मा, विश्व नाथ प्रताप सिंह, ब्रजेश यादव, सरिता भारती सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ शिक्षा एवं संस्कृति के समन्वय का सुंदर संदेश भी दिया।

## परचून के खोखे में लगी आग दमकल ने बुझाई

**रोजा, शाहजहांपुर।** बुधवार की दोपहर हथौड़ा में एक परचून की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते लकड़ी का खोखा तेजी से जलने लगा। आग लगने की सूचना मिलते ही फौरन ही दमकल टीम ने पहुंच कर आग बुझाई। बताते है चेतराम ने अपने घर के आगे एक छोटा सा परचून खोखा रख रखा था। दोपहर में खोखे में आग लग गई। जिससे सारा समान जलकर खाक हो गया। आसपास लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं सके। फायर ब्रिगेड ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कही कोई जनहानि नहीं हुई। कुछ ही देर में दलमक टीम ने आग पर काबू पा लिया।

# मंडी कर्मचारी का रुपए लेते हुए वीडियो वायरल

▸ मंडी कर्मचारी ने बताया कि वीडियो दो साल पुराना, मंडी शुल्क के लिये थे रूपये, मंडी सचिव ने कमेटी बनाकर जांच के दिये आदेश

**रोजा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मंडी कर्मचारी पर कथित जानलेवा हमले के बाद मंडी कर्मचारी के द्वारा एक सब्जी के आढ़ती से रूपए लेने का वीडियों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा हैं। वीडियो वायरल होने के बाद मंडी सचिव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कमेटी से जांच करवाकर कार्रवाई कराने की बात कही हैं। ज्ञात हो कि सोमवार की देर शाम मंडी के प्रवेश द्वार पर मंडी कर्मचारी विकास पाठक ने मंडी के एक ठेकेदार पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। मंडी कर्मचारी के तहरीर देने के कई घंटे बाद ठेकेदार ने भी मंडी कर्मचारी पर अभद्र व्यवहार व गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी थी। घटना के कई घंटे बाद सोशल मीडिया पर मंडी कर्मचारी का एक सब्जी आढ़त से रूपये लेते एक वीडियों जमकर वायरल हो रहा हैं। वीडियो में मंडी कर्मचारी विकास पाठक रूपए लेते दिखाई दे रहे हैं। (इस वीडियों की समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता हैं) वैसे ये वीडियों दो साल पुराना बताया जाता हैं। इस समय भी ये वीडियों वायरल हुआ था। वीडियों के संबंध में मंडी कर्मचारी विकास पाठक ने बताया कि तब इसी जांच भी हुई थी, जांच में पाया गया था कि सब्जी व्यापारी सचिन ने मंडी शुल्क जमा करने के लिए रूपए दिये थे। बाद में कम्प्यूटर से रसीद निकलवाकर उसको दे दी गई थी। मंडी कर्मचारी और ठेकेदार के झगड़े के बाद ये वीडियों एक बार फिर चिराग से बाहर आकर सोशल मीडिया पर वायरल होने पर मंडी सचिव रिंकूलाल कश्यप ने गंभीरता से लिया हैं। उनका भी मनाना हैं कि वीडियो पुराना हैं फिर भी कमेटी बनाकर जांच करवाई जायेगी।

# बाइक सवार दो लोगों ने युवक को मारी गोली

▸ सीएचसी से जिला अस्पताल के बाद लखनऊ में भर्ती

**तिलहर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार देर रात एक युवक को गोली मार दी गई। जिसे आनन फानन में सीएचसी लाया गया। जहां से उसे गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां से बाद में उसे लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के बड़े भी ने दो लोगों के खिलाफ रंजिशन हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कटरा थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर बारिद हाल कस्बा कटरा के मोहल्ला बिल्लीगंज निवासी वेदराम पुत्र दीनानाथ ने पुलिस को बताया कि उसका भाई रमेश कुमार बुधवार रात लाल पंप से गांव की ओर पैदल जा रहा था। रात करीब दस बजे तिलहर कोतवाली क्षेत्र के गांव धनकपुर निवासी सूबेदार पुत्र सुखलाल व एक अज्ञात व्यक्ति ने रमेश के गोली मार दी। घायल रमेश को तत्काल तिलहर सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कटरा पुलिस ने रात साढ़े ग्यारह बजे घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। उधर घायल के भाई वेदराम ने बताया कि रमेश की हालत चिंताजनक देखते हुए लखनऊ में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

# बिरियाबाबा मेले में किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

▸ महिला कांस्टेबिल समेत दो दर्जन पुलिस कर्मी रहे तैनात

▸ नवागत सीओ इशिका सिंह व कोतवाल प्रिंस शर्मा ने मेला पहुंचकर लिया जायजा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विगत पांच दशकों से निरंतर ख्याति की ओर अग्रसर बिरियाबाबा मेले में आए दिन उचक्कों द्वारा श्रद्धालुओं के साथ की जा रही चोरी और जेबकतरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं । सीओ इशिका सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने गुरुवार सुबह मेला स्थल पहुंचकर स्थिति का अवलोकन किया। स्थल पर वांस बल्ली लगवा कर बैरिकेटिंग कराए जाने के साथ ही करीब दो दर्जन पुलिस कर्मियों को तैनात कर संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। बता दें कि बिरिया बाबा मेला सप्ताह में दो दिन रविवार और गुरुवार को लगता है। जहां आस्था रखने बालों की समीपस्थ व दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ की भरी भीड़ उमड़ती है। यहां खासी संख्या में दुकाने भी लगती हैं। गत सप्ताह मेले में कई महिलाओं के उचक्कों ने सोने के कुंडल नोचने व जेब काटने जैसी घटनाओं को अंजाम दिया था। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीरें भी दी थीं। इसी दौरान कोतवाल जुगुल किशोर पाल का परौर स्थानांतरण हो गया और प्रिंस शर्मा ने कोतवाली की कमान संभाली । तीन दिन बाद ही सीओ ज्योति यादव का भी जलालाबाद सर्किल स्थानांतरण हो गया। और सीओ इशिका सिंह ने सर्किल थानों की बखूबी कमान संभालते हुए अधीनस्थों को निर्देशित किया। उन्होंने बिरिया बाबा मेले की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए कोतवाल प्रिंस शर्मा के साथ मेला स्थल का अवलोकन कर दिशा निर्देश दिए। इसी तारतम्य में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का निर्णय लिया। और मेले में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस कर्मियों सहित अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। जिसमें पुलिस टीम को मेला स्थल के दोनो प्रमुख प्रवेश द्वारों , भीड़ भाड़ वाले स्थानों और दुकानों के आसपास लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं । इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया है । पुलिस टीम ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से भी सतर्क रहने, अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करने और किसी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की। सुरक्षा व्यवस्था बढ़ने से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं ने राहत महसूस की है। इस दौरान एसआई नेपाल सिंह, एसआई रमेश कुमार वर्मा, एसआई मोहित तंवर एवं एसआई नेहा सैनी महिला पुलिस टीम के साथ मेले में भ्रमणशील रहीं।

# शर्म की बात, भाजपा में लगातार हो रहे पेपर लीकः अर्चना

▸ महिला कांग्रेस ने नीट पेपर लीक पर किया प्रदर्शन




**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा तथा प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देश पर जनपद की महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने नीट पेपर लीक होने पर कांग्रेस कार्यालय से नगर निगम चैराहे तक 50 महिलाओं के साथ प्रदर्शन किया तथा जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने कहा की बड़े शर्म की बात है कि जब से भाजपा की सरकार बनी है लगातार पेपर लीक होते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार जानबूझकर पेपर लीक करा रही है जिससे बेरोजगारी बनी रहे। अर्चना कटारिया ने कहा यह 49वां पेपर लीक हुआ है जब से भाजपा सरकार बनी है, भाजपा सरकार आज तक कोई भी अपना वादा पूरा नहीं कर पाई चाहे वह दो करोड़ नौकरियां को नहीं दे पाई तथा 15 लाख खाते में हो या फिर काला धन वापस लाने की बात कही गई हो। प्रधानमंत्री कहते हैं कि इस साल सोना मत खरीदो, पेट्रोल कम खर्च करो यह कैसे प्रधानमंत्री है जो देश को सिर्फ मन की बात कहते हैं कोई काम करना नहीं चाहते। ऐसे प्रधानमंत्री को 2027 में जनता जवाब देगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से सीमा, राधा, जितेंद्र मिश्रा, सीमा गौतम, परवीन, तबस्सुम, खुशनुमा, शहजादी आदि मौजूद थी।

# स्व गणना अभियान को छात्रों ने दीवार लेखन से किया जागरूक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




स्व गणना अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवा विकास खंड पुवायां के छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने गांव की प्रमुख दीवारों पर स्व गणना से संबंधित प्रेरणादायक स्लोगन लिखकर ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया। छात्रों ने ÷हर घर की यही पहचान, स्व गणना से बढ़ेगा मान÷ तथा ÷स्व गणना अपनाएँ हम, विकसित भारत बनाएँ हम÷ जैसे आकर्षक नारों के माध्यम से लोगों को स्व गणना के महत्व से अवगत कराया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पल्लवी राज्य अध्यापक पुरस्कृत ने बताया कि स्व गणना अभियान देश के विकास एवं योजनाओं के सही क्रियान्वयन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से आमजन तक संदेश पहुंचाने का यह प्रयास सराहनीय है। ग्रामीणों ने भी छात्रों की इस पहल की प्रशंसा करते हुए स्व गणना में सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। विद्यालय परिवार ने सभी नागरिकों से स्व गणना अभियान में सहयोग करने की अपील की।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संगोष्ठी एवं वस्त्र वितरण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मानवता सेवा और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी एवं ब्रह्माकुमारी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन मोहल्ला अब्दुल्ला गंज स्थित प्रजापति ब्रह्मकुमारी ऐश्वर्या विश्वविद्यालय सत्यविद्या धाम केंद्र पर आयोजित हुई। कार्यक्रम में रेड क्रॉस के सचिव डॉ विजय जोहरी ने मानव सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए समाज में प्रेम, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया।

संगोष्ठी में कहा गया कि वर्तमान समय में बढ़ती सामाजिक चुनौतियों के बीच मानवता के मूल्यों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। रेड क्रॉस के सचिव डॉ विजय जोहरी ने कहा कि संस्था सदैव जरूरतमंदों की सहायता, स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान एवं आपदा राहत कार्यों के माध्यम से मानव सेवा के लिए समर्पित रही है निर्देशिका ब्रह्मकुमारी चरिता बहनजी ने आध्यात्मिक जागरूकता, राजयोग ध्यान और सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज में शांति एवं सद्भाव स्थापित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सेवा, संयम, नैतिकता और सहयोग की भावना अपनाने का संदेश दिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि जब सामाजिक सेवा और आध्यात्मिक विचार एक साथ आगे बढ़ते हैं, तब समाज में सकारात्मक परिवर्तन और मानवता की भावना को नई मजबूती मिलती है। गोष्ठी के अंत में सभी प्रतिभागियों ने मानव कल्याण एवं समाज में सद्भाव बनाए रखने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रेड क्रॉस के सचिव डॉ विजय जोहरी ने सभी सहभागियों को सम्मानपूर्वक वस्त्र और संक्रमित रोगो से बचाव के लिए मास्क भेंट करते हुए कहा की रेडक्रॉस सोसाइटी मानवतावादी सभी संगठनों के साथ सहयोगी भूमिका का निर्वाह करेगी। संगोष्ठी के समापन पर केंद्र की संचालिका ब्रह्मकुमारी विनीता बहन ने सभी का आभार प्रकट किया। संगोष्ठी में कमला माता, रामवती माता, प्रेम देवी माता, हरी माता, रीता माता, नीरजा, रेनू बहन, राखी बहन रजनी शर्मा, मीनू मिश्रा, बंद्रावती रोशनी, चंदू खान, महेश कुमार भाई, आर्यन पशुपति निरंकार, अनुज, राखी बनकोटी अनुज जोहरी, अग्रज जोहरी, नवजोत सिंह, अवनीश सक्सेना आदि मौजूद थे।

# महिलाओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाना नहीं चाहिए: सुजीता कुमारी

▸ राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई, कई कार्यक्रमों में हुई शामिल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने शाहजहांपुर का दौरा कर महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की तथा कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरे के दौरान उन्होंने महिला जनसुनवाई, जनपद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक, जिला कारागार महिला बैरक का निरीक्षण, ब्लॉक जलालाबाद में जागरूकता चैपाल एवं कन्या जन्मोत्सव सहित महिला कल्याण गतिविधियों का मूल्यांकन किया।

विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम चित्रा निर्वाल ने सदस्य सुजीता कुमारी को लिविंग प्लांट भेंट कर किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा द्वारा सदस्य की अनुमति से जनसुनवाई प्रारंभ की गई। इसके बाद उन्होंने महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं की समस्याएं, आर्थिक सहायता, सुरक्षा, शिक्षा एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जनपद का महिला कल्याण विभाग महिलाओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील तरीके से कार्य कर रहा हैं, उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाना नहीं चाहिए और प्रशासन को भी उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए, जनसुनवाई के दौरान 6 मामले घरेलू हिंसा के, 1 बाल कल्याण समिति से बच्चे की सुपुर्दगी सहित कुल मिलाकर 7 शिकायतें प्राप्त हुईं। जनसुनवाई कार्यक्रम में एसडीएम चित्रा निर्वाल, पुलिस विभाग से सीओ ट्रैफिक शुभम वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, जिला कार्यक्रम से सीडीपीओ राजवीर वर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर पी पी श्रीवास्तव, महिला थाना प्रभारी रश्मि,जिला सूचना अधिकारी बाबूराम, डालसा से पीएलवी रितु वर्मा, अर्पणा महिला कल्याण विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। जनसुनवाई कार्यक्रम के अंत में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा द्वारा सदस्य का एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके बाद जलालाबाद में जागरूकता चैपाल कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, इत्यादि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। सदस्य सुजीता कुमारी द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर योजना की जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात उन्होंने ब्लॉक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह कैडर तथा सदस्य आशा, केयरटेकर, एवं ब्लाक के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके बाद कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर नवजात शिशुओं की माताओं रूपा, मानदेवी, रिंकी, अंजू, शिल्पी को सम्मानित किया गया। जागरूकता चैपाल में विनीत मिश्रा प्रतिनिधि मंत्री जितिन प्रसाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, एडीओ पंचायत रमेश चंद्र मिश्रा, एडीओ ज्ञानेंद्र, सीडीपीओ उत्तम कुमार, महिला थानाध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री एवं महिला कल्याण विभाग से महिला शक्ति केंद्र की टीम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिला आयोग सदस्य ने महिला बंदियों से किया संवाद स्थापित



**शाहजहांपुर।** राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी द्वारा जिला कारागार परिसर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने महिला बैरक का निरीक्षण किया तथा वहां बंद महिला बंदियों से संवाद स्थापित कर, उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बंदियों की समस्याओं के त्वरित एवं उचित निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कारागार की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा सुधारात्मक पहलुओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जेपी तिवारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निर्वाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, कारापाल एवं उप-कारापाल, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## गाड़ी में फास्टैग अवश्य लगवाएं: मैनेजर

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर से पुवायां हाईवे पर सिंधौली के पास महानंदपुर टोल प्लाज़ा का संचालन सुचारु रूप से प्रारम्भ हो गया है। महानंदपुर टोल प्लाज़ा एक बूथ-लेस प्लाज़ा है। जिसकी बीच की लेनों में केवल सक्रिय फास्टैग वाले वाहन ही प्रवेश करें। बिना फास्टैग अथवा निष्क्रिय फास्टैग वाले वाहन बीच की लेनों में प्रवेश न करें। जिन वाहनों में अभी तक फास्टैग नहीं लगा है अथवा जिनका फास्टैग निष्क्रिय है, वह लोग किनारे की लेनों का ही उपयोग करें। टोल प्लाजा मैनेजर ने वाहन स्वामियों से अनुरोध किया है कि यात्रा को सुगम एवं सरल बनाने हेतु अपनी गाड़ी में फास्टैग अवश्य लगवाएं। टोल प्लाज़ा से 20 किमी की परिधि में आने वाले सभी निजी वाहनों के लिए 350 का मासिक पास उनके फास्टैग पर सक्रिय किया जाएगा। पास सक्रिय होने के बाद आप पूरे महीने बिना किसी सीमा के अनेकों बार टोल पार कर सकते हैं।

# बेवफा लव एल्बम की शूटिंग का शुभारंभ

▸ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए समाजसेवी डॉ. केपी गुप्ता

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र की कला और संस्कृति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से गुनारा स्थित परशुरामपुरी क्षेत्र में म्यूजिक एल्बम बेवफा लव के शुभ मुहूर्त और शूटिंग का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में शाहजहांपुर जनपद के प्रमुख समाजसेवी एवं 132 विधानसभा जलालाबादध्परशुरामपुरी से संभावित प्रत्याशी डॉ. के.पी. गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। घ्डॉ. गुप्ता ने नारियल फोड़कर और रिबन काटकर एल्बम के प्रथम गीत की शूटिंग की शुरुआत कराई। इस दौरान पूरी टीम में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. के.पी. गुप्ता ने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, ष्ऐसे रचनात्मक आयोजनों से स्थानीय कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। कला और संस्कृति का विकास समाज के मानसिक विस्तार के लिए आवश्यक है। उन्होंने एल्बम की पूरी टीम, कलाकारों और आयोजकों को उनके इस नए प्रोजेक्ट के लिए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले डॉ. के.पी. गुप्ता की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉ. गुप्ता हर वर्ग और हर क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहते हैं, जिसके चलते वे जनता के दिलों में अपनी खास जगह बना चुके हैं। घ्इस अवसर पर एल्बम के निर्देशक, कलाकार और भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में चलाया गया स्व-गणना करने का अभियान

▸ शिक्षकों ने ग्रामवासियों को जनगणना 2027 के बारे में दी जानकारी

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम के निर्देशानुसार विकास क्षेत्र निगोही के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी अभिभावको एवं ग्रामवासियों को जनगणना 2027 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी अभिभावको को 7 मई से 21 मई तक की जा रही स्व गणना के बारे में बताया गया एवं शिक्षकों के सहयोग से स्व गणना सम्पन्न कराई गई। प्राथमिक विद्यालय ईशापुर में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज ने ग्रामवासियों को जनगणना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 21 मई तक सभी लोग स्व गणना पूर्ण कर लें इसके बाद 22 मई से प्रगणक के द्वारा जनगणना का कार्य किया जाएगा, जिसमें आपको अपनी एसई आईडी प्रगणक को बतानी होगी जिसको प्रगणक के द्वारा सत्यापित किया जाएगा। संविलयन विद्यालय पतराजपुर में शिक्षकों के द्वारा ग्रामवासियों की स्व गणना कार्य कराया गया तथा इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह ने ग्रामवासियों को बताया कि 22 मई से 20 जून के मध्य प्रगणक आपके घर पर जब आए तब आप उसको सही जानकारी देकर इसको सत्यापित करा लें एवं इसके बाद 9 फरबरी 2027 से जनगणना का द्वितीय चरण प्रारम्भ होगा। जिनमें आपको परिवार के सदस्यों के बारे में जानकारी देनी होगी। संविलयन विद्यालय बरीलालपुर में इ.प्र.अ. पुत्तूलाल श्रीवास्तव के निर्देशन में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**रोजा-शाहजहांपुर।** नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने व मारपीट करने के आरोप में एक नाबालिग व उसके पिता दो अन्य भाईयों के विरूद्ध छात्रा के पिता ने पाक्सो एक्ट व मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कराया हैं। पुलिस ने मारपीट करने वाले पिता व दो पुत्रों का मारपीट की धाराओं में चालान कर दिया हैं। थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाले ने पुलिस को बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री स्कूल से घर आती जाती हैं तो बीच रास्ते में एक बर्तन व्यापारी का पुत्र उसकी पुत्री के साथ अक्सर छेड़छाड़ करता हैं। जब ये बात उसकी पुत्री ने बताई तो उसके यहां मंगलवार की शाम शिकायत करने गये तो आरोपी के पिता व दो पुत्रों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध पाक्सो एक्ट व पिता सहित दो पुत्रों के विरूद्ध मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने मारपीट करने वाले पिता व दोनों नामजद पुत्रों को मारपीट की धाराओं में गिरफ्तार कर चालान कर दिया। जबकि छेड़छाड़ करने वाला पुत्र फरार बताया जाता हैं।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष वन्यजीव संरक्षण के समक्ष एक बड़ी चुनौती है: पी.पी. सिंह, फील्ड डायरेक्टर, पीलीभीत



**पीलीभीत।** मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन हेतु अनुग्रह राशि दावा प्रक्रियाओं एवं बीमा संबंधी जागरूकता-सह-क्षमता निर्माण कार्यक्रम का दो दिवसीय प्रशिक्षण पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन शहीद कुंदन लाल सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बाघ मित्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पी.पी. सिंह, फील्ड डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष वन्यजीव संरक्षण के समक्ष एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि वनकर्मी एवं बाघ मित्र मिलकर इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। बाघ मित्र वनकर्मियों के पूरक के रूप में कार्य कर रहे हैं तथा उन्होंने अपनी मेहनत एवं समर्पण से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। प्रभागीय वनाधिकारी, पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने कहा कि विभाग की कोशिश होनी चाहिए कि पीड़ित परिवारों को समय पर अनुग्रह राशि का लाभ मिले तथा सरकार की अन्य योजनाओं के माध्यम से भी ऐसे परिवारों की सहायता सुनिश्चित की जाए। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी, भारत कुमार डी.के. ने कहा कि वर्तमान में फसलों की कटाई होने से खेत खाली है वन्यजीवों को छुपने का स्थान नहीं मि रहा है जिस कारन कुत्तों द्वारा शाकाहारी वन्यजीवों को घायल किए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सभी को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में पीलीभीत, माला, महोफ एवं बीसलपुर रेंज के वनकर्मियों, अधिकारियों एवं बाघ मित्रों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन में मुआवजे की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया, श्री नरेश कुमार द्वारा वन्यजीवों के कारण मनुष्य के घायल होने, मृत्यु, संपत्ति के नुकसान, पालतू पशुओं की हानि एवं कृषि फसलों के नुकसान से संबंधित मुआवजा प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप प्रभागीय वनाधिकारी रूद्र प्रताप सिंह, रेंजर अधिकारी विनीत कुमार, रोविन कुमार (माला), रेंजर मोहिद सिंह, शेर सिंह, राम भरत यादव, सुमित कुमार, एसपी वर्मा, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार सहित वन दरोगा, वनरक्षक एवं बाघ मित्र उपस्थित रहे।

# आरएमएल में नर्सेज डे पर कार्यक्रम आयोजित

▸ कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की चेयरमैन वर्षा गोस्वामी ने किया

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बड़ागांव स्थित आर.एम.एल. इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की चेयरमैन वर्षा गोस्वामी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक मथुरा प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान नर्सेज के सम्मान एवं प्रेरणा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। जिनमें नृत्य, गीत एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित भी किया गया। संस्थान की चेयरमैन वर्षा गोस्वामी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि नर्सें समाज एवं स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि एक नर्स केवल मरीजों की देखभाल ही नहीं करती, बल्कि उन्हें मानसिक शक्ति एवं आत्मविश्वास भी प्रदान कराती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन एवं मानवता की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान की प्राचार्या रितू मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होती हैं और उनका समर्पण, सेवा भावना एवं मानवता के प्रति योगदान अतुलनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव मरीजों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा अपने कर्तव्यों को ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यापक नरेंद्र कुमार, रवि कुमार, अभिषेक कुमार, सोनेंद्र शर्मा, नीरज मिश्रा, सशांत शुक्ला, शिवाली सिंह, मानसी चैहान, वंशिता मिश्रा, वंशिका वर्मा, अनन्या ओमर, साक्षी, ईशा जॉन, शीतल, शफक, अंशिका पटेल, ज्योति एवं प्रियंका आदि मौजूद रहे।

# जर्नल का हुआ विमोचन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नॉवेल एकेडमी पोखरा, नेपाल के द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले जर्नल ऑफ मैनेजमेंट एंड हेल्थ साइंस के मार्च 2026 अंक का विमोचन स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि कॉलेज के वाणिज्य संकाय एवं नॉवेल एकेडमी पोखरा के मध्य एक शैक्षणिक समझौता ज्ञापन (एकेडमिक एमओयू) चल रहा है जिसके अंतर्गत नॉवेल एकेडमी के द्वारा वर्ष में तीन-तीन माह के अंतराल पर चार बार इस जर्नल का प्रकाशन किया जाता है। जर्नल के मुख्य संपादक कॉलेज के वाणिज्य संकायाध्यक्ष एवं उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल हैं। इसके अतिरिक्त वाणिज्य संकाय के प्रो कमलेश गौतम संपादक एवं डॉ रूपक श्रीवास्तव उपसंपादक की भूमिका में हैं। जर्नल में लगभग 38 शोध पत्रों को संकलित किया गया है। ये शोध पत्र विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे जेनरेटिव एआई, डेटा विश्लेषण, दर्शन, पर्यटन उद्योग में नवाचार, म्युचुअल फंड, डिजिटल पेमेंट सिस्टम, वूमेन एंटरप्रेन्योरशिप, जीएसटी, बैंकिंग नवाचार, उत्पादों का खुदरा मूल्य, होम लोन, सस्टेनेबल कॉमर्स, बजट 2025 आदि पर विभिन्न विद्वानों का शोधपरक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो आदित्य कुमार सिंह, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ मनोज अग्रवाल, रश्मि राठौर सहित कॉलेज के अनेक शिक्षकों ने इस अवसर पर उपस्थित रहकर वाणिज्य संकाय को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## ट्रेन की चपेट में आ जाने से ग्रामीण की मौत

**तिलहर - शाहजहांपुर।** रेलवे ट्रैक के किनारे चलकर गांव जा रहे ग्रामीण की ट्रेन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को दिया भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव दलेला पुर निवासी सर्वेश कुमार 50 बुधवार रात किसी कार्यक्रम में शामिल होकर रेलवे ट्रैक के किनारे किनारे गांव जा रहे थे। इसी दौरान बंथरा के समीप डाउन लाइन पर गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ जाने से ट्रेन से कट गए और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। नगरिया मोड़ पुलिस चौकी इंचार्ज अनुज चौधरी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त होने के बाद सील कर पोस्टमार्टम को भेजा गया। सर्वेश की मौत की खबर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया।

# बिठौरा कलां में सुरक्षा को लेकर बनेगी नई पुलिस चौकी

**गजरौला, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**



बिठौरा कलां क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई पुलिस चौकी का निर्माण शुरू हो गया है। हाईवे किनारे पेट्रोल पंप के सामने स्थित एआरटीओ कार्यालय परिसर में विधिवत रूप से निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया।कार्यक्रम में गजरौला थाना अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया और निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। सीओ सिटी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में स्थापित हो रही यह नई चौकी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, सड़क दुर्घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई और आम नागरिकों को नजदीकी पुलिस सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हाईवे पर लगातार बढ़ते यातायात, मेडिकल कॉलेज, एआरटीओ कार्यालय और आसपास की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा यहां पुलिस चौकी की मांग की जा रही थी।नई पुलिस चौकी बनने के बाद क्षेत्र में गश्त व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी। आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी तथा अपराधियों पर सतर्क निगरानी रखी जा सकेगी। ग्रामीणों और व्यापारियों ने इस पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि नई पुलिस चौकी के निर्माण से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और लोगों के मन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ेगा।यह कदम बिठौरा कलां और आसपास के इलाके को और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास माना जा रहा है। निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जल्द से जल्द चौकी चालू हो सके।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम भूलवश मंगल कुमार गुप्ता दर्ज हो गया है, जोकि गलत है। जबकि वास्तविक नाम मंगलम बाथम है। भविष्य में मुझे इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**मंगलम बाथम पुत्र मुकेश कुमार गुप्ता मोहल्ला-कसभरा, तहसील व थाना पुवायां, शाहजहांपुर**

**नीलामी सूचना**

6 वोट शीशम की लकड़ी की नीलामी ग्राम पंचायत वैवहा के ग्राम-गोकुलपुर (नवदिया), परगना-कटरा, थाना-कटरा खुटागंज, शाहजहांपुर में होगी। इच्छुक व्यक्ति प्रकाशित सूचना के पांच दिवस में नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं।

**उप जिला अधिकारी तिलहर, शाहजहांपुर।**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा बैनामा प्लाट स्थित ग्राम जमौर तह. सदर, जिला-शाहजहांपुर क्षेत्रफल 74.33 वर्गमीटर प्रथम पक्ष अनूप कुमार गुप्ता पुत्र मथुरा प्रसाद गुप्ता द्वितीय पक्ष शकुंतला देवी पत्नी प्रेम नरायन बैनाम दिनांक 28.02.2020 वही प्रथम खंड 13206 पृष्ठ 111 से 140 क्रमांक 3092 जो वास्तव में खो गया। **विवेक कुमार सिंह एडवोकेट, डाक्टर राजेंद्र प्रसाद भवन चैम्बर नंबर 3,जजी कचहरी, शाहजहांपुर मो.7052041831**

# पीलीभीत में नीट पेपर लीक का विरोध, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री का दहन किया पुतला

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



नीट परीक्षा पेपर लीक घोटाले के विरोध में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा के नेतृत्व में गैस चौराहा, मेन मार्केट पर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और युवा जमा हुए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लगातार हो रहे परीक्षा घोटालों और पेपर लीक ने देश के करोड़ों मेहनतकश छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। युवा दिन-रात मेहनत करके परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन भ्रष्ट तंत्र उनकी मेहनत को बाजार में बेच रहा है।छात्र कांग्रेस नेताओं का बयानछात्र कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा और संदीप गंगवार ने कहा, यदि देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाएं भी सुरक्षित नहीं हैं तो यह सरकार और परीक्षा एजेंसियों की पूर्ण विफलता है। दोषियों को राजनीतिक संरक्षण देना बंद किया जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।युवा नेता हेमंत कुमार गैरोला ने कहा, देश का युवा अब चुप बैठने वाला नहीं है। छात्रों के सपनों का सौदा करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों और शिक्षा माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। नीट पेपर लीक केवल एक घोटाला नहीं, बल्कि करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य पर हमला है। यदि सरकार ने शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं की तो युवा सड़कों से संसद तक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों की तत्काल जांच कर उन्हें पद से हटाने और परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और युवाओं ने जोरदार नारेबाजी की और दोषियों को फांसी जैसी कठोर सजा देने की मांग की। जिला उपाध्यक्ष एनएसयूआई कमलेश लोधी, प्रदीप मौर्या, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद सूरज, मोहम्मद कामरान, सचिन, इकबाल अहमद, भुवनेश लोधी, मुन्नी, श्री कृष्णा गंगवार सहित बड़ी संख्या में युवा और छात्र प्रदर्शन में शामिल रहे।यह विरोध प्रदर्शन शिक्षा क्षेत्र में बढ़ते घोटालों और पेपर लीक की घटनाओं के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की सख्त प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है।

# पूरनपुर नगर पालिका परिषद ने अतिक्रमण को लेकर चलाया अभियान

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



नगर क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान कोतवाली रोड से प्रारंभ होकर पकड़िया, मेन बाजार, राधा माधव, स्टेशन चौराहा, शेरपुर क्रॉसिंग एवं सीमेंट रोड होते हुए पुनः कोतवाली तक संचालित किया गया। अभियान के दौरान सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए 35 दुकानदारों के चालान किए गए तथा कुल रु.16,300 का जुर्माना वसूल किया गया। अधिकारियों द्वारा दुकानदारों एवं आमजन को भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत भी दी गई। इस अभियान में अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित, प्रभारी निरीक्षक पवन पांडे, चौकी इंचार्ज अरुण कुमार, लेखा प्रभारी दिनेश भारती, अखिलेश मिश्रा, रविंद्र शर्मा, रियासत अली, अमित जायसवाल, राम शंकर, अमरीश वर्मा, बालक राम, गनी, सुरेश सहित पुलिस बल एवं नगर पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। नगर प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने एवं आमजन की सुविधा हेतु अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## सपनों पर लगा विराम

देश की सबसे बड़ी मैडीकल प्रवेश परीक्षा नीट-यू.जी. 2026 को रद्द किए जाने के निर्णय ने करोड़ों भारतीय परिवारों को झकझोर दिया है। लाखों विद्यार्थियों ने वर्षों की मेहनत, अनुशासन और मानसिक संघर्ष के बाद इस परीक्षा में भाग लिया था। कई अभ्यर्थियों ने दिन-रात की पढ़ाई, सामाजिक जीवन से दूरी और आर्थिक कठिनाइयों के बीच डाक्टर बनने का सपना संजोया था। लेकिन परीक्षा रद्द होने की खबर ने अचानक उन सपनों के आगे अनिश्चितता का धुंधला पर्दा खड़ा कर दिया है। परीक्षा आयोजन संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन.टी.ए.) ने कथित पेपर लीक और प्रश्नपत्र के कुछ हिस्सों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परीक्षा निरस्त करने का फैसला लिया। मामला अब जांच एजेंसियों तक पहुंच चुका है और विपक्ष केंद्र सरकार तथा परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठा रहा है। राजनीतिक बयानबाजी अपने स्थान पर है, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न उन विद्यार्थियों और अभिभावकों का है जिनकी महीनों नहीं बल्कि वर्षों की तपस्या इस घटनाक्रम से प्रभावित हुई है। भारत में नीट केवल एक परीक्षा नहीं है। यह मध्यम वर्गीय परिवारों के सपनों, संघर्षों और सामाजिक उन्नति की आकांक्षा का प्रतीक बन चुकी है। छोटे कस्बों और गांवों से आने वाले विद्यार्थी सीमित संसाधनों में पढ़ाई कर इस परीक्षा तक पहुंचते हैं। अनेक परिवार अपनी बचत कोचिंग संस्थानों और अध्ययन सामग्री पर खर्च कर देते हैं। ऐसे में परीक्षा रद्द होना केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं बल्कि लाखों परिवारों के भावनात्मक संतुलन पर भी सीधा आघात है। आज सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर विद्यार्थियों की आंखों में आंसू, अभिभावकों की चिंता और भविष्य को लेकर असमंजस साफ दिखाई दे रहा है। कई छात्र मानसिक तनाव में हैं। कुछ ने पहली बार परीक्षा दी थी, तो कुछ अंतिम प्रयास कर रहे थे। परीक्षा दोबारा होने का अर्थ है फिर वही मानसिक दबाव, फिर वही तैयारी और फिर अनिश्चितता का एक लंबा दौर। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सबसे बड़ी पूंजी उसकी निष्पक्षता होती है। यदि लाखों विद्यार्थियों के बीच कुछ लोगों को अनुचित लाभ मिला हो, तो परीक्षा परिणाम पर भरोसा समाप्त हो जाता है। इसलिए सरकार के सामने दो कठिन विकल्प थे। या तो विवादित परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए जाएं, जिससे ईमानदारी से मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ अन्याय होता, अथवा परीक्षा रद्द कर पुनः आयोजित की जाए, जिससे सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर मिल सके। स्पष्ट है कि दोनों स्थितियों में सबसे अधिक नुकसान विद्यार्थियों का ही होना था। यही कारण है कि इस पूरे प्रकरण को केवल राजनीतिक दृष्टि से देखने की बजाय शिक्षा व्यवस्था के व्यापक संकट के रूप में समझना होगा। पिछले कुछ वर्षों में देश की अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं पेपर लीक, तकनीकी गड़बड़ियों और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के आरोपों से घिरी रही हैं। कभी भर्ती परीक्षाएं निरस्त होती हैं, कभी परिणाम विवादों में घिर जाते हैं और कभी परीक्षा केंद्रों की अनियमितताएं सामने आती हैं। इससे युवाओं का भरोसा कमजोर होता जा रहा है। लाखों छात्र यह महसूस करने लगे हैं कि उनकी मेहनत से अधिक ताकत सिस्टम की कमजोरियों और भ्रष्ट नैटवर्क के हाथ में है। यदि देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक की गोपनीयता सुरक्षित नहीं रह पाती, तो व्यवस्था की विश्वसनीयता पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठेंगे। विपक्ष सरकार की आलोचना कर रहा है और इसे प्रशासनिक असफलता बता रहा है। लोकतंत्र में विपक्ष का यह अधिकार भी है और दायित्व भी। लेकिन इस संवेदनशील विषय पर केवल राजनीतिक लाभ-हानि की दृष्टि उचित नहीं होगी। विद्यार्थियों का भविष्य किसी दल की चुनावी रणनीति का माध्यम नहीं बनना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि सरकार, विपक्ष, शिक्षा विशेषज्ञ और परीक्षा एजेंसियां मिलकर स्थायी समाधान खोजें। सबसे पहले परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित बनाने की आवश्यकता है। प्रश्नपत्र निर्माण, परिवहन और वितरण की पूरी प्रक्रिया को आधुनिक डिजिटल निगरानी से जोड़ना होगा। परीक्षा केंद्रों पर सख्त व्यवस्था और जवाबदेही बढ़ानी होगी। जिन अधिकारियों या कर्मचारियों की लापरवाही सामने आए, उनके विरुद्ध त्वरित और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त कोचिंग संस्कृति पर भी गंभीर विमर्श आवश्यक है। मैडीकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के इर्द-गिर्द एक विशाल आर्थिक तंत्र खड़ा हो चुका है। प्रतियोगिता इतनी तीव्र हो गई है कि विद्यार्थी किशोरावस्था से ही दबाव में जीने लगते हैं। जब ऐसी परीक्षा विवादों में घिरती है, तो उसका असर केवल परिणाम तक सीमित नहीं रहता बल्कि युवाओं के आत्मविश्वास और सामाजिक विश्वास पर भी पड़ता है। नीट परीक्षा रद्द होना केवल एक प्रशासनिक घटना नहीं बल्कि देश की शिक्षा और भर्ती व्यवस्थाओं के सामने बहुत गंभीर चेतावनी संकेत है। यदि समय रहते कठोर और पारदर्शी सुधार नहीं किए गए, तो युवाओं का भरोसा लगातार कमजोर होता जाएगा। आज जरूरत दोषारोपण से अधिक संवेदनशीलता और सुधार की है।

# कृषि उद्यमिता व आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का नया अध्याय है एग्रीजंक्शन योजना

*डॉ. मनोज चन्द्रा*

उत्तर प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देने और ग्रामीण अंचल के शिक्षित युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना (एग्रीजंक्शन) एक युगांतरकारी पहल सिद्ध हो रही है। यह योजना केवल सरकारी अनुदान का माध्यम नहीं है, बल्कि ग्रामीण विकास और आधुनिक मेधा को जोड़ने वाला एक जीवंत सेतु है। वर्तमान परिदृश्य में, जहाँ पारंपरिक खेती कई चुनौतियों से जूझ रही है, वहीं एग्रीजंक्शन जैसी पहल एक नई रोशनी बनकर उभरी है, जो कृषि को लाभप्रद व्यवसाय में बदलने का सामर्थ्य रखती है।

**कृषि उद्यमिता की नई नींव और भविष्य की संभावनाएं:**-एग्रीजंक्शन योजना का मुख्य दर्शन ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादकता को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से बढ़ाना है। यह योजना कृषि स्नातकों को केवल डिग्री धारक से बदलकर एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करती है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह किसानों के लिए एक वन-स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करती है। यहाँ मिट्टी की सेहत की जांच से लेकर तकनीकी परामर्श और उच्च गुणवत्ता वाले खाद-बीज एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो जाते हैं। भविष्य की दृष्टि से देखें तो यह मॉडल खेती के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को डिजिटल और आधुनिक बनाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। इससे न केवल खेती की लागत में कमी आ रही है, बल्कि मा. प्रधानमंत्री जी के किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को भी प्रबल गति मिल रही है। यह योजना गाँवों से शहरों की ओर होने वाले पलायन को रोकने और युवाओं को अपनी माटी में ही सम्मानजनक आजीविका प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है।

**एग्रीजंक्शन स्वरूप, कार्यप्रणाली और चयन प्रक्रिया:**-प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना उत्तर प्रदेश के कृषि विभाग की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी पहल है। इस योजना के अंतर्गत कृषि, उद्यान या अन्य संबद्ध विषयों में स्नातक कर चुके युवाओं को स्वयं का कृषि सेवा केंद्र खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सरकार इन केंद्रों की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता के साथ-साथ ऋण पर ब्याज की सब्सिडी और शुरुआती वर्षों में दुकान के किराए में छूट जैसे विशेष प्रोत्साहन प्रदान करती है। एक एग्रीजंक्शन केंद्र पर पहुँचकर किसान न केवल अपनी फसल के लिए आवश्यक संसाधन जुटा सकता है, बल्कि वह सरकारी योजनाओं की सटीक जानकारी और विशेषज्ञों से सीधा संवाद भी कर सकता है।

योजना की सफलता इसकी पारदर्शी चयन और प्रशिक्षण प्रक्रिया में निहित है। जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति पूर्ण निष्पक्षता के साथ योग्य अभ्यर्थियों का चयन करती है। इसके पश्चात, चयनित युवाओं को व्यवसाय प्रबंधन, इन्वेंट्री कंट्रोल और आधुनिक कृषि तकनीक की बारीकियों का सघन प्रशिक्षण दिया जाता है। यह प्रशिक्षण उन्हें एक पेशेवर व्यवसायी के रूप में तैयार करता है ताकि वे अपने केंद्र को एक लाभप्रद संस्थान की तरह संचालित कर सकें। इसमें उन युवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाती है जो स्वयं कृषि पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही, बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर ऋण प्रक्रिया को इतना सुगम बनाया गया है कि पूंजी का अभाव किसी भी मेधावी युवा के उद्यमिता के सपने में बाधक न बन सके।



### डबल इंजन सरकार का प्रोत्साहन और आर्थिक लक्ष्य

*उत्तर प्रदेश में केंद्र की सरकार और राज्य की सरकार की डबल इंजन कार्यप्रणाली ने इस योजना को अभूतपूर्व विस्तार प्रदान किया है। सरकार ने न केवल इसके बजट में भारी वृद्धि की है, बल्कि लाइसेंसिंग की जटिल प्रक्रियाओं और ऋण आवंटन में आने वाली व्यावहारिक बाधाओं को भी सख्ती से दूर किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के विजन के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर एग्रीजंक्शन केंद्रों की स्थापना का लक्ष्य तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। सरकार इन केंद्रों को खाद, बीज और कीटनाशक वितरण के लाइसेंस प्रदान करने में प्राथमिकता दे रही है। इसके अतिरिक्त, डिजिटल इंडिया अभियान के साथ इन केंद्रों को पोर्टल के माध्यम से जोड़कर व्यवस्था में पूरी पारदर्शिता लाई गई है। प्रदेश सरकार की यह सक्रियता उत्तर प्रदेश के एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। जब एग्रीजंक्शन केंद्रों के माध्यम से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी, तो ग्रामीण क्षेत्रों की क्रय शक्ति में स्वतः ही वृद्धि होगी। कृषि आधारित उद्योगों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला कच्चा माल स्थानीय स्तर पर सुलभ होगा, जिससे निर्यात के नए अवसर खुलेंगे। शिक्षित युवाओं द्वारा संचालित ये केंद्र न केवल आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रसार करेंगे, बल्कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि के योगदान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। प्रदेश के जनपद बिजनौर के ग्राम नवादा, किरनपुर के निवासी श्री विपुल कुमार ने मोअज्जमपुर रोड किरतपुर बिजनौर में अपनी एग्रीजंक्शन केन्द्र को अच्छे ढंग से चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की बी.एस.सी. एग्रीकल्चर उत्तीर्ण युवाओं के लिए एग्रीजंक्शन केन्द्र/वन स्टॉप सेंटर की योजना संचालित की है। इस योजना के अंतर्गत 12 दिन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद सरकार द्वारा खाद, बीज और कीटनाशक दवा का निःशुल्क लाइसेंस भी दिया गया। एग्रीजंक्शन केन्द्र खोलने के लिए हमें 3.50 लाख रुपये का 50 प्रतिशत ब्याज छूट के साथ ऋण प्राप्त हुआ। इसी के साथ एक साल का दुकान का किराया भी सरकार ने दिया है। हमारे केन्द्र पर किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद, बीज, दवा मिलती है और किसानों को खेती की पूरी जानकारी भी दी जाती है, जिससे वे उत्पादन बढ़ा रहे हैं। युवाओं की हितैषी प्रदेश सरकार का हम दिल से आभार व्यक्त करते हैं।*

**भारतीय कृषि की बदलती तस्वीर और स्नातकों के लिए वरदान:**- एग्रीजंक्शन योजना भारतीय कृषि की उस पारंपरिक छवि को तोड़ रही है जहाँ खेती को केवल श्रम का कार्य माना जाता था। अब तकनीक और डेटा आधारित खेती का युग है। जब किसानों को इन केंद्रों के माध्यम से मिट्टी परीक्षण की रिपोर्ट और उसके आधार पर उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की सलाह मिलती है, तो वे रसायनों के अनावश्यक व्यय से बचते हैं। तकनीक और युवा मेधा का यह संगम भारत में प्रिसीजन फार्मिंग यानी सटीक खेती की बुनियाद रख रहा है। उत्तर प्रदेश के गाँवों में तैयार हो रहा यह नेटवर्क भविष्य की आधुनिक खेती की मजबूत रीढ़ बनेगा।

विशेष रूप से कृषि स्नातकों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। अब युवा नौकरी की तलाश करने वाले जॉब सीकर के बजाय जॉब क्रिएटर की भूमिका में आ गए हैं। यह योजना उन्हें समाज में एक विशिष्ट पहचान और स्वाभिमान के साथ व्यवसाय करने का अवसर प्रदान करती है। एक कृषि स्नातक जब अपना केंद्र संचालित करता है, तो वह केवल एक विक्रेता नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवेश में एक कृषि डॉक्टर के रूप में प्रतिष्ठित होता है। सरकार की वित्तीय सहायता और बैंक ऋण का सुरक्षा कवच उन्हें एक स्थिर स्टार्ट-अप वातावरण देता है, जिससे उनके शैक्षिक ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग सुनिश्चित होता है।

**आत्मनिर्भर भारत और स्वरोजगार का संगम:**- देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के विजन को एग्रीजंक्शन योजना धरातल पर चरितार्थ कर रही है। यह स्वरोजगार का एक ऐसा तार्किक और तथ्यपूर्ण मॉडल है जो सीधे तौर पर देश की सबसे बड़ी श्रमशक्ति, यानी किसानों से जुड़ा है। जब एक ग्रामीण युवा आत्मनिर्भर बनता है, तो वह अपने केंद्र के माध्यम से कई अन्य लोगों को भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करता है। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था में धन के चक्रीय प्रवाह को बढ़ाती है और स्थानीय स्तर पर आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करती है। तथ्यों के धरातल पर देखें तो एग्रीजंक्शन केंद्रों की निरंतर बढ़ती लोकप्रियता इस बात का प्रमाण है कि युवा अब कृषि को एक उच्च स्तरीय व्यावसायिक उपक्रम मान रहे हैं। यह योजना सीधे तौर पर ग्रामीण विकास, बेरोजगारी उन्मूलन और भारत के स्वर्णिम भविष्य के सपने को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

एग्रीजंक्शन योजना केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण भारत के पुनरुत्थान का एक संकल्प है। यह शिक्षा, तकनीक और उद्यमिता का एक ऐसा अनूठा संगम है जो आने वाले दशकों में उत्तर प्रदेश की आर्थिक और सामाजिक नियति को नई दिशा देने वाला है। राष्ट्र का भविष्य तभी सुरक्षित और उज्ज्वल है जब हमारा अन्नदाता सशक्त होगा और हमारा शिक्षित युवा अपनी जड़ों से जुड़कर विकास की नई गाथा लिखेगा। एग्रीजंक्शन इस दिशा में एक प्रेरक मशाल की तरह है, जो हर उस युवा को आमंत्रित करती है जो अपनी कड़ी मेहनत और ज्ञान के बल पर समाज में बड़ा बदलाव लाना चाहता है। इसी गति और निष्ठा के साथ यह योजना आगे बढ़ रही है और वह दिन दूर नहीं जब उत्तर प्रदेश का प्रत्येक गाँव आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होगा और भारत पुनः विश्व के कृषि मानचित्र पर एक समृद्ध शक्ति बनकर उभरेगा।

विचार

# सनातन पर हमले का ना खत्म होने वाला सिलसिला



*संजय सक्सेना*

12 मई 2026 को तमिलनाडु विधानसभा में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने करोड़ों सनातनियों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाई। डीएमके नेता और नवनिर्वाचित नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन ने विधानसभा में नये मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के सामने खड़े होकर यह कहा कि सनातन धर्म लोगों को बांटने का काम करता है, इसलिए इसे जड़ से मिटा देना चाहिए। यह बयान किसी साधारण मंच पर नहीं, बल्कि एक संवैधानिक सदन में दिया गया, जो इसकी गंभीरता को और अधिक बढ़ा देता है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में यह उनका पहला आधिकारिक भाषण था, जिसमें उन्होंने द्रविड़ विचारधारा को सदन में मजबूती से रखने के उद्देश्य से यह तीखा रुख अपनाया।

वहीं नये-नवेले मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने उदयनिधि के बयान पर ठंडा रुख अख्तियार करके साबित कर दिया कि उन्हें उदयनिधि की सोच से कोई फर्क नहीं पड़ता है। यह पहली बार नहीं है जब उदयनिधि ने ऐसा जहर उगला हो। सितंबर 2023 में उन्होंने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और कोरोना जैसी बीमारियों की संज्ञा देते हुए कहा था कि जिस तरह इन बीमारियों को खत्म करना जरूरी है, उसी तरह सनातन धर्म को भी समूल नष्ट कर देना चाहिए। उस बयान के बाद देशभर में भारी विरोध हुआ और मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँचा। सुप्रीम कोर्ट और मद्रास हाईकोर्ट ने उनके बयान पर कड़ी टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एक मंत्री होने के नाते उन्हें अपने शब्दों की जिम्मेदारी समझनी चाहिए। लेकिन इन सबके बावजूद उदयनिधि न केवल बेखौफ रहे, बल्कि डीएमके सरकार ने पुराने बयान पर कोई कार्रवाई करने की बजाय उन्हें प्रमोशन देकर डिप्टी सीएम बना दिया था। और अब, विधानसभा चुनाव में करारी हार झेलने के बाद भी उनकी अकड़ ढीली नहीं हुई और उन्होंने वही बयान दोहरा दिया।

खैर, तमिलनाडु की राजनीति में सनातन धर्म के प्रति यह विरोध किसी अचानक उभरी प्रवृत्ति का नाम नहीं है। उदयनिधि स्टालिन का यह भी कहना है कि तमिलनाडु में पिछले 100 सालों से सनातन धर्म के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं और वे अगले 200 सालों तक भी इसके खिलाफ बोलना जारी रखेंगे। यह बयान द्रविड़ आंदोलन की उस विचारधारा की जड़ों से जुड़ा है जिसकी नींव पेरियार और अन्नादुरई जैसे नेताओं ने रखी थी। तमिलनाडु में जिस तरह की राजनीति का बोलबाला है, उसमें हिंदू धर्म की आलोचना को प्रगतिशील राजनीति का प्रतीक माना जाता है। एक वरिष्ठ मंत्री बहुसंख्यक धर्म के खिलाफ इतना अपमानजनक बयान दे और फिर भी बिना किसी राजनीतिक नुकसान के कुर्सी पर बना रहे, यही तमिलनाडु की राजनीतिक संस्कृति की वास्तविकता है। हालाँकि हाल के विधानसभा चुनाव में डीएमके को भारी हार का सामना करना पड़ा, जो यह दर्शाता है कि तमिलनाडु की जनता का एक बड़ा वर्ग अब इस राजनीति से ऊब चुका है। नई सरकार थलपति विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम के नेतृत्व में बनी है, जो इस बात का संकेत है कि प्रदेश में सनातन विरोध की राजनीति को जनता ने अस्वीकार करना शुरू किया है। फिर भी, डीएमके का वही रवैया बरकरार है जो दशकों से चला आ रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि सनातन धर्म के विरुद्ध यह राजनीतिक अभियान केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला का आरोप है कि कांग्रेस, टीएमसी, राजद, सपा और डीएमके का एक ही प्लान है सनातन हिंदू का अपमान और वोट बैंक की दुकान। यह आरोप हवाई नहीं है, क्योंकि इन दलों के नेताओं के बयानों की एक लंबी फेहरिस्त है। समाजवादी पार्टी के सांसद अफजल अंसारी ने महाकुंभ 2025 को लेकर व्यंग्य करते हुए कहा था कि अगर कुंभ स्नान से सच में पाप धुलते हैं तो नरक तो खाली हो जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी महाकुंभ को लेकर विवादित बयान देते हुए सनातन धर्म की मान्यताओं पर कटाक्ष किया और यहाँ तक कह दिया कि महाकुंभ जैसी कोई चीज है ही नहीं। तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए हिंदू देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जो लोग दो शादी करते हैं उनके लिए अलग भगवान हैं और जो शराब पीते हैं उनके लिए अलग भगवान हैं। कमल हासन ने भी राज्यसभा सांसद बनने के बाद एक कार्यक्रम में दावा किया कि शिक्षा ही वह एकमात्र हथियार है जो तानाशाही और सनातन धर्म की जंजीरों को तोड़ सकती है। राजद की राजनीति भी इस मामले में कम आक्रामक नहीं रही। मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए लालू प्रसाद यादव ने सनातन विरोधी राजनीति को अपने दल की पहचान बनाया और आडवाणी को जेल में डालने जैसे कदम उठाए। इन तीनों दलों की रणनीति स्पष्ट है कि मुस्लिम और दलित वोट बैंक को एकजुट करने के लिए सनातन धर्म को निशाना बनाओ, उसे जाति-आधारित उत्पीड़न का प्रतीक बताओ और प्रगतिशील राजनीति का चेहरा पेश करो। इस पर अधिकांश विपक्षी दलों ने रचनात्मक विकल्प देने की बजाय हिंदू द्वेष को ही अपनी रणनीति का केंद्र बना लिया। उनकी चुनावी राजनीति इस धारणा पर टिकी है कि सनातन धर्म का विरोध कर वे अपने अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत बना सकते हैं। इस रणनीति का मकसद हिंदू धर्म को बदनाम करना और उससे जुड़े मुद्दों को अविश्वसनीय ठहराना है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसी अन्य धर्म के बारे में ऐसा बयान दिया जाए तो देश में भूचाल आ जाता है, लेकिन सनातन धर्म के विरुद्ध खुलेआम उन्मूलन की बात करने पर कानूनी शिकंजा क्यों नहीं कसता? भारतीय दंड संहिता की धारा 295-ए धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर आहत करने को दंडनीय अपराध मानती है। इसके अलावा धारा 153-ए धर्म, जाति, भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने पर दो साल तक की सजा का प्रावधान करती है। लेकिन इन धाराओं का प्रयोग सनातन के अपमानकर्ताओं के खिलाफ शायद ही कभी प्रभावी ढंग से हो पाता है। बता दें, भारतीय संविधान देश को एक पंथनिरपेक्ष लोकतंत्र घोषित करता है और विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। लेकिन यही पंथनिरपेक्षता एकतरफा होकर रह जाती है, जब एक धर्म विशेष को निशाना बनाना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और दूसरे धर्म की आलोचना सांप्रदायिक मान ली जाती है। समस्या यह है कि धर्म के विरुद्ध घृणा और जातिगत व्यवस्था की आलोचना के बीच की रेखा को अदालतें बहुत ढीले ढंग से व्याख्यायित करती हैं। इसी कारण राजनेता सनातन को सीधे निशाने पर लेकर भी कानूनी पकड़ से बाहर निकल जाते हैं।

जहाँ तक भाजपा सरकार के 12 साल के कार्यकाल का सवाल है, तो सरकार ने भारतीय न्याय संहिता के रूप में नई आपराधिक संहिता लागू की, लेकिन धार्मिक भावनाओं को आहत करने से संबंधित प्रावधान मूल रूप में ही रहे। कोई नया विशेष कानून नहीं बना जो विशेष रूप से सनातन धर्म के अपमान पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कर सके। हाँ, एनएसए और यूएपीए का प्रयोग धार्मिक उग्रवाद रोकने के लिए जरूर हुआ, पर राजनेताओं के बयानों पर यह हथियार नहीं चला। जब तक संसद में स्पष्ट कानून नहीं बनता जो किसी भी धर्म के उन्मूलन की माँग करने वाले बयान को राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा मानकर अभियोजन का आधार बनाए, तब तक यह खेल यूँ ही चलता रहेगा। किसी को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि सनातन धर्म भारत की सभ्यता का मूल आधार है। यह किसी राजनीतिक दल की सम्पत्ति नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति और जीवन-दर्शन है। इसके विरुद्ध हर बार उठने वाली आवाज़ें जब दण्डमुक्त रहती हैं, तो यह लोकतंत्र और संविधान दोनों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती हैं। समय आ गया है कि राजनीतिक लाभ के लिए धर्म को अपमानित करने की इस प्रवृत्ति पर संसद, न्यायपालिका और समाज तीनों एकजुट होकर लगाम लगाएँ। वहीं, सनातन धर्म मानने वालों को भी ऐसी घटनाओं का अपने स्तर पर जोरदार विरोध करना चाहिए।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

साहित्य



## सवालों के घेरे में व्यवस्था

**संजय एम तराणेकर**

*नीट का पेपर जब लीक हुआ,*
*हरेक सपना जैसे ध्वस्त हुआ।*
*अथक मेहनत की रातें रो पड़ीं,*
*ईमान की राहें जैसे खोई पड़ीं।*
*जिस शिक्षा पर था देश टिका,*
*वहीं भरोसे का एक दीप बुझा।*
*कागज़ के कुछ टुकड़ों ने फिर,*
*लाखों का भविष्य उजाड़ दिया।*
*यूं अब सरकारों की चौखट पर,*
*जनता का प्रश्नचिन्ह खड़ा होगा।*
*इस युग कैसे गोपनीय दीवारों से,*
*प्रश्न-पत्र बाहर फैला पड़ा होगा?*
*बच्चे दिन-रात एक किये हुवे थे,*
*आशा-अपेक्षा लेकर आगे बढ़े थे।*
*क्यों उनकी आँखों के सपनों पर,*
*स्वार्थियों के काले रंग चढ़े हुए थे?*
*सीबीआई की कठोर जांच चले,*
*सच्चाई के पहरे में हर द्वार खुले।*
*इसके दोषी चाहे जितने बड़े हों,*
*न्याय के आगे उनका शीश झुके।*
*शिक्षा मंदिर कहलाता है देश का,*
*सबको इसका सम्मान बचाना है।*
*मेहनत करने वाले हरेक मन को,*
*फिर विश्वास का दीप दिलाना है।*
*(संदर्भ- नीट यूजी-2026 पेपर लीक)*



## राशिफल

**मेषः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। संवेदनशील मन पुरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओतप्रोत होगा।

**वृषभः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। भौतिकता से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगी।

**मिथुनः-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करें।

**कर्कः-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा।

**सिंहः-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतः उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्याः-** वाणी पर नियंत्रण रखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। पूर्वत् स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार हैं।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाएं सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। परिजनों के दुख-सुख के प्रति चिंतित होंगे।

**वृश्चिकः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा।

**धनुः-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईर्ष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकरः-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**कुंभः-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा।

**मीनः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। ईरीय आस्था हर स्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव।

# पेट्रोल संकट का दीर्घकालीन समाधान भारत के पास है

*कुलभूषण उपमन्यु*

ईरान, इजराइल-अमेरिका युद्ध ने वैश्विक स्तर पर खनिज तेल आधारित ऊर्जा व्यवस्था को डांवाडोल कर दिया है। भारतवर्ष पर इसका खासा असर होना स्वाभाविक है क्योंकि हमारी 85 फीसद ऊर्जा जरूरतें आयात के माध्यम से ही पूरी होती हैं और इसका बड़ा भाग मध्य पूर्वी देशों से ही आता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री नौवहन में युद्ध के कारण आई रुकावट के चलते यह स्पष्ट हो चुका है कि इस तरह की स्थितियां देश की घरेलू, औद्योगिक, और सैनिक जरूरतों के लिए घातक साबित हो सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में युद्ध के चलते खनिज तेल की कीमतें दुगनी हो चुकी हैं।

सरकार ने अभी तक तो घरेलू ऊर्जा जरूरतों पर बढ़ी हुई कीमतों का उतना असर नहीं होने दिया है किन्तु लंबे समय तक ऐसा कर पाना संभव नहीं होगा। इस समस्या के दीर्घकालीन समाधान को ध्यान में रख कर ही सरकार ने एथनोल को पेट्रोल में मिला कर पेट्रोलियम पदार्थों की मांग कम करने का प्रयास शुरू किया है। एथनोल के प्रयोग को लगातार बढ़ाते जाने की योजना पर काम हो रहा है, लेकिन इसकी भी सीमा है जिससे आगे एथनोल उत्पादन संभव नहीं होगा। हमारे पास और भी संसाधन हैं जिनके योजनाबद्ध उपयोग से हम उर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में बड़ा योगदान कर सकते हैं। हमारे पास कृषि अपशिष्ट और गोबर का प्रचुर भंडार है, जिससे मीथेन, सीएनजी, पीएनजी बना कर खनिज तेल की आयात जरूरतों को कम किया जा सकता है। फिलहाल उपलब्ध गोबर का उपयोग करने पर क्या स्थितियां बनेंगी इस पर विचार करते हैं।



देश में 2025 की पशु गणना के अनुसार 193.50 करोड़ गोवंश और 109.85 करोड़ भैंस हैं। कुल 303.35 करोड़ ऐसा पशु धन है जिनके गोबर से मीथेन गैस बनाई जा सकती है। एक किलो मीथेन गैस बनाने के लिए लगभग 30 किलो गोबर चाहिए, जो हमें दो पशुओं से दैनिक प्राप्त हो सकता है। इस तरह 150 करोड़ किलो गैस प्रतिदिन बनाई जा सकती है। साल में कुछ कमीबेशी को छोड़ दें तो 300 दिन का गिनते हैं। इससे 45000 करोड़ किलो गैस प्रतिवर्ष बनाई जा सकती है।

इसको टन में बदल लें तो 45 करोड़ टन हुए। एक सिलिंडर में 15 किलो गैस के हिसाब से एक टन से 66 सिलेंडर भरे जा सकते हैं। 45 करोड़ टन से 2970 करोड़ सिलेंडर भरे जाएंगे। देश की आबादी को 140 करोड़ मानते हुए औसत पांच प्राणियों का परिवार मानते हुए 28 करोड़ परिवार हुए। यदि हर महीने प्रति परिवार एक सिलेंडर की खपत मान कर चलें तो 12 महीने में 336 करोड़ सिलेंडर की खपत होगी। जबकि हमारे पास संसाधन 2970 करोड़ सिलेंडर भरने की है। यानि इस क्षमता का 15-20 प्रतिशत दोहन भी कर लिया जाए तो घरेलू खपत को पूरा किया जा सकता है और इससे आगे व्यवसायिक खपत की भी गुंजाइश रह जाती है। हर घर में गोबर गैस प्लांट बनाना शायद संभव नहीं होगा किन्तु कुछ में तो संभव होगा। शेष संसाधन को वाणिज्यिक स्तर पर बड़े और आधुनिक तकनीक पर कार्य करने वाले गोबर गैस प्लांट बना कर ऊर्जा सुरक्षा की ओर आत्मनिर्भर कदम बढ़ाया जा सकता है, और आयात बिल और विदेशी मुद्रा को भी बचाया जा सकता है। जिस तरह एथनोल उत्पादन कार्य को गंभीरता से तेज गति से बढ़ाया गया है यदि उसी भावना से गोबर गैस उत्पादन को भी वाणिज्यिक स्तर पर प्रोत्साहन दे कर आगे बढ़ाया जाए तो बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है।

इससे किसानों को भी गोबर उपलब्ध करवाने के बदले अतिरिक्त कमाई हो सकती है। इस प्रक्रिया में गैस तो निकल जाती है, शेष गोबर, डाईजेस्टर में अच्छी तरह सड़ कर बाहर आता है जो ज्यादा गुणवत्ता पूर्ण खाद होता है। इसके अलावा फसलों के अपशिष्ट, पराली या गेहूं के अपशिष्ट भी सीएनजी, पीएनजी बनाने के लिए उपयोग कर लिए जाएं तो काफी बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस के आयात में कमी आ सकती है।

फसल अपशिष्ट से सीएनजी बनाने के कुछ संयंत्र तो शुरू भी हो चुके हैं। इन सब कामों के लिए तकनीक तो हमारे पास उपलब्ध ही है केवल राजनीतिक इच्छा शक्ति और दृढ़ संकल्प से आरंभ करने की बात है। फसल अपशिष्ट इस तरह इस्तेमाल कर लेने से उन्हें जलाने के कारण होने वाले प्रदूषण और उससे होने वाली बीमारियों और असमय मौतों से भी बचा जा सकता है। इस कार्य में भी कुछ कठिनाइयां तो आएंगी किन्तु अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक गुलामी से मुक्ति भी तो मिलेगी।

**(लेखक, पर्यावरणविद और हिमालय नीति अभियान के अध्यक्ष हैं)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में 20 मई को राष्ट्रव्यापी बन्दी



फतेहपुर। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसियेशन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा की ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में 20 मई को फ़तेहपुर में दवा व्यापार बंद रहेगा। कहा केन्द्र व राज्य स्तर पर विभिन्न प्राधिकरणों के सक्षम लोगों के बार बार निवेदन करने के बावजूद औषधि व्यापार एवं जन स्वास्थ को प्रभावित करने वाले मुद्दे अब तक अनसुलझे है यह स्थित अब अत्यन्त चिन्ताजनक स्तर पर पहुंच गई है जिससे लाखों केमिस्टस तथा लगभग 4 से 5 करोड़ आश्रितों की आजीविका पर संकट उत्पन्न हो गया हैं, अतः राष्ट्रीय संस्था एआईओसीडी ने लंबे समय से लंबित मुद्दों के विरोध स्वरूप 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बन्द का आवाह्न किया है। इस अवसर पर किशन मेहरोत्रा चेयरमैन सुमित रस्तोगी, अध्यक्ष राजेश सोनी, महासचिव मनोज मिश्रा, संस्थापक सदस्य गगन अग्रवाल, राजा गुप्ता, लोकेंद्र सिंह, राजीव कुमार, यतीश रायजादा, प्रतियोग प्रताप बेटू यादव, ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव, सचिन कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार साहू, राहुल विश्वकर्मा सहित तमाम लोग रहे।

### ट्रक आपरेटर एसोसिएशन की शिकायत की जांच में भिन्नता पाए जाने पर आयुक्त ने जताई नाराजगी

महोबा। उत्तर प्रदेश गिट्टी मोरंग ट्रक ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन एवं अन्य पदाधिकारियों की शिकायत के बाद की गई जांच में भिन्नता पाए जाने पर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा ने नाराजगी जताते हुए जिला अधिकारी को पत्र भेज कर नियमानुसार खनिज बैरियर वसूली कराई जाने की अपेक्षा की है। बताया है कि उत्तर प्रदेश गिट्टी मोरंग ट्रक ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन एवं अन्य पदाधिकारीयों द्वारा खनिज परिवहन वसूली व्यवस्था अनुसार कराए जाने की मांग पर की गई अधिकारियों की जांच में आयुक्त ने भिन्नता पाई है। जिसका संज्ञान लेते हुए जिला अधिकारी को पत्र में खनिज परिवहन शुल्क की बसूली उपविधि 2025 के अनुसार कराए जाने एवं किसी भी दशा में अवैध परिवहन वसूली न होने की अपेक्षा की गई है। आयुक्त द्वारा भेजे पत्र में कहा है कि शिकायत के बाद 6 मई 2026 को जांच आख्या भेजी गई, जिसमें क्षेत्राधिकारी पुलिस महोबा एवं उपजिलाधिकारी महोबा की जांच आख्या 30 अप्रैल 2026 में उल्लेखित किया गया है कि पसवारा रोड, लवकुश रोड एवं कबरई बाईपास रोड में स्थित जिला पंचायत के खनिज परिवहन वसूली हेतु कोई बैरियर नहीं लगाया गया है। पूर्व वर्षों की भांति ही इनके द्वारा स्थलों पर रोड किनारे खनिज परिवहन वसूली पर्ची कटाकर अपने गंतव्य स्थान को चले जाते हैं। निरीक्षण के समय अवैध एवं ज्यादा वसूली का तत्व प्रकाश में नहीं आया है और न ही किसी वाहन के चालक द्वारा बताया गया है जबकि अपर जिला अधिकारी (न्यायिक) महोबा एवं डिप्टी कलैक्टर सेकंड महोबा द्वारा की गई जांच आख्या 7 अप्रैल 2026 की प्रेषित करते हुए उल्लेखित किया गया है कि पहरा और कबरई बाईपास के मुख्य मार्ग पर बिना बैरियर, बिना अवरोध लगाएं चेक स्थल संचालित किया जा रहे हैं, साथ ही यह भी पाया है कि अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों से भी यह शुल्क वसूली की जा रही है, जो संबंधित ठेकेदार का कृत्य जिला पंचायत के अनुबंध उपविधि 2025 के अनुकूल नहीं है तथा अनुबंध करता से अनुपालन कराए जाने का उल्लेख किया गया है। 7 अप्रैल 2026 और 30 अप्रैल 2026 की जांच आख्या विरोधाभाषी है। आयुक्त बांदा ने जिला अधिकारी को पत्र में कहा है कि जिला पंचायत विधि 2025 में यह व्यवस्था दी गई है कि बसूली कर्ता उदगम स्थल नदी मार्ग, ऐसे स्थान पर नियत किए जाएंगे जहां पर यातायात अवरुद्ध न हो। खनिज उदगम स्थल का अर्थ बालू, मौरंग, सिरका सैण्ड आदि समस्त स्वीकृत खनिज पट्टे जनपद महोबा एवं पत्थर, गिट्टी, भस्सी एवं अन्य खनिज उत्खनन स्थल से है।

### बकरियां चोरी होने पर पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार



कुलपहाड़, महोबा। कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र के गांव सुगिरा में तीन बकरियां की दिनदहाड़े चोरी हो गई कार सवाल लोगों ने घर के बगल में बंधी बकरियां चोरी कर ली जिसकी सूचना कुलपहाड़ पुलिस को दी गई है। महंगी कीमत होने के कारण बकरियों की चोरी आम बात हो गई है इसके पूर्व में भी बकरी चोरी की घटनाएं हुई है गुरुवार दोपहर 12:00 बजे अमन वाल्मीकि के घर के बगल में शीशम के पेड़ के नीचे तीन बकरियां जो विदेशी नस्ल की है बंधी हुई थी तभी कार सवाल लोगों ने गाड़ी बैक करने के बहाने वहां रोकी और बकरियों की रस्सी काटकर कार में रखकर फरार हो गए जब तक लोग समझ पाते तब तक बकरी चोर फरार हो चुके थे पीड़ित अमन वाल्मीकि ने बताया कि हर दिन की तरह बकरियां शीशम के पेड़ के नीचे बंधी हुई थी सफेद कार आई और उन्होंने बकरियां चुरा ली जिन रस्सियों से बकरियां बंधी थी वह कटी पाई गई पीड़ित ने इसकी शिकायत कुलपहाड़ पुलिस में की है को पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### एट टोल के पास चलती कार बनी आग का गोला, चार धमाकों से दहला हाइवे



उरई (जालौन)। गुरुवार को उरई-एट टोल के समीप उस समय हड़कंप मच गया जब झांसी की ओर जा रही एक चलती हुई ब्रेजा कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई और लगातार चार जोरदार धमाकों से पूरा इलाका दहल उठा। गनीमत रही कि कार में सवार सभी लोग समय रहते बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ब्रेजा कार नंबर यूपी 93 बीसी 8325 में कुल चार लोग सवार थे, जिनमें करीब 3 वर्षीय बच्ची नव्या भी शामिल थी। कार में सवार डॉ. नमो नारायण, जो दयानंद वैदिक कॉलेज में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर हैं वह अपने साथी प्रभात दुबे तथा अन्य दो लोगों के साथ उरई से झांसी की ओर जा रहे थे। बताया गया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के पेट्रोल पंप से ईंधन भरवाने के करीब 7 से 10 किलोमीटर बाद अचानक कार से धुआं निकलने लगा और कुछ ही क्षणों में वाहन आग की लपटों में घिर गया। आग इतनी भीषण थी कि कार के चारों टायर एक-एक कर धमाकों के साथ फट गए। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। आग की भयावहता के चलते करीब आधे घंटे तक हाईवे के दोनों ओर यातायात पूरी तरह बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रभात दुबे ने तत्काल जालौन पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह को फोन कर घटना की जानकारी दी, जबकि डॉ. नमो नारायण ने 112 आपात सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही एट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही ऐट टोल मैनेजर के.के. शुक्ला भी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। प्रशासन की तत्परता, यात्रियों की सूझबूझ और ईश्वर की कृपा से सभी लोग सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे, हालांकि कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना के बाद इलाके में काफी देर तक दहशत का माहौल बना रहा।

### बारहवीं की परीक्षा में स्वर्णिका ने प्राप्त किए 90.8 प्रतिशत अंक, नगर का बढ़ाया मान

कालपी (जालौन)। नगर की वरिष्ठ शिक्षिका एवं आर्य कन्या पाठशाला इंटर कालेज की पूर्व प्रधानाचार्य खुन्नी देवी स्वर्णकार की नातिन कु. स्वर्णिका स्वर्णकार ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा में 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस सफलता से परिवार, विद्यालय एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम 13 मई को घोषित किया गया। नगर के सदर बाजार निवासी संदीप स्वर्णकार की पुत्री स्वर्णिका स्वर्णकार ने वाणिज्य वर्ग से 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से नगरवासियों में हर्ष व्याप्त है तथा लोग उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। स्वर्णिका नगर स्थित सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल कालपी की छात्रा हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कश्यप के मार्गदर्शन एवं शिक्षकों की मेहनत ने छात्रा को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वर्णिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को दिया है। मेधावी छात्रा स्वर्णिका ने बताया कि वह आगे चलकर लेखा विशेषज्ञ बनना चाहती हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करेंगी। उनकी इस सोच और सफलता की नगरवासी सराहना कर रहे हैं। स्वर्णिका की इस सफलता पर परिवार में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। पूर्व प्रधानाचार्य खुन्नी देवी स्वर्णकार ने अपने पुत्र संदीप स्वर्णकार, नवनीत स्वर्णकार एवं परिवार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में नातिन का फूलमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जैसे ही शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों एवं नगरवासियों को स्वर्णिका की सफलता की जानकारी मिली, बधाई देने वालों का तांता लग गया। लोगों ने छात्रा की मेहनत, लगन एवं अनुशासन की प्रशंसा करते हुए इसे नगर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



नहर कॉलोनी में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा नेत्री उत्प्रेक्षा द्विवेदी के नेतृत्व में महिलाओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान हमीरपुर- महोबा संसदीय क्षेत्र के सपा सांसद द्वारा प्रधानमंत्री के विरुद्ध अप शब्दों का प्रयोग किए जाने को लेकर जमकर प्रदर्शन किया गया और कहा इस तरीके की अशोभनीय टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा पद की गरिमा को कम से कम ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर भी इन लोगों ने निशाना साधा और कहा की कम से कम उनको अपने सांसदों और विधायकों को भी प्रशिक्षण देना चाहिए जो इस तरीके की टिप्पणी न करें। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण, भाजपा जिला महामंत्री सुशीला मौर्य, वंदना द्विवेदी, ज्ञाना पासवान, निशा सिंह, रिंकी जायसवाल, सुनीता गुप्ता, ममता श्रीवास्तव, कल्पना सिंह, लक्ष्मी मौर्य सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## असोथर की बेटी ने बढ़ाया मान, सीबीएसई इंटर में 91.89 फीसदी अंक किया हासिल



असोथर, फतेहपुर। प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती। असोथर नगर पंचायत की होनहार छात्रा दिव्यांशी सिंह ने सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में 91.89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही परिवार में खुशी का माहौल छा गया और बधाई देने वालों का तांता लग गया। नगर पंचायत असोथर के वार्ड नंबर 15 निवासी दिनेश प्रताप सिंह, जो भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के महामंत्री हैं, उनकी भतीजी दिव्यांशी सिंह की इस सफलता पर परिजनों में उत्साह है। माता माया सिंह और पिता शिवप्रताप सिंह ने बेटी को फूल-माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। दिव्यांशी रायबरेली स्थित न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्यालय की छात्रा हैं। वह शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। इससे पहले हाईस्कूल परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। अब इंटरमीडिएट में 91.89 प्रतिशत अंक हासिल कर उन्होंने अपनी सफलता की कहानी में नया अध्याय जोड़ दिया है। विद्यालय परिवार ने भी छात्रा की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सम्मानित किया। परिजनों ने बताया कि दिव्यांशी का लक्ष्य भविष्य में देश सेवा करना और समाज के लिए बेहतर कार्य करना है। दिव्यांशी की सफलता से असोथर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में भी उत्साह है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है।

## प्रधानमंत्री का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान के भाजपाइयों ने लगाये नारे

उरई (जालौन)। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में महोबा से समाजवादी पार्टी के सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कलेक्ट्रेट परिसर पर किया गया। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ नागरिकों की आशा, विश्वास एवं नए भारत के संकल्प के प्रतीक हैं। उनके विरुद्ध की गई इस प्रकार की टिप्पणी न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं का अपमान है, बल्कि देश की जनता की भावनाओं को भी आहत करने वाली है भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सम्मानजनक राजनीतिक परंपराओं की रक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, जलशक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जेडीसी बैंक के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह, संजीव उपाध्याय, विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेंगर, प्रशांत द्विवेदी, अशोक राठौर, रेखा वर्मा, मीनू मिश्रा, ऊषा गुप्ता, अनीता सोलंकी, रंजन अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, मांडवी शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी, जगदीश तिवारी, रामू दुबे, अजीत सिंह जन प्रतिनिधिगण, जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षगण एवं ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहे।

# खाकी बाबा की कुटी में लगेगा आस्था का महाकुंभ

▸ पुरुषोत्तम मास महोत्सव व श्रीराम महायज्ञ का दिव्य आयोजन

प्रेमनगर, फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



खागा तहसील थाना सुल्तानपुर घोष अंतर्गत खाकी बाबा कुटी वेदांती आश्रम खरगूपुर बरगला नौबस्ता घाट में अध्यात्म का लगने जा रहा है एक माह का दिव्य महाकुंभ। विदित है कि विगत वर्षों की भांति हर तीसरे वर्ष ज्येष्ठ माह में पुरुषोत्तम मास महोत्सव व श्रीराम महायज्ञ का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जाता है। और इस वर्ष भी यह कार्यक्रम बड़े ही भव्य एवं दिव्य तरह से किया जा रहा है। पुरुषोत्तम मास महोत्सव के इस कार्यक्रम को लेकर आस पास के क्षेत्रों में खुशी एवं अध्यात्म वातावरण दिखाई दे रही है। जिससे ग्रामीणों में एक अलग ही उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है।

**कार्यक्रम सूची:** कार्यक्रम का शुभारंभ 16 मई से 15 जून तक हरिनाम संकीर्तन, 2 जून से 8 जून तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा, 6 जून से 14 जून तक श्री रामचरित मानस नवाहन परायण पाठ, 8 जून से 14 जून तक श्रीराम महायज्ञ प्रारंभ, जलयात्रा 8 जून प्रातः 8 बजे से,9 जून से 14 जून तक श्रीराम चरित मानस प्रवचन के सभी कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुए है। अध्यात्म का ऐसा महाकुंभ जहां अनेकों संतों का आगमन हो रहा है, जहां अध्यात्म चिंतन से लेकर अध्यात्म चर्चा की जानकारी दी जाएगी। और आस पास के ग्रामीणों का कहना कि ये हमारा परम सौभाग्य है, जहां हमें बड़े बड़े प्रकांड एवं विद्वान महापुरुषों एवं संत समागम के दर्शन करने को प्राप्त हो रहा है।

जहां क्षेत्र का नाम और ये हमारे कर्म नहीं तो क्या, कार्यक्रम के मुख्य आयोजक, साकेतवासी, श्रीश्री1008 रामलखन दास महाराज (वेदांती) जिनके मध्य यह कार्यक्रम कई वर्षों से आयोजित किया जाता था, पूर्व में उनके साकेतवास हो जाने के कारण आश्रम का मुख्य कार्य भार श्रीश्री 1008, रामबालक दास महाराज (वेदांती) को को सौंप दी गई। जहां पूर्व में 1 एक कार्यक्रम को सकुशल एवं दिव्य तरह संपन्न करवाया था। 1008, रामबालक दास महाराज (वेदांती) ने ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि यह कार्यक्रम आप सभी का है इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए और इस कार्यक्रम में सहयोग करें धन्यवाद।

# थाना कबरई पुलिस टीम ने तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

महोबा, समृद्धि न्यूज।





जनपद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वारंटी/ वांछित अभियान के तहत थाना कबरई पुलिस टीम ने एक पाक्सो एक्ट में वांछित सहित तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफतार करने में सफलता मिली है। जिन्हें न्यायालय भेजा गया है। अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। इस अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष कबरई सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के कुशल निर्देशन में टीम गठित कर उ.नि. गौरव चौबे मय हमराह कां. अंकित दुबे एवं रि.आ. सुजीत कुमार द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए दो नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण प्रदीप वर्मा पुत्र बरातीलाल उम्र लगभग 21 वर्ष एवं बरातीलाल पुत्र गरीबा उम्र लगभग 50 वर्ष, समस्त निवासीगण मोहल्ला विशालनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा, जो कि थाना कबरई पर पंजीकृत मुअसं 100/26 धारा 352/115(2)/351(3) बीएनएस से संबंधित थे, को मोहल्ला विशालनगर शमशानघाट वाले रास्ते थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी उपरांत अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया है। इसी प्रकार थाना कबरई में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 87/26, धारा 87/137 (2)/65(1) बीएनएस एवं 4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त दिलीप अनुरागी 19 निवासी भवानीपुर, बांदा को गिरफतार करने में सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

## सपा सांसद के खिलाफ सड़क पर उतरे भाजपाइयों ने प्रदर्शन कर की माफी की मांग



महोबा, समृद्धि न्यूज।

बीते दिनों महोबा में स्मार्ट मीटर सहित 11 सूत्रीय जनसमस्याओं को लेकर किए गए प्रदर्शन के दौरान महोबा-हमीरपुर-तिन्दवारी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद अजेन्द्र लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी से नाराज भाजपाइयों ने आज जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट परिसर पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए सपा सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सपा सांसद माफी मांगों,अखिलेश यादव शर्म करो,सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी माफी मांगों,जैसे नारे लगाये गए । इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष,सदर विधायक,ब्लॉक प्रमुख,नगर पालिका और पंचायत अध्यक्षों सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बता दें कि बीते दिनों स्मार्ट मीटर सहित 11 सूत्रीय जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी के आवाहन पर किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान हमीरपुर-महोबा-तिन्दवारी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी का वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद से जनपद सहित समूचे प्रदेश के भाजपाइयों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। आज कलेक्ट परिसर में इकट्ठा हुए भाजपाइयों ने महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ विभा पुरवार के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी कर सांसद अजेंद्र सिंह लोधी से बिना शर्त माफी की मांग की है।प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद के चित्र को पैरों तले रौंद कर आक्रोश जताया गया। सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए भाजपाइयों ने कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान हम नहीं सहेंगे। देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी सपा नेताओं की मानसिकता को दर्शाता है। आज देश के प्रधानमंत्री विश्व के नेता के रूप में उभरकर सामने आए हैं ये विपक्ष को सहन नहीं हो रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने कहा कि सपा नेता हताश हैं और अब इन्हें जनता जवाब दे चुकी है। पश्चिम बंगाल में हुई जीत के बाद विपक्ष हताश हो चुका है इसीलिए इस तरह की बयानबाजी इनके नेता कर रहे हैं। सदर विधायक सहित जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख ने सपा सांसद के खिलाफ प्रदर्शन कर समाजवादी पार्टी और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर भी तीखा हमला बोला। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, ब्लॉक प्रमुख पनवाड़ी अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी, कुलपहाड़ नगर पंचायत चेयरमैन वैभव अरजरिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो वर्षों से कटी सड़क बनी जानलेवा, गहरी खाई में गिरकर युवक घायल

रामपुरा (जालौन)। जगम्मनपुर-कुठौंद मार्ग पर ग्राम लिड़ऊपुर से करीब एक किलोमीटर दूर विलौहां गेट के पास लगभग दो वर्षों से सड़क कटी हुई है, जिससे वहां करीब 25 फीट गहरी खाई बन गई है। गुरुवार दोपहर करीब 11 बजे इसी खाई में गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर करीब। 11 बजे ग्राम मकटौरा (बहादुरपुर) निवासी अनूप कुमार तिवारी (35) पुत्र कृष्ण स्वरूप तिवारी, जो नगर पालिका भिंड में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं, मोटर साइकिल से अपने गांव से ड्यूटी पर भिंड जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गहरे नाले में जा गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज उरई पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क कटान के कारण बनी यह गहरी खाई पिछले दो वर्षों से दुर्घटनाओं का कारण बनी हुई है। अब तक कई लोग इसमें गिरकर घायल हो चुके हैं तथा एक महिला सहित कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ग्राम लिड़ऊपुर निवासी पूर्व सैनिक उपेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि जगम्मनपुर से कुठौंद को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि कई बार यहां पुल निर्माण की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है।

## अवैध खनन पर प्रशासन सख्त, रात में चली ताबड़तोड़ कार्रवाई

▸ डीएम के निर्देश पर चुर्खी रोड पर 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज, मचा हड़कंप

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।



जनपद में अवैध खनन एवं राजस्व क्षति रोकने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी उरई ज्योति सिंह के नेतृत्व में गठित टास्क फोर्स समिति ने कल देर रात चुर्खी रोड क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान बिना वैध अनुमति मिट्टी का परिवहन कर रहे 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर पकड़ लिया गया। जांच में आवश्यक अभिलेख एवं वैध प्रपत्र प्रस्तुत न किए जाने पर सभी वाहनों को तत्काल सीज कर फैक्ट्री एरिया चौकी में बंद कराया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। उप जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों एवं नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि खनन से जुड़े सभी कार्य शासन की निर्धारित प्रक्रिया एवं वैध अनुमति के अनुसार ही किए जाएं। प्रशासन द्वारा देर रात की गई इस कार्रवाई को अवैध खनन के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे और नियम विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिला कारागार उरई में डीएम ने बेकरी यूनिट का किया शुभारंभ

▸ अब बंदियों को मिलेगा ताजा ब्रेड-बिस्किट, कारागार से पुलिस लाइन तक होगी आपूर्ति

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला कारागार उरई में बंदियों के पुनर्वास, कौशल विकास एवं बेहतर भोजन व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बेकरी कक्ष एवं अत्याधुनिक बेकरी मशीन का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने कारागार प्रशासन को निर्देशित किया कि मशीन से तैयार होने वाले उत्पादों का उपयोग बंदियों के नाश्ते एवं भोजन व्यवस्था में किया जाए, साथ ही भविष्य में पुलिस लाइन, अन्य सरकारी संस्थानों में भी इन उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि सुधार और आत्मनिर्भरता का केंद्र होना चाहिए। बंदियों को कौशल आधारित गतिविधियों से जोड़ने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा भविष्य में उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने की नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन बंदियों के पुनर्वास और रोजगारपरक प्रशिक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है। जेल अधीक्षक नीरज देव ने बताया कि स्थापित बेकरी मशीन के माध्यम से कारागार में ब्रेड, बिस्किट एवं अन्य बेकरी उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इन उत्पादों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पहल बंदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के साथ-साथ कारागार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। जिलाधिकारी ने शुभारंभ के उपरांत कारागार परिसर में संचालित अन्य निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जेलर प्रदीप कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल बर्मन, उप कारापाल अमर सिंह, संगेष कुमार सहित कारागार का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# ‘साथी पोर्टल’ के माध्यम से ही होगा बीज उत्पादन, स्टॉक प्रबंधन एवं विक्रय

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जिला कृषि अधिकारी राजित राम द्वारा बताया गया कि कृषि निदेशालय एवं शासन के निर्देशानुसार कृषकों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा बीज व्यवसाय को डिजिटल, पारदर्शी एवं ट्रेसिबल बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा विकसित ‘साथी पोर्टल के माध्यम से बीज उत्पादन, स्टॉक प्रबंधन, स्थानांतरण एवं विक्रय की समस्त कार्यवाही अनिवार्य रूप से की जाएगी। प्रदेश एवं जनपद के कृषि विश्वविद्यालयों तथा अभिजनक बीज उत्पादक संस्थानों द्वारा अभिजनक बीज का उत्पादन एवं विक्रय सास्थी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। कृषि, पशुपालन, उद्यान विभाग उ0प्र0 बीज विकास निगम एवं अन्य संबंधित संस्थाएं आवश्यक बीजों के सापेक्ष अभिजनक बीज की मांग भी इसी पोर्टल के माध्यम से प्रेषित करेंगी।

सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी संस्थाएं, निगम, निजी फर्म/कंपनियां एवं एफपीओ को उ0प्र0 राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में पंजीकरण कराकर सास्थी पोर्टल के माध्यम से बीज उत्पादन करना होगा, जिन्हें बीज उत्पादक एजेंसी के रूप में मान्यता दी जाएगी। उ0प्र0 राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा फसल पंजीयन, क्षेत्र निरीक्षण, निरीक्षण रिपोर्ट, बीज वर्ग एवं श्रोत सत्यापन, सैम्पलिंग, परीक्षण रिपोर्ट, टैग एवं प्रमाणपत्र जारी करने की समस्त प्रक्रिया डिजिटल रूप से पोर्टल पर संपादित की जाएगी। बीज प्रसंस्करण संयंत्रों पर बीज की आवक, प्रसंस्करण, पैकिंग, लॉट निर्माण एवं नमूना ग्रहण की प्रविष्टियां साथी पोर्टल पर अनिवार्य होंगी, साथ ही भौतिक रजिस्टर भी रखा जाएगा। बीज उत्पादक एजेंसी द्वारा स्टॉक स्थानांतरण, विक्रय एवं वापसी केवल साथी पोर्टल के माध्यम से ही की जाएगी तथा अपंजीकृत डीलर/डिस्ट्रीब्यूटर के साथ बीज व्यवसाय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

जनपद के समस्त डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर, बीज विक्रेता, सहकारी एवं सरकारी बीज विक्रय केंद्रों का साथी पोर्टल पर ऑन बोर्ड होना अनिवार्य है। किसान स्तर तक के सभी लेनदेन का डिजिटल रिकॉर्ड पोर्टल पर रखा जाएगा। पोर्टल पर प्रदर्शित स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में अंतर पाए जाने पर बीज अधिनियम 1966, बीज नियम 1968, बीज नियंत्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

टुथफुल (सीड) बीज का स्टॉक प्रबंधन एवं विक्रय भी साथी पोर्टल के रैपिड/होलिस्टिक मॉड्यूल के माध्यम से किया जाएगा।

सभी बीज परीक्षण प्रयोगशालाओं को भी साथी पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। कृषकों को साथी पोर्टल से बीज क्रय करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री की अपील पर डीएम पैदल पहुंचे कार्यालय

- जनपदवासियों एवं अधिकारियों से पैदल चलने व पेट्रोलियम पदार्थों की बचत के लिए सहयोग की अपील



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**

प्रधानमंत्री की अपील के क्रम में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह आज अपने आवास से कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय तक पैदल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनपदवासियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से पैदल चलने, पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने तथा वर्तमान परिदृश्य में पेट्रोलियम पदार्थों की बचत हेतु जागरूक रहने का संदेश दिया।अपर जिलाधिकारी (वि/रा) श्री निरंकार सिंह भी जिलाधिकारी के साथ पैदल चले। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव अपनाकर राष्ट्रहित में योगदान देने का आह्वान किया गया है। उन्होंने जनपदवासियों एवं अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि जहां संभव हो, वहां पैदल चलने की आदत विकसित करें, जिससे पेट्रोलियम पदार्थों की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही ऐसे प्रयास सफल होते हैं तथा समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित होता है।

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगाया गया विशेष शिविर

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सरवन टिकठा में फार्मर रजिस्ट्री के लिए विशेष कैंप आयोजित किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवाई, जिससे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने बताया कि कैंप की सूचना गांव-गांव प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों तक पहुंचाई गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि किसानों तक सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अत्यंत आवश्यक है। कैंप के दौरान किसानों के दस्तावेजों का सत्यापन कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कराई गई।

## जूडो पुरुष व महिला वर्ग के रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा स्थित अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बहुउद्देशीय हॉल में 51वीं अन्तर जनपदीय जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता (जूडो, वुशु, ताईक्वाण्डो, कराटे एवं पेंचक सिलाट) गोरखपुर जोन, गोरखपुर वर्ष-2026 का भव्य शुभारम्भ किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस विभाग के खेल एवं शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसमें गोरखपुर जोन के विभिन्न जनपदों के प्रतिभागी खिलाड़ी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक द्वारा मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा गोरखपुर जोन के विभिन्न जनपदों गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, सिद्धार्थनगर, बस्ती, कुशीनगर एवं संतकबीरनगर से आयी कुल 10 टीमों के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने जनपद का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा विधिवत फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर 03 दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ कराया गया।

# अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन सख्त जेसीबी से ध्वस्त कराया अवैध कब्जा

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। तिलकपुरवा मजरा खरिका फूल में नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी की मौजूदगी में खलिहान की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को जेसीबी से ध्वस्त कर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और अवैध कब्जेदारों में दहशत का माहौल बन गया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी राजस्व टीम और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने सरकारी जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से गिरा दिया। मौके पर असंदरा थाना पुलिस भी मुस्तैद रही, जिससे पूरे अभियान के दौरान शांति व्यवस्था बनी रही। नायब तहसीलदार ने बताया कि खलिहान की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा लगातार अवैध निर्माण कराया जा रहा था। लेखपाल की ओर से कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद कब्जेदार निर्माण कार्य बंद नहीं कर रहे थे, जिसके बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए यह कार्रवाई की। प्रशासन ने संबंधित लोगों को चेतावनी दी है कि भविष्य में सरकारी भूमि पर कब्जे का प्रयास किया गया तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कार्रवाई से गांव में संदेश तो गया है, लेकिन तहसील क्षेत्र के अन्य ग्राम पंचायतों में भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे अब भी बरकरार हैं। लोगों का आरोप है कि कई जगह कागजी रूप से भूमि कब्जा मुक्त दिखाई जाती है, जबकि वास्तविकता में स्थिति अलग है। उन्होंने प्रशासन से पूरे क्षेत्र में व्यापक स्तर पर अभियान चलाने की मांग की है।



## खबरें एक नजर में

### कोषागार में पेंशनरों की स्व-जनगणना संपन्न



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार कोषागार में पेंशनरों की स्व-जनगणना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोषागार लेखाकार कृष्ण मोहन द्वारा उपस्थित पेंशनरों से स्व-जनगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। इस अवसर पर पेंशनर सुरेंद्र बहादुर सिंह, राम अभिलाष सिंह, श्यामलाल मौर्य, त्रियुगीनारायण त्रिपाठी, राम बलवान मिश्रा एवं चंद्र मोहन त्रिपाठी सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पेंशनरों को स्व-जनगणना के महत्व एवं उसकी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा सभी से निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया।

### दूसरी मंजिल से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के केशरीपुर गांव में बुधवार देर रात एक व्यक्ति दूसरी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार केशरीपुर गांव निवासी पप्पू सिंह (45) पुत्र नंद किशोर सिंह बुधवार रात करीब 11 बजे अपने घर की दूसरी मंजिल पर सो रहा था।इसी दौरान अज्ञात कारणों से वह अचानक नीचे जमीन पर लगी कच्ची ईटों पर गिर गया।तेज आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. देशराज ने बताया कि घायल के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।सर में गंभीर चोट लगने के कारण हेड इंजरी की आशंका है।प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।चिकित्सकों के अनुसार जिला अस्पताल में विस्तृत जांच के बाद ही घायल की स्थिति स्पष्ट हो।



## कादू नाला में नहाने गए दो युवकों की डूबने से दर्दनाक मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र स्थित कादूनाला में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतकों की पहचान पश्चिम गांव दौलतपुर लोनहट निवासी नदीम पुत्र नसीर उम्र 21 वर्ष एवं शहीम पुत्र जलील उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों युवक बाइक से घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा तलाश किए जाने पर कादूनाला किनारे उनकी बाइक और कपड़े मिले, जिसके बाद अनहोनी की आशंका गहरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नाले में सर्च अभियान चलाया, जहां काफी मशक्कत के बाद दोनों युवकों के शव बरामद किए गए।

## जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर युवक पर फायरिंग, बाल-बाल बची जान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर हुए विवाद के बाद युवक पर फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली मुसाफिरखाना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और जानमाल की सुरक्षा की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के पूरे चौहान मजरे पूरे पहलवान निवासी गोविंद बीते 13 मई को अपने मित्र अखिलेश के साथ कस्बा मुसाफिरखाना गया था। आरोप है कि वहां उसकी मुलाकात करण पुत्र राम कुमार लोनिया निवासी सरैया सबलशाह से हुई। इसी दौरान इंस्टाग्राम पर उसकी मां को लेकर की गई कथित अभद्र पोस्ट को लेकर कहासुनी हो गई। पीड़ित का आरोप है कि जब वह वापस घर जा रहा था, तभी रास्ते में करण और उसके साथ मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए हत्या की नीयत से उस पर कट्टे से फायर कर दिया गया। हालांकि युवक झुक गया, जिससे गोली उसके कंधे के बगल से निकल गई और उसकी जान बच गई। तहरीर में यह भी कहा गया है कि आरोपी दोबारा गोली भरने लगा, तभी साथ में मौजूद मित्र अखिलेश ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वीडियो बनता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग उसके मित्र के पास मौजूद है। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। पीड़ित ने पुलिस से चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने तथा अपनी और अपने मित्र की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।



# चोरों ने महिला के घर को बनाया निशाना लाखों के जेवर व नकदी लूटे

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलखरी डीह गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक महिला के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पीड़िता ऊषा मिश्रा पत्नी सुजीत मिश्रा ने संग्रामपुर थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार रात करीब 12 बजे तक परिवार के सदस्य जाग रहे थे, जिसके बाद सभी सो गए। सुबह लगभग 5 बजे उठने पर कमरे और अलमारी का ताला टूटा मिला। अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और गुल्लक में रखे करीब 10 हजार रुपये गायब थे। घर का सामान भी बिखरा पड़ा था, जिससे अंदेशा है कि चोरों ने काफी देर तक घर खंगाला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। बाद में पीड़िता ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संदिग्धों की तलाश के लिए क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और जल्द खुलासे का दावा किया जा रहा है।



# नहर में मासूम का शव उतराता बरामद

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर बाराबंकी।**

घुंघटेर थाना क्षेत्र के बाबागंज-टिकैतगंज नहर में हाजीपुर गांव के पास गुरुवार को तीन वर्षीय मासूम का शव उतराता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मासूम तीन दिन से लापता था।मृतक की पहचान जनपद सीतापुर के अटरिया थाना क्षेत्र के डेवहरा गांव निवासी दिव्यांश (3) पुत्र मेवालाल कश्यप के रूप में हुई।वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। परिजनों के अनुसार दिव्यांश मंगलवार को अचानक घर से लापता हो गया था।काफी तलाश के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो देर शाम अटरिया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।परिजनों ने बच्चे की खोजबीन रिश्तेदारी, नातेदारी के अलावा आसपास के तालाबों, नहरों और जंगलों में भी की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। गुरुवार दोपहर करीब दो बजे अटरिया पुलिस ने परिजनों को सूचना दी कि घुंघटेर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव के पास नहर में एक बालक का शव उतराता मिला है।ग्रामीणों ने शव देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी थी।मौके पर पहुंचे पिता मेवालाल कश्यप ने शव की पहचान अपने पुत्र दिव्यांश के रूप में की। बेटे का शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घुंघटेर थाना प्रभारी अभय कुमार मौर्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



# महिला से झुमकी लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** थाना हैदरगढ़ पुलिस ने महिला से झुमकी लूट की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पीली धातु का टूटा हुआ झुमका, 10,240 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम ने डिजिटल डेटा और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर कार्रवाई करते हुए तारागंज अंडरपास से मोहम्मद कैफ पुत्र शाह आलम निवासी कैलाश कुंज, फैजाबाद रोड थाना गाजीपुर जनपद लखनऊ तथा मोहम्मद फहद खान पुत्र मोहम्मद जावेद निवासी तीरगंज थाना सतरिख जनपद बाराबंकी, वर्तमान पता बड़ी पकड़िया थाना मड़ियाव जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 30 अप्रैल 2026 को थाना हैदरगढ़ क्षेत्र के दादूपुर गांव में एक महिला के कान से सोने की झुमकी छीनी थी।इस संबंध में थाना हैदरगढ़ में मुकदमा संख्या 149/26 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय, अतिरिक्त निरीक्षक शैलेश यादव, उपनिरीक्षक रणजीत सिंह यादव, हेड कांस्टेबल करूणेन्द्र पटेल,कांस्टेबल नीरज चौधरी, मनोज कुमार तथा सर्विलांस टीम के कांस्टेबल प्रवीन कुमार और रविन्द्र कुमार शामिल रहे।



# समस्त एकेडमिक रिसोर्स पर्सन व राज्य संसाधन समूह के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** जनपद सीतापुर के खैराबाद स्थित भूमिजा प्रेक्षागृह में समस्त एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) एवं राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य आगामी महीनों में विद्यालयों में किए जाने वाले सहयोगात्मक पर्यवेक्षण को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाना था। इस दौरान विद्यालय भ्रमण के दौरान आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से उनके व्यावहारिक समाधान निर्धारित किए गए। कार्यशाला के तकनीकी सत्र मुख्य रूप से तीन विषयों पर केंद्रित रहे। बहुस्तरीय (मल्टीग्रेड) कक्षाओं में आने वाली समस्याओं के समाधान, प्रभावी कक्षा प्रबंधन, तथा डेटा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए0आई0) के उपयोग द्वारा ब्लॉक स्तर की शैक्षिक प्राथमिकताओं को पोस्टरों के माध्यम से शिक्षकों तक पहुँचाने की रणनीति शामिल रही। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने एआरपी की भूमिका को जनपद की शैक्षिक गुणवत्ता सुधार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें अकादमिक नेतृत्व प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय भ्रमण के दौरान संदर्शिका के प्रभावी उपयोग, शिक्षक डायरी के नियमित अवलोकन, निपुण तालिकाओं के सतत अद्यतन, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर के उपयोग तथा विद्यालयों के भौतिक परिवेश को आकर्षक एवं शिक्षणोपयोगी बनाने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने सभी एआरपी को जनपद के मध्यम श्रेणी के विद्यालयों को गोद लेकर उन्हें निपुण विद्यालय की श्रेणी में लाने का आह्वान किया। इसके अंतर्गत प्रत्येक एआरपी द्वारा चयनित विद्यालयों के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी तथा खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उनकी त्रैमासिक समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के आधार पर आवश्यक शैक्षिक हस्तक्षेप सुनिश्चित किए जाएंगे ताकि इन विद्यालयों को शीघ्र ही निपुण विद्यालयों के रूप में विकसित किया जा सके। कार्यशाला में जनपदीय एसआरजी टीम, निपुण सेल टीम, जिला समन्वयक (निपुण) एवं जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) ने मुख्य वक्ता के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन, उपचारात्मक शिक्षण, डेटा आधारित योजना निर्माण तथा विद्यालयों में सतत निगरानी की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा द्वारा किया गया। अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं एवं आयोजन से जुड़े अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हुए आशा व्यक्त की कि कार्यशाला में लिए गए निर्णय जनपद के विद्यालयों को निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में नई गति प्रदान करेंगे।



# जनगणना स्व-गणना अभियान में लाये तेजी : डीएम

- प्रदेश में 39वीं रैंक पर डीएम नाराज
- पंचायत सहायकों और ग्राम सचिवों को गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने के दिये निर्देश



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे स्व-गणना अभियान एवं सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सहायकों और ग्राम सचिवों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिकाधिक लोगों की स्व-गणना कराई जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में लोगों को ऑनलाइन स्व-गणना की सरल प्रक्रिया से अवगत कराया जाए, ताकि जनपद लक्ष्य के अनुरूप बेहतर प्रगति कर सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि स्व-गणना प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित एवं सुविधाजनक है। इसमें किसी फोटो अपलोड की आवश्यकता नहीं है और ओटीपी सत्यापन के माध्यम से नागरिक आसानी से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने स्व-गणना पूर्ण होने के बाद प्राप्त कोड सुरक्षित रखने की सलाह भी दी। अब तक जनपद में करीब नौ हजार नागरिक स्व-गणना कर चुके हैं। प्रदेश स्तर पर जनपद की 39वीं रैंक पर असंतोष जताते हुए जिलाधिकारी ने मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में देवेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पालिकाध्यक्ष का तीन वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे का 3 वर्ष का कार्यकाल आज पूर्ण हो गया। उपलब्धियों से भरे इस कार्यकाल को उन्होंने जनसेवा और विकास का सफर बताया। मनोज दुबे ने कहा यह सफर केवल पद का नहीं, बल्कि नगर की सेवा, विकास और जनविश्वास का रहा है। इन तीन वर्षों में स्वच्छता अभियान, सड़कों का निर्माण व सुधार, प्रकाश व्यवस्था, एसटीपी प्लांट, स्टेडियम, गौशाला, तालाबों का सुंदरीकरण, तिरंगा तिराहा, पार्कों का विकास और प्रतीक्षालय जैसी अनेक जनसुविधाओं को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने हर निर्णय में जनहित को सर्वोपरि रखा। मनोज दुबे ने नगर की सम्मानित जनता, वरिष्ठजनों, माताओं-बहनों, युवाओं और सभी सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया जिनके आशीर्वाद और विश्वास ने उन्हें निरंतर प्रेरित किया। उन्होंने संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी छिबरामऊ को स्वच्छ, सुंदर, विकसित और आदर्श नगर बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करते रहेंगे।

# प्रिया शाक्य ने आंगनबाड़ी सहायिकाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

- 100 स्मार्टफोन भी किए वितरित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तहसील सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने छिबरामऊ परियोजना की नवचयनित 5 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 100 स्मार्टफोन वितरित किए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने विकूपुर से सरिता तिवारी, नगला भजा से सुनीता, बिश्रामपुर से नैन्सी राजपूत, अचनकापुर से सुचिता एवं नगला बलदेव से अल्पना शाक्य को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी व्यवस्था सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी कड़ी है। तकनीक से सशक्त होकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं मातृ-शिशु पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित सेवाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचा सकेंगी। स्मार्टफोन वितरण से अब वे वास्तविक समय में डेटा अपलोड कर पाएंगी, जिससे योजनाओं का बेहतर मॉनिटरिंग और क्रियान्वयन संभव होगा। सीडीपीओ रमाकांती ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहल न केवल नवचयनित सहायिकाओं के उत्साहवर्धन का माध्यम बनी, बल्कि आंगनबाड़ी सेवाओं के डिजिटलीकरण और सुदृढ़ क्रियान्वयन की दिशा में भी एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुई है। कार्यक्रम में मुख्य सेविकाएं प्रतिभा, स्नेहा, सोनाक्षी, शिवानी एवं नम्रता सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, पुलिस ने नीचे उतारा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तालग्राम थाना क्षेत्र के सिलुआपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत और समझाइश के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। बताया गया कि ग्राम सितुआपुर स्थित एक बैनामाशुदा प्लाट को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि प्लाट पर निर्माण कार्य के लिए ईंट, मौरंग और गिट्टी डलवाई गई थी, लेकिन कुछ लोग कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं और निर्माण कार्य में बाधा पहुंचा रहे हैं। मामले में गाली-गलौज और धमकी देने के भी आरोप लगाए गए हैं। इसी विवाद और जमीन बिक्री के रुपये न मिलने से नाराज युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। टावर पर चढ़ने के बाद उसने काफी देर तक हंगामा किया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने युवक को नीचे उतरने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी मांगों पर अड़ा रहा। सूचना मिलने पर तालग्राम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाने का प्रयास किया। काफी देर चली बातचीत और कार्रवाई के आश्वासन के बाद युवक नीचे उतरने को तैयार हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा के लिए शासन ने दी अनुमति

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कैलाश पर्वत पर प्रस्तावित महाराणा प्रताप पार्क में भव्य प्रतिमा लगाने के लिए प्रदेश सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी होते ही क्षत्रिय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में वहां एकत्रित हुए और मिठाई बांटकर जश्न मनाया। क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया ने कहा जनपद के सभी क्षत्रिय परिवारों ने मिलकर प्रयास किया अब यहां पर महाराणा प्रताप के नाम से पार्क, भव्य मूर्ति की स्थापना एवं भवन बनाया जाएगा। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे लगभग 14 लाख रुपए की लागत से स्ट्रक्चर बनवाएंगी जबकि प्रदेश सरकार की तरफ से महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा दी जाएगी। इसके साथ ही पार्क के निर्माण का कार्य नगर पालिका की तरफ से अध्यक्ष मनोज दुबे कराएंगे। उन्होंने कहा जल्दी ही भूमि पूजन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष 8 घंटे रहे हाउस अरेस्ट



- धरना प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे सहारनपुर
- भाजपा सरकार लोकतंत्र को कुचलने का कर रही है काम : जिलाध्यक्ष

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सहारनपुर के धरना प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे आजाद समाज पार्टी कां के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम को ग्राम खल्ला रूप मंगदपुर स्थित आवास पर पुलिस ने बुधवार रात 12 बजे से अगले दिन बृहस्पतिवार को सुबह 8 बजे तक हाउस अरेस्ट रखा।

जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने बताया बीते दिनो सहारनपुर के लालपुर में विवादित जमीन पर सवर्ण समाज के लोगो द्वारा जबरिया कब्जा को लेकर दलित समाज ने विरोध किया तो दबंगों और पुलिस प्रशासन ने लाठी चार्ज कर दिया जिसमे दो दर्जन से अधिक महिला और पुरुष गंभीर रूप से घायल हुए और जो घायल थे प्रशासन ने घायलो पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया।

इसी के विरोध में 14 मई को सहारनपुर में आंदोलन का आव्हान किया गया था। जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहाकि भाजपा सरकार लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है। आंदोलन धरना प्रदर्शन की आजादी संविधान देता है फिर भी भाजपा सरकार आवाज दबाना चाहतीं हैं लेकिन भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ये कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी जबकि सहारनपुर के प्रशासन के अश्वासन पर कल शाम को आंदोलन स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने कहा अगर न्याय पूर्ण कार्यवाही नही हुई तो इस बार बहुत बडा आंदोलन होगा जिसे दुनिया की कोई ताकत नही रोक सकती।

## यूनानी मेडिकल कैंप में मरीजों की उमड़ी भीड़



**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाज सेवा और जन स्वास्थ्य के संकल्प के साथ मोहल्ला बिरतिया में फातहे बिलग्राम मिशन द्वारा आयोजित विशाल फ्री तिब्बे यूनानी मेडिकल कैंप में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। अय्यूब हाउस आजाद मकतब पाठशाला के समीप आयोजित इस कैंप में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने पहुँचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। यह कैंप हुजूर अनीसुल मशाइख हजरत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी जैदी बिलग्रामी की विशेष सरपरस्ती में आयोजित किया गया, जिसमें बरेली शरीफ के मशहूर खानदानी हकीमों ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया। कैंप सुबह 11 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। हजरत मौलाना ने नगरवासियों से अपील की थी कि वे अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों को कैंप में लाएं ताकि यूनानी चिकित्सा का लाभ हर घर तक पहुँच सके। आयोजन के दौरान कैंपिंग इंचार्ज फैसल वास्ती, हाफिज फैजान अहमद और महमूद मंसूरी की देखरेख में पूरी व्यवस्था सुचारू रूप से संपन्न हुई। नगर के गणमान्य लोगों ने मिशन के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी राहत बताया है।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया फुटवियर शोरूम का उद्घाटन



**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के तिराहा स्थित गुलजार मार्केट में गुरुवार को नए फुटवियर शोरूम का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रूखाबाद तहसीन सिद्दीकी ने फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर नगर के व्यापारी, समाजसेवी एवं नगर के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि तहसीन सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि नगर क्षेत्र में नए व्यापारिक प्रतिष्ठानों के खुलने से स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार किसी भी क्षेत्र की आर्थिक मजबूती का आधार होता है और युवाओं को स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने शोरूम संचालक मो. चांद खां को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में पूर्व सभासद अयूब सिद्दीकी, प्रधान पद प्रत्याशी मौला बंबईया, समाजसेवी इमरान उर्फ पीला सहित कई व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद अतिथियों एवं नगरवासियों ने शोरूम का अवलोकन किया तथा संचालक को बधाई देते हुए नए प्रतिष्ठान की सफलता की कामना की।

## शनि जयंती पर रामचरितमानस का अखंड पाठ आज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यज।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के शक्तिपीठ गमा देवी में 15 मई शुक्रवार को श्री रामचरितमानस का पाठ प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। 16 मई शनिवार को शनि जयंती के पावन पर्व पर अखंड पाठ का विराम शनि यज्ञ के साथ होगा। उसके बाद शनि देव महाराज का प्रसाद वितरण होगा। यह जानकारी देते हुए शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा जो लोग संसार के न्यायाधीश शनि देव महाराज जी की जयंती मनाते हैं उनके जीवन में सुख समृद्धि आती है। उन्होंने श्री रामचरितमानस के पाठ एवं शनि यज्ञ में आधिकाधिक संख्या में नगर के श्रद्धालुओं से सम्मिलित होने की अपील की है।

# पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने प्रतीक यादव को दी श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी लखनऊ पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी परिवार का प्रदेश की राजनीति और समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा क्षेत्र उनके परिवार के साथ खड़ा है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने भी भावुक होकर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता, क्षेत्रीय पदाधिकारी, युवा नेता एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा का माहौल बेहद भावुक रहा तथा उपस्थित लोगों ने परिवार को ढांढस बंधाया।

# टीबी उन्मूलन अभियान से जुड़ रहे युवा : सागर महेश्वरी




- टीबी 100 डे एलिमिनेशन प्रोग्राम' के तहत युवाओं को दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मेरा युवा भारत एवं जिला क्षय रोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 5 दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम टीबी 100 डे एलिमिनेशन प्रोग्राम के तृतीय दिवस का आयोजन राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को टीबी उन्मूलन अभियान से जोड़ते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को मेडिकल कॉलेज में संचालित टीबी जांच एवं उपचार प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने विभिन्न जांच प्रक्रियाओं, टेस्टिंग फैसिलिटी एवं स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन कर टीबी रोग की पहचान और उपचार प्रणाली को नजदीक से समझा। चेस्ट विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक द्विवेदी ने युवाओं को टीबी के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह गंभीर लेकिन पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है। उन्होंने युवाओं से समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को समय पर जांच के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। जिला युवा अधिकारी सागर महेश्वरी ने कहा कि अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित कर रहे हैं। कार्यक्रम में नीरजा, सलोनी, कंचन, शालिनी, प्रज्ञा राजपूत सहित कई युवा स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# गुरु कृपा इंटर कॉलेज में मेधावियों का हुआ सम्मान




**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर मे सर्विस रोड़ स्थित सीएचसी के पास गुरु कृपा इंटर कॉलेज में आयोजित दीक्षांत एवं मेधावी सम्मान समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अतिथि अरुण शर्मा का कॉलेज परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। समारोह के दौरान हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल वर्ग में अंश कौशल, राघव, आरोही, रीता पाल एवं अनुपम को सम्मानित किया गया, जबकि इंटरमीडिएट वर्ग से खुशी प्रजापति, श्रृष्टि तिवारी, अन्नू शंखवार, यश प्रताप सिंह, हर्षित कुशवाहा एवं विनीत श्रीवास्तव को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए सम्मान प्रदान किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश पाल ने मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को जीवन में निरंतर मेहनत करते हुए आगे बढ़ने और अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश पाल , दुर्वेश पाल, प्रिन्स पाल, आकाश श्रीवास्तव धीरेंद्र यादव,अमित श्रीवास्तव, आलोक यादव,संजीव मिश्रा , मनमोहन प्रजापति अमित सक्सेना सहित समस्त शिक्षकगण एवं कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा। समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों कों मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

पत्रांक-126/DA-05/ / नि.सू.(2026-27) दिनांक- 14.05.2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित प्रस्तावित निर्माण कार्यों को कराये जाने सम्बन्धी निविदायें दिनांक 25.05.2026 समय दोपहर 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में निर्धारित शुल्क जमा करके क्रय की जा सकती है जो दिनांक 26.05.2026 समय 02:00 बजे तक टेण्डर बॉक्स में डाली जायेंगी। डाली गई निविदायें सक्षम अधिकारी एवं टेण्डरदाताओं के समक्ष उसी दिन सायं 04:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में सुरक्षित होगा जिसमें किसी प्रकार का वाद विवाद मान्य नहीं होगा। निविदा डालने की दिनांक को यदि कोई अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगली तिथि को डाली व खोली जायेगी। अन्य शर्तें आदि नगर पालिका गुरसहायगंज कार्यालय में देखी-पढ़ी जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | अग्रिम जमानत 10 प्रतिशत | निविदा शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 21 में गीता कालेज के पीछे से छोटे के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली मरम्मत कार्य। | 4.33 | 43300.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 2. | वार्ड नं0 21 में मीरा गुप्ता के मकान से धर्मेन्द्र के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली मरम्मत का कार्य। | 2.56 | 25600.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 3. | वार्ड नं0 21 में मुस्कान कम्प्यूटर से रहीस के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली मरम्मत कार्य। | 1.43 | 14300.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 4. | वार्ड नं0 21 में रामवीर के प्लाट से राजेन्द्र के मकान तक सीसी सड़क व दोनों तरफ नाली निर्माण का कार्य। | 4.32 | 43200.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 5. | वार्ड नं0 21 में सर्विस रोड से बालकराम के प्लाट तक सीसी सड़क निर्माण व नाली मरम्मत का कार्य। | 4.71 | 47100.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 6. | वार्ड नं0 21 में सर्विस रोड से राहुल के प्लाट तक सीसी सड़क निर्माण व नाली निर्माण कार्य। | 1.20 | 12000.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 7. | वार्ड नं0 01 में महेन्द्र के मकान से राहुल के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली निर्माण कार्य। | 2.15 | 21500.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 8. | वार्ड नं0 01 में मानसिंह के मकान से दुर्गेश सविता के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली निर्माण कार्य। | 1.86 | 18600.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 9. | वार्ड नं0 01 में प्रमोद चिक के मकान से सिद्धगोपाल के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली निर्माण कार्य। | 2.10 | 21000.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 10. | वार्ड नं0 01 में प्रेमचन्द्र राठौर के मकान से प्रमोद गुप्ता के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली निर्माण कार्य। | 1.49 | 14900.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 11. | वार्ड नं0 01 में राजेश राठौर के मकान से बब्ली के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली निर्माण कार्य। | 1.12 | 11200.00 | 679.00 | 30 दिवस |
| 12. | वार्ड नं0 04 में गणेश के मकान से विकाश के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली निर्माण कार्य। | 3.91 | 39100.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 13. | वार्ड नं0 16 में अनवार के मकान से ट्यूववेल तक सीसी सड़क निर्माण व नाली मरम्मत कार्य। | 4.38 | 43800.00 | 767.00 | 30 दिवस |

**शर्तें/प्रतिबन्ध-**

1- कार्य की गुणवत्ता सही न होने पर जमानत धनराशि को जब्त करते हुए कार्यवाही की जायेगी।
2- निविदा क्रय किये जाने हेतु सम्बन्धित ठेकेदार को जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3- निविदा शुल्क आर.टी.जी.एस. के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा गुरसहायगंज के खाता संख्या 28800100026611 में जमा करना होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के पक्ष में देय होगा। इसके अतिरिक्त निविदा शुल्क पालिका में नकद भी जमा कर सकते है।
4- निविदा के साथ 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी के रूप में देय आर.टी.जी.एस. के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा गुरसहायगंज के खाता संख्या 28800100026611 में जमा करना अनिवार्य होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के पक्ष में बन्धक होगा। इसके अतिरिक्त अर्नेस्ट मनी कार्यालय में नकद भी जमा कर सकते है।
5- जो भी ठेकेदार निविदाएं क्रय करेगा उसकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त स्वतः घोषणा पत्र 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर पालिका द्वारा उपलब्ध घोषणा पत्र भरकर देना अनिवार्य होगा।
6- आयकर, व्यापारकर में पंजीकरण का प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।
7- अर्नेस्ट मनी के बिना निविदा मान्य नहीं होगी।
8- निर्माण कार्य हेतु निविदादाता को कार्य योजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ उसके शासनादेश संख्या-1139/नौ-9-21-45ज/21 दिनांक 30 जून 2021 में वार्णित SOP के अनुसार कार्य सही होने की स्थिति में जमानत धनराशि कार्य पूर्ण होने के 01 वर्ष बाद वापस की जायेगी।
9- यदि यह बात संज्ञान से आयेगी कि ठेकेदार माफिया, असामाजिक संगठनों तथा संगठित अपराध से सम्बन्धित है, तो कारण बताओ नोटिस के पश्चात् ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। जिसका उत्तर दायित्व ठेकेदार का होगा।
10- उपरोक्त से सम्बन्धित विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय कन्नौज होगा।

**(अनिल कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**

**(मुन्नी देवी)**
**अध्यक्ष**

# भाजपा नेता के डंपर की टक्कर से हाईस्कूल की छात्रा की मौत

- भतीजे की दवाई लेने साइकिल से जाते समय घटी घटना
- भाजपा जनप्रतिनिधि के पुत्र का बताया जा रहा है, डंपर से हो रहा था अवैध खनन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार ओवरलोड बालू से भरे डम्पर ने साईकिल सवार हाईस्कूल की छात्रा को टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए आसपास के लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

सूत्रों के अनुसार घटना करने वाला डंपर एक भाजपा विधायक के पुत्र का बताया गया है जो अवैध बालू का खनन कर रहा था। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव मझोला निवासी हिमांशी उम्र 17 वर्षीय पुत्री नेत्रपाल जो की कन्या विद्यापीठ इण्टर कालेज मे कक्षा 10 की छात्रा थी। गुरुवार को वह साईकिल से भतीजे निखिल उम्र 11 वर्षीय पुत्र शैलेन्द्र के साथ बुखार की दवा लेने जा रही थी। स्टेशन के पास ठेके के निकट पहुँचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर सख्या यू.पी. 82/एटी 5751 ने हिमांशी की साईकिल में टक्कर मार दी। जिससे हिमांशी सड़क पर गिर गई और डंपर के पहिये के नीचे आ गई। उसका एक पैर और एक हाथ बुरी तरह कुचल गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने गम्भीर घायल हिमांशी को अपनी गोद मे उठाकर 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं भतीजा निखिल बालबाल बच गया। ग्रामीणों ने डंपर के परिचालक रिषव को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ से उसे भी रेफर कर दिया। हिमांशी की मौत की सूचना पाते ही मां अर्चना, भाई विक्की, सुनील का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतका के पिता का आपरेशन हुआ था, जिस कारण वह घर पर थे। हिमाशी अपने भतीजे के साथ अलग-अलग साईकिलों से दवा लेने जा रही थी। प्रभारी निरीक्षक ने डंपर को कब्जे मे लेकर कोतवाली भिजवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सूत्रों की माने तो भाजपा प्रतिनिधि द्वारा बालू का अवैध खनन किया जाता है।


घटना स्थल पर खड़ा डंपर मौजूद स्थानीय लोग

# भाजपा महिला मोर्चा ने सपा सांसद के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सपा सांसद द्वारा अभद्र टिप्पणी की गई, जिसके विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबीता पाठक के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद से माफी माँगने को कहते हुए नारे लगाये। जिलाध्यक्ष बबीता पाठक ने कहा प्रधानमंत्री का पद सम्मानित पद होता है। जिसकी गरिमा होती है सपा सांसद द्वारा की गई टिप्पणी से पूरे देश में आक्रोश है। सपा ने लोकतंत्र की भी मर्यादा का हनन किया है। सपा सांसद की अभद्र टिप्पणी पर सपा मुखिया अखिलेश यादव चुप होना ये बताता है कि वह इस अमर्यादित टिप्पणी का समर्थन करते हैं। सपा लोकतंत्र संविधान और महिलाओं का सम्मान नहीं करती है। अपने मुखिया को खुश करने के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग किया है। जिला उपाध्यक्ष श्वेता दुबे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र भाषा का प्रयोग करके समाजवादी पार्टी में लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया है। लोकसभा अध्यक्ष को इस मामले को संज्ञान में लेकर सपा सांसद की सदस्यता कों तत्काल प्रभाव से रद्द करना चाहिए। इस अवसर पर ममता सक्सेना, मीना मिश्रा, डॉ0 विनीता मिश्रा, चित्रा अग्निहोत्री, रमला राठौर, प्रतिभा राजपूत, सुमन राजपूत, रेखा सोमवंशी, मीरा सिंह, किरन सिंह, नीलम शाक्य, अनिल तिवारी, वीरेंद्र कठेरिया, कृष्ण मुरारी राजपूत, अभिषेक बाथम, गौरव सक्सेना, सर्वेश कुशवाह, शिवांग रस्तोगी उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करती महिलायें

# खाना खाने को लेकर दबंगों ने डॉक्टरों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

- खराब अंडा निकलने पर डॉक्टरों ने होटल मालिक का लिया था पक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात होटल पर खाना खाने के दौरान खराब अंडे को लेकर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं पुलिस चौकी के सामने ही दबंगों ने डाक्टरों की भी जमकर पिटाई कर दी।

जानकारी के अनुसार बीती रात रेलवे रोड पुलिस चौकी के निकट सामने रहने अमित शाक्य, अजय कठेरिया आदि दोस्त आईटीआई चौराहे के निकट मल्लू होटल पर खाना खा रहे थे। होटल में फतेहगढ़ सिविल लाइन निवासी डॉ0 राजा वत्सल व डॉ0 विनीत मिश्रा भी खाना खा रहे थे। खाने के दौरान सब्जी वाला अंडा खराब निकलने पर अजय कठेरिया ने शिकायत की। जिस पर डॉक्टरों ने होटल मालिक का पक्ष लेते हुए अंडे को खराब बताए जाने पर आपत्ति जाहिर की। इसी दौरान हुए विवाद के दौरान अमित के ऊपर सरिया से हमला किया गया। झगडा बढ़ने पर डॉक्टर अपनी कार से ठंडी सड़क होकर जाने लगे। अजय कठेरिया व उसके साथियों ने बाइक से कार का पीछा किया। डॉक्टर ने जान बचाने के लिए ठंडी सड़क पर बाइक में कट मार दिया। इसके बावजूद बाइक सवारों ने डॉक्टरों की कार का पीछा किया। भयभीत डॉक्टर ने मध्य रात रेलवे रोड पुलिस चौकी के सामने कार खड़ी कर दी और शिकायत करने के लिए चौकी के अंदर गए। पुलिस चौकी में कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। अजय ने फोन करके परिवार वालों व पड़ोस के करीब देढ दर्जन लोगों को बुला लिया। जिसके बाद आरोपियों ने डॉक्टर को सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर लात घूसों से मारापीटा।

जिसके बाद कार की शीशा भी फोड़ दिया। मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायल डाक्टरों का डाक्टरी परीक्षण कराया।


डॉक्टर को पीटते दबंग

# खेत से लौट रहे बालक का दुग्ध वाहन चालक ने किया अपहरण

- जाम में फंसे वाहन से कूदकर बालक पहुंचा मंदिर
- परिजनों ने घटना के संदर्भ में पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

साइकिल द्वारा खेत से लौट रहे बालक को दुग्ध वाहन चालक ने उसका अपहरण कर लिया। बालक जैसे ही जाम फंसा तभी बालक कूदकर एक मंदिर में घुस गया और पुजारी द्वारा परिजनों को घटना के संदर्भ में सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बालक को देखकर राहत की सांस ली और घटना के संदर्भ में थाने में तहरीर दी है।

थाना नवाबगंज के गांव बीसलपुर बंगार निवासी प्रधान धारा सिंह का 12 वर्षीय पुत्र विक्रांत गुरुवार सुबह लगभग 9 बजे साइकिल से खेत से घर वापस लौट रहा था, तभी गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास बैठे गांव के ही निवासी युवक व उसके साथियों ने सामने से आ रहे दुग्ध वाहन के चालक को इशारा किया। उनके इशारा करने के बाद दुग्ध वाहन से चालक व परिचालक ने विक्रांत को जबरन पकड़कर दुग्ध वाहन ने डाल लिया और उसकी साइकिल को पीछे डाल कर दुग्ध वाहन को ले गए। दुग्ध वाहन जैसे ही नवाबगंज मोहम्मदाबाद मार्ग पर रोहिला क्रासिंग के पास जाम में खड़ी हुई। उसी दौरान विक्रांत ने शोर मचाया और खिड़की खोल दुग्ध वाहन से उतरकर पास स्थित हनुमान मंडी घुस गया। वहां मौजूद पुजारी के फोन से पिता धारा सिंह को घटना की जानकारी दी। पिता धारा सिंह परिजनों के साथ मंदिर पहुंचे और पुत्र विक्रांत को अपने साथ थाने लेकर आए। थाने पर मौजूद थाना प्रभारी राजीव कुमार को घटना की लिखित सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया सीसीटीवी से घटना की पुष्टि की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर कारवाही की जाएगी।

## दबंग मारपीट कर युवक का कर ले गये अपहरण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने युवक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर और कार से उसका अपहरण कर ले गये। घटना के संबंध में पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर पुत्र की बरामदी व आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के गांव सिलहा निवासी राजीव कुमार के पुत्र बुधवार रात लगभग 8:45 बजे गांव कलोली महबूबपुर निवासी युवक अपने साथियों के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से आए और राजीव कुमार से उसके पुत्र श्यामू के बारे में जानकारी की। युवक ने श्यामू को फोन कर घर बुलाया। श्यामू के घर पर आते ही युवकों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। इस दौरान युवक व उसके साथी श्यामू को जबरन कार में डालकर अपने साथ ले गए। राजीव कुमार ने खोजबीन के बाद थाने पहुंचकर पुलिस को पुत्र के अपहरण करने के मामले में युवक व उसके साथियों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# खबरें एक नजर में

## नीलगाय को बचाने में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटा, दो घायल


पलटा ट्रैक्टर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के भोजपुर बघार के पास गुरुवार को नीलगाय को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जनपद हरदोई के ग्राम सलेमपुर निवासी सत्यपाल और सीपू भूसा लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर जा रहे थे। अचानक सड़क पर नीलगाय आ जाने से चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली पहले एक कार से टकराई इसके बाद वह सड़क किनारे एक पेड़ से जा भिड़ी और पलट गई। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा तुरंत ही एम्बुलेंस से दोनों घायलों को कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टर विकास पटेल ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि दोनों घायलों के पैरों में फ्रैक्चर है, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही गौ रक्षा दल के ब्लॉक अध्यक्ष शिवम ठाकुर मौके पर पहुंचे और उन्होंने 112 पुलिस को सूचित किया। हरिगिरि महाराज ने वन विभाग को भी इस मामले से अवगत कराया।

## दबंगों ने घर में घुसकर मां व उसकी बेटियों को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घरेलू विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर मां उसकी बेटियों के साथ मारपीट कर और बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा, जिससे तीनों लोग घायल हो गये। घायलों ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला नगला हीरासिंह निवासी प्रमोद राजपूत के घर के सामने उनके ही चचेरे भाई के पुत्रों ने अपने घर की सीढ़ियां बनाना शुरू कर दिया। घर पर मौजूद प्रमोद राजपूत की पत्नी ऊषा देवी ने सीढ़ियों को घर के दरवाजे के सामने बनाने का विरोध किया। तो चचेरे देवर के पुत्रों ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। मना करने पर चचेरे देवर के पुत्र घर में घुस आए और ऊषा देवी को मारपीट करने लगे। मां को बचाने आई पुत्री शिखा व दुर्गा को भी गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने शिखा व दुर्गा को बाल पकड़कर घसीटा। जिससे दोनों के सिर के तमाम बाल उखड़ गए। ऊषा देवी ने पुत्रियों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने ऊषा देवी व उनकी पुत्रियों शिखा व दुर्गा को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सीएचसी भेज दिया। सीएचसी पर मौजूद अधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा ने घायलों का परीक्षण किया। फार्मासिस्ट राजीव कुमार ने घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। पुलिस को प्रमोद राजपूत ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

## दहेज हत्या में महिला सहित तीन को सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दहेज हत्या के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम न्यायाधीश संजय कुमार ने अभियुक्त सुमित पुत्र हंसराम, हंसराम पुत्र पातीराम, रामकली पत्नी हंसराम समस्त निवासीगण सोना जनकीपुर नवाबगंज को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष का कारावास व पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत चार वर्ष पूर्व को थाना नवाबगंज पुलिस को कश्मीर सिंह पुत्र केशव दयाल निवासी भवानीपुर गुस्सायगंज ने दी गई तहरीर में बताया कि मैने अपनी बहन की शादी 21 जून 2022 को हिंदू रीति रिवाज से अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर लगभग सात लाख रुपए खर्च कर की थी। परंतु दिए गये दहेज से बहनोई सुमित कुमार, बड़े भाई अमित कुमार, हंसराम, अनारकली अतिरिक्त दहेज की मांग में बुलेट मोटर साइकिल, सोने की लर, अंगूठी की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। 12 जुलाई को समय 7 बजे मेरी बहन मुन्नी देवी की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया। जिसकी सूचना गांव के लोगों ने दी। जब हम लोग मौके पर पहुंचे तो ससुरालीजन मौके से फरार हो चुके थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संजय कुमार ने अभियुक्त सुमित, हंसराम, रामकली को दोषी करार देते हुए सात- सात वर्ष का कारावास व पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए का लगा अर्थदंड

## महिला ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के ग्राम श्रृंगीरामपुर निवासी दिनेश पाठक की पत्नी नेहा पाठक ने गुरुवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पति दिनेश पाठक ने समय रहते उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और बिना देर किए सीएचसी स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज लाये। वहां डॉक्टर विकास पटेल और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अजय कुमार ने नेहा पाठक का उपचार किया। डॉक्टरों ने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण महिला की जान बच गई। पति दिनेश पाठक ने बताया कि उनके चार बच्चे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यह पहली घटना नहीं है, महिला पहले भी एक बार आत्महत्या का प्रयास कर चुकी है। गुरुवार सुबह विवाद तब बढ़ा जब नेहा ने अपने 10 साल के बेटे से छत से गेहूं की बोरी उतारने को कहा, जिस पर पति ने बच्चे की उम्र का हवाला देते हुए मना किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अजय कुमार ने पुष्टि की कि महिला का उपचार कर दिया गया है। इस घटना की सूचना कमालगंज थाना पुलिस को भी दे दी गई है, जो मामले की जांच कर रही है।

परिजनों ने अस्पताल में कराया भर्ती


अस्पताल में भर्ती महिला

# आबकारी टीम ने लकूला में छापेमारी कर 150 किलोग्राम लहन किया नष्ट

- कम्पोजिट व देशी, विदेशी मदिरा की दुकानों पर मारा छापा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है।

गुरुवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह ने मय स्टाफ जनपद के विभिन्न आबकारी अनुज्ञापनों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कम्पोजिट दुकानों में नेकपुर खुर्द, हथियापुर, साहबगंज, बीबीगंज, देशी शराब दुकानों में खिनमिनी, गंगोली, हथियापुर, गंगादरवाजा, साहबगंज, बीबीगंज तथा बघऊ, हरसिंहपुरगोवा दुकानों की सघन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, चवे मशीन से बिक्री, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया गया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। आबकारी निरीक्षक कुमार गौरव सिंह मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम लकूला में दबिश दी गई।

अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानों अड्डों पर छापेमारी की गई। मौके पर लगभग 150 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किये गए। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।


लहन नष्ट करती आबकारी पुलिस

# डीएम ने परखी हरदोई-कमालगंज गंगा नदी पुल निर्माण की गुणवत्ता

- अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश, गुणवत्ता का रखे पूरा ध्यान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने हरदोई- कमालगंज मार्ग पर गंगा नदी पर लगभग 191.13 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सेतु, पहुँच मार्ग एवं कराए जा रहे सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने पहुँच मार्ग पर संभावित कटान वाले स्थलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से अब तक किए गए सुरक्षात्मक कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नदी किनारे कराए जा रहे पिचिंग कार्यों का भौतिक सत्यापन भी किया तथा कार्यों की गुणवत्ता को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सेतु निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता एवं मानक के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाए। जिससे आमजन को आवागमन में बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि परियोजना जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजना है, इसलिए कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

डीएम ने अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों की निगरानी करने तथा कटान प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की क्षति की संभावना न रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, सेतु निगम के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


निरीक्षण करती डीएम

# चार बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ जाने पर अड़ी, मामला पुलिस के पास

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** चार बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ गयी। जिसके मामला पुलिस के पास पहुंचा। थाना क्षेत्र के गांव राजा रामपुर मई निवासी गुड्डू खान अपनी पत्नी गुल अफसा तथा चार बच्चों को साथ लेकर रोजी-रोटी कमाने गुजरात प्रांत के बड़ौदा में ईंट भट्टे पर पथाई का काम करने के लिए गए थे। वहां रहने के बाद पत्नी गुलाब शाह का दिल ठेकेदार पर आ गया तथा तथा ठेकेदार निवासी जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव भरगइन निवासी फिरोज खान पुत्र रसूल अहमद निवासी डाल बाग मोहल्ला के साथ चली गई थी। कुछ दिन गायब रहने के बाद वह दोबारा अपने ससुराल राजा रामपुर में वापस आ गई थी। प्रेमी दोबारा राजा रामपुर में ही आ गया। गुड्डू खान मजदूरी करने कही चला गया था। जिसकी सूचना परिजनों ने गुड्डू को दी। सूचना पाकर गुड्डू तथा गुलाब शाह के मायके के पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और फिरोज के साथ मारपीट करने लगे। जिसकी सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को मिली। तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने भारी पुलिस बल घटना स्थल के लिए रवाना कर दिया और कुछ ही देर में प्रेमी-प्रेम का थाने ले गए। जहां दोनों लोग एक दूसरे पर मरने जीने की कसम खा बैठे थे। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि अब फिरोज के साथ ही जाने दिया जाए। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्ष थाने में बैठे थे और प्रेमिका का पति अपने चारों बच्चों को लेकर थाने में बैठा था और कह रहा था कि अब जैसा है वैसा रहेगा, बच्चे हम ले लेंगे और वह अपने प्रेमी के साथ चली जाए।

# बारातियों ने चालक को पीटा ड्राइवर ने बीच सड़क उतारी बारात

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार रात मेरापुर थाना क्षेत्र से मिर्जापुर जा रही एक बारात में उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब मामूली बात को लेकर बारातियों और कार चालक के बीच हिंसक झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि चालक ने गुस्से में आकर सभी बारातियों को बीच सड़क पर ही कार से उतार दिया और आगे जाने से इनकार कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम दुल्लामई निवासी सोनू प्रजापति की बारात बुधवार थाना मिर्जापुर के ग्राम ढाई जा रही थी। रात करीब 9 बजे जब बारातियों की गाड़ियां नवाबगंज चौराहे पर पहुँचीं, तभी किसी बात को लेकर एक कार में सवार बाराती और चालक के बीच कहासुनी हो गई। विवाद ने देखते ही देखते मारपीट का रूप ले लिया। आरोप है कि बारातियों ने कार चालक के साथ अभद्रता करते हुए उसकी पिटाई कर दी। मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मारपीट से आक्रोशित होकर चालक ने कार खड़ी कर दी और सभी बारातियों को नीचे उतार दिया। चालक के वाहन ले जाने से मना करने के बाद मौके पर काफी देर तक हंगामा होता रहा और विवाद बढ़ गया। कार चालक मौके से खाली कारों को वापस ले गया। लोगों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने स्थिति को संभाला और मामले में संलिप्त दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पुलिस कार्रवाई और स्थानीय संभ्रांत लोगों के हस्तक्षेप के बाद देर रात दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता हो गया। पुलिस का कहना है कि शांति व्यवस्था कायम है और फिलहाल कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# सिपाही ने सिगरेट ऊपर फेंकने का किया विरोध तो दबंगों ने पीटा

- पुलिस ने 11 नामदर्ज व चार-पांच अज्ञात के विरुद्ध मामला किया दर्ज, कई को लिया हिरासत में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जलती सिगरेट सिपाही पर दबंगों ने फेंक दी। जब सिपाही ने इस बात का विरोध किया और कहा कि तुम लोगों ने जलती सिगरेट मेरे ऊपर क्यों फेंकी, तो सभी आग बबूला हो गये। देखते ही देखते उन लोगों ने सिपाही के साथ मारपीट कर दी। जब वह किसी तरह बचकर भागा तो दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। सिपाही की तहरीर पर ११ पुरुष व एक महिला सहित चार-पांच अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर कई लोगों को हिरासत में पुलिस ने ले लिया। थाना नवाबगंज की बरतल बाली गली निवासी एक युवक बुधवार रात लगभग 9:30 बजे एक युवक गली में खड़ा सिगरेट पी रहा था। उसी दौरान बाइक से अपने साथी कस्बा निवासी एक युवक के साथ यूपी 112 पुलिस का सिपाही बिल्सन गली से गुजरा। उसी दौरान युवक ने बाइक पर बैठे सिपाही के बिल्सन के ऊपर जलती हुई सिगरेट फेंक दी। जलती हुई सिगरेट सिपाही बिल्सन के गाल पर लगी। सिपाही बिल्सन ने सिगरेट ऊपर फेंकने पर आपत्ति की। तो युवक गाली-गलौज करने लगा। युवक के गाली देने पर सिपाही बिल्सन ने युवक को थप्पड़ जड़ दिया। जिससे गुस्साए युवक व उसके साथी सिपाही बिल्सन से भिड़ गये और सिपाही बिल्सन को मारपीट करने लगे। एकाएक गली में हुई मारपीट में अफरा तफरी मच गई। मारपीट होते देख युवक के परिजन व मोहल्ले के लोग भी जुट गए और सिपाही बिल्सन को पीटने लगे। एक साथ कई लोगों द्वारा सिपाही बिल्सन को पीटे जाने पर वह गिर गया। और जान बचाकर मौके से भागा। तो भीड़ ने सिपाही बिल्सन को गली में दौड़ा लिया। भीड़ को पीछे भागता देख सिपाही निकट के एक घर में घुस गया। तो भीड़ ने घर में घुसकर सिपाही को पकड़ा और पीटना शुरू कर दिया। सिपाही ने गली में दौड़ लगाई, तो भीड़ ने उसे दौड़ा दौड़ा कर जमकर पीटा। हालांकि सिपाही से परिचित कुछ लोगों से उसे बचाने का प्रयास किया। तो बेकाबू हुई भीड़ ने उन्हें भी मारा पीटा। जिसमें मोहल्ला के कई लोगों के भी मामूली चोटे आई। भीड़ द्वारा की गई पिटाई से सिपाही बिल्सन घायल हो गया। सिपाही बिल्सन ने मामले की जानकारी फोन कर थाना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। और सिपाही को लोगों से बचाकर थाने लाए। इस दौरान पुलिस ने मौके से कई लोगों को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू की। पुलिस ने सिपाही बिल्सन से पूंछताछ कर उसको मेडिकल के लिए सीएचसी नवाबगंज भेज दिया। सिपाही को पीटे जाने की घटना से पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिशे दी, लेकिन मौके पर कई घरों में ताले लगे मिले। लोग घरों से निकलकर भाग गए। सिपाही को पीटे जाने की घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि सिगरेट ऊपर फेंकने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद में घायल सिपाही का मेडिकल परीक्षण कराया है। क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि सिगरेट फेंकने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सिपाही की तहरीर पर अभिषेक पुत्र भूपराम, अजय पाल पुत्र रूप सिंह उर्फ रुमी, नन्हे सिंह पुत्र नत्थूलाल, रतन पुत्र श्रीराम, कैलाश, गौरव पुत्रगण भूपराम, संजय पाल पुत्र रुप सिंह, वीर सिंह पुत्र केहरि लाल, लक्ष्मी पत्नी वीर सिंह, कन्हैया लाल पुत्र महेन्द्र, अनूप पुत्र बिटऊ व चार-पांच अज्ञात निवासीगण बरतल के विरुद्ध धारा 191(2),115(2), 352/ 351 (3)/ 109(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# जीजीआईसी फतेहगढ़ की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीएम श्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में मेधावी छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 12 में अनामिका शर्मा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हाईस्कूल में दिव्या ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉपर का स्थान हासिल किया। हाईस्कूल में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली तथा इंटरमीडिएट में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली कुल 11 छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 6 से 11 तक की गृह परीक्षाओं एवं वार्षिक परीक्षा 2026 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी सम्मान प्रदान किया गया। बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं की माताओं को शॉल ओढ़ाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कुल मिलाकर 44 छात्राओं एवं उनकी माताओं को सम्मानित किया गया।



सम्मानित होने के दौरान छात्रायें व अभिभाव व विद्यालय स्टाफ

बेटियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। शिक्षा के साथ संस्कार अपनाने से छात्राओं का भविष्य निश्चित रूप से उज्ज्वल होगा। अभिभावक को शिक्षकों के साथ अपने बच्चों का ध्यान रखना होगा। लंबे समय तक मोबाइल या लैपटॉप पर बैठे बच्चे का ध्यान रखना चाहिए कि वह क्या अध्ययन कर रहे हैं पुस्तक पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया।

प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने बताया कि इस सम्मान समारोह का उद्देश्य छात्राओं को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे भविष्य में और अधिक परिश्रम कर अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकें।

संचालन वरिष्ठ शिक्षिका ऋचा तिवारी के मार्गदर्शन में शैलजा मौर्य ने किया। व्यवस्थाओं में आरती यादव, ज्योति, निर्मला सिंह, गरिमा पांडेय, अल्पना द्विवेदी एवं मोनी चौहान का योगदान रहा। गुलशन जहाँ, एनसीसी प्रभारी के नेतृत्व में एनसीसी छात्राओं द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया, जो अत्यंत सराहनीय रहा। सभी मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरुरतः अरुण दूबे

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कायमगंज के सभागार में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बैठक का आयोजन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण दुबे की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को महत्वपूर्ण बताते हुए बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ अधिक से अधिक बच्चों एवं महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ दिलाए जाने के लिए प्रेरित किया गया।



बैठक को संबोधित करते अरुण दूबे

बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बाल ट्रैफिकिंग, बालश्रम, स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, दत्तक ग्रहण, चाइल्ड हेल्प लाइन नं0 1098, इमरजेंसी नंबर 112 के साथ उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि माता-पिता दोनों या किसी एक अथवा अभिभावक को खोने वाले बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य, पालन पोषण तथा शिक्षा जारी रखना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है, ऐसे बच्चों के सपने टूट ना जाए, इसलिए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिसमें 2500 रुपए प्रति माह प्रति बच्चा दिया जा रहा है। सचिन सिंह ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपने बच्चों को अकेला न छोड़ें, बल्कि बच्चों को सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श के बारे में बताएं, जिससे कि वह अपने साथ होने वाले दुर्व्यवहार को समझ सकें। बच्चों को शिक्षा अवश्य ग्रहण कराएं। इस अवसर पर सुपरवाइजर शर्मिला, अखलेश कुमार, मुकेश, आंकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# समायोजन सूची में कंपोजिट विद्यालय को श्रेणी से बाहर रखे जाने की मांग



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार व प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खान ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बैठक की। समस्याओं के विभिन्न बिन्दुओं का निस्तारण हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में बताया कि समायोजन सूची में कमपोजिट विद्यालय में प्राथमिक का प्रधान अध्यापक उच्च प्राथमिक में सहायक प्रदर्शित किया गया है। जबकि प्राथमिक का समायोजन प्राथमिक संवर्ग में व जूनियर हाईस्कूल का समायोजन जूनियर संवर्ग में ही किया जाना चाहिए। विषय आवंटन में कामर्स को समाजिक विषय में भाषा में भाषा को भी भाषा और साहित्यिक भाषा को भी भाषा, कही पर भाषा और समाज शास्त्र को सामाजिक विषय में और कहीं भाषा में जोड़ा है। खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से समस्त शिक्षकों का निर्देश अथवा ड्यूटी की सूचना वाट्स-अप पर दें दी जाती है पर विद्यालय की सूचनाएं भौतिक रूप से कार्यालय आ कर जमा करने के निर्देश दिए जाते हैं।

इन्हें भी वाट्स-अप पर ही स्वीकार करने के आदेश करने की मांग की है। बीएसए ने आश्वासन दिया कि पीएम श्री विद्यालयों को समायोजन श्रेणी से बाहर रखा जायेगा। प्राइमरी के प्रधानाध्यापकों को जूनियर के सहयाक अध्यापक पद पर समायोजित नहीं किया जायेगा।

## अग्निसुरक्षा सप्ताह थीम पर प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सीएफओ फतेहगढ़ के निर्देशन में अग्निसुरक्षा सप्ताह थीम पर चित्रकला/निबंध प्रतियोगिता विजेताओं को एफएसएसओ द्वारा शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान कम्पिल रोड कायमगंज में सम्मानित किया गया। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विद्यालय में आयोजित कला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी फतेहगढ़ प्रांशु अवस्थी द्वारा विद्यालय पहुँचकर और बच्चों को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान शहर के शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान कायमगंज पहुँचकर प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदान किए गए। इसके साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। अधिकारियों ने अपने संबोधन में बच्चों को अग्नि सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल बच्चों की रचनात्मकता को निखारती हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जागरूक भी बनाती हैं। प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने अग्निशमन विभाग का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।



छात्रा को सम्मानित करते अग्निशमन अधिकारी

# पीएम की अपील पर बाइक छोड़ साइकिल से पहुंचे शिक्षक नरेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अटेवा पेंशन बचाओ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव गुरुवार को विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने साइकिल से पहुंचे। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को डीजल, पेट्रोल की बचत करने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट व साइकिल का उपयोग करने के लिए कहा था। जो की स्वागत योग्य है। उन्होंने एक साइकिल खरीदकर स्कूल गये। देश के कर्मचारियों की कुछ मांगे भी उन्होंने प्रधानमंत्री के समकक्ष रखी। मांग की है कि देश में 90 लाख कर्मचारी है। जिनमें सेना के जवान भी है। सभी को पुरानी पेंशन का लाभ भी दिया जाये। कोरोना काल का 18 महीने का डीए तत्काल दिया जाये। देश के कार्यरत योग्य शिक्षकों की योग्यता पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। टीईटी पास करना होगा, जबकि हमारा शिक्षक 20-25 वर्ष से अपनी सेवायें दे रहा है। कई आईएएस, पीसीएस अफसर बने है। संघ की मांग है कि संसद में अध्यादेश लाकर टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त कर नौकरी सुरक्षित की जाये। महत्वपूर्ण मांग यह भी है संसद में विधायक, मंत्री किसी भी निगम के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष देश हित में अपना वेतन भत्ता, पेंशन या अन्य सुविधा का तत्काल त्याग करें। केवल एक वर्ष के लिए अपील की गई। वेतन भत्ता के रुप में हजारों करोड़ रुपये की बचत होगी। ऐसे में साइकिल चलाकर जब शिक्षक स्कूल जाना शुरु कर दिया है तो सांसद, विधायक भी अपनी सुविधायें कम करें और देशहित में अग्रसर हो।



साइकिल चलाते नरेन्द्र सिंह जाटव

# व्यापारियों ने सैंपल प्रक्रिया के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आ रही व्यापारी कठिनाइयों के निस्तारण हेतु उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल कायमगंज इकाई के नगर अध्यक्ष अमित सेठ ने पदाधिकारियों के साथ तहसील परिसर में पहुँचकर मुख्यमन्त्री सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को सौंपा। जिसमें कहा कि खाद्य सुरक्षा एव मानक अधिनियम प्रदेश में कही भी सेंपल भरे जाते समय रिटेलर के साथ-साथ निर्माता को भी पार्टी बनाया जाता है, परन्तु निर्माता को सैंपल भरे जाते समय जारी किया गया फार्म 5 क नहीं भेजा जाता है। सैंपल भरते समय निर्माता को पार्टी बनाए जाने की दशा में फार्म 5 क निर्माता के पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेजा जाना आवश्यक है। रिटेलर या होलसेलर द्वारा बिल प्रस्तुत करने पर ही निर्माता को सैंपल भरते समय पार्टी बनाया जाए। सैपल की जाँच रिपोर्ट महीनों में प्राप्त होती है, जबकि खाद्य सुरक्षा में मानक अधिनियम में जाँच कर 14 दिन में सैंपल की रिपोर्ट भेजे जाने का प्रावधान किया गया।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

प्रदेश की सभी राजकीय जन विश्लेषण प्रयोगशाला द्वारा नमूना प्राप्त होने के बाद 14 दिन के अन्दर जाँच रिपोर्ट भेजने कि व्यवस्था कराई जाये। राजकीय जन विश्लेषण प्रयोगशालाओं द्वारा नमूने में कोई भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक वस्तु प्राप्त न होने के बाद भी नमूने को मन मर्जी तरीके से असुरक्षित घोषित किया जा रहा है। सभी निर्माताओं द्वारा प्रत्येक 6 माह मे खाद्य पदार्थ की जाँच सरकार द्वारा निर्धारित लैब द्वारा कराकर पोर्टल पर अपलोड की जाती है। जिसकी पूर्ण सूचना विभाग के पास उपलब्ध होती है, इसलिए निर्माता के सील बन्द पैकिंग के लिए की जारी छापेमारी कार्रवाई बन्द की जाये। खेतों में रासायनिक खाद में कीटनाशक डालने की मानक तय नहीं है, अंधाधुध रासायनिक खाद व कीटनाशक का प्रयोग रोकने का कोई साधन नहीं है इसलिए खाद पदार्थो के मानक नए सिरे से तय किए जाए। आदि मांगें शामिल है। इस मौके पर प्रेमकमल गुप्ता, आलोक सक्सेना, अकित अग्रवाल, मुस्तफा भाई, मुकेश गुप्ता, विनीत सक्सेना, विशाल गुप्ता मौजूद रहे।

# विश्व प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद साबिर खां का निधन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सम्पूर्ण विश्व में फर्रुखाबाद तबला घराने का नाम विख्यात करने वाले फर्रुखाबाद के चीनी ग्रान मोहल्ले के पूर्व निवासी ख़लीफा और विश्व प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद साबिर खां का हृदयाघात से निधन हो गया। वे 67 वर्ष के थे। गुरुवार 14 मई की सुबह तबीयत बिगड़ने पर उन्हें कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ उन्होंने अंतिम सांस ली।

इनका जन्म 4 दिसंबर 1959 को रामपुर में हुआ था। उनके पिता उस्ताद करामतउल्लाह खां रामपुर छोड़कर कोलकाता चले गए थे, तब से यह परिवार कोलकाता के राजारहाट क्षेत्र में निवास कर रहा है। अभी 16 एवं 17 मई को कोलकाता में उस्ताद साबिर खां अपने दादा उस्ताद मसीत खां की स्मृति में दो दिवसीय संगीत सम्मेलन नौ बहार का आयोजन करने वाले थे।



ख़लीफा उस्ताद साबिर खां

फर्रुखाबाद घराने के संस्थापक उस्ताद हाजी विलायत अली खां के प्रपौत्र तथा इस घरानें के आदि पुरुष मीर अकासा की। जीवंत सांगीतिक विरासत के उत्तराधिकारी उस्ताद साबिर खां निर्बाध 33वीं पीढ़ी के तबला वादक थे। आपके तीन पुत्र आरिफ खां, आसिफ खां तथा अमीन खां 34वीं पीढ़ी के तबला वादक हैं। फर्रुखाबाद के कला प्रेमियों साहित्कारों और समाज सेवियो ने खलीफा साबिर खान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्री बबिता रानी के सेवानिवृत्त होने पर किया गया सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजेपुर विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में कोलेकेटड आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकत्री बबिता रानी यादव का सेवानिवृत्त होने पर विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बबिता रानी यादव सुशील व कर्तव्य के प्रति कुशल महिला है। ईमानदारी व निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वाहन किया। सेवानिवृत्त पर पूरा विद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मानित किया और सुख समृद्धि की कामना की। प्रधानाध्यापक संतोष कुमार गुप्ता ने उन्हें माल्यार्पण कर उपहार देकर सम्मानित किया। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने भी बबिता रानी का सम्मान किया। इस मौके पर मनोरमा गौतम, गीता यादव, सूरजमुखी, उर्मिला, गंगादेवी, साजिद खान, शिवम अवस्थी, सुनीता देवी यादव, शैवी खान आदि ने बबिता यादव को विदाई दी।



## फतेहगढ़ कैंट में छात्रों को फायर कंट्रोल रुम की कार्यप्रणाली की दी गई जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिख लाइट एंड इन्फैंट्री रेजिमेंट सेन्टर फतेहगढ़ कैंट के छात्रों को फायर कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, आग लगने की स्थिति में तुरंत सूचना देने की प्रक्रिया तथा अग्नि सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता और सही समय पर कार्रवाई करना सबसे आवश्यक होता है। छात्रों को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, आग लगने पर सुरक्षित स्थान तक पहुंचने के तरीके, विद्युत उपकरणों के सुरक्षित प्रयोग तथा गैस रिसाव जैसी घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। साथ ही मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षित निकासी की जानकारी दी गई, ताकि विद्यार्थी भविष्य में किसी भी दुर्घटना के दौरान अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान छात्रों के अलावा सैनिक मौजूद रहे।



छात्रों को जानकारी देते अग्निशमन अधिकारी

# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में भाग न लेने वाले नेताओं को दिया जायेगा नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी के संदर्भ में बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिला वर्ग प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष कन्नौज नरेंद्र राजपूत ने कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में दिशा निर्देश दिए। कन्नौज के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने बताया 15 मई व 16 मई को जनपद का जिला प्रशिक्षण वर्ग नारायण आश्रम में प्रातः सुबह 9 से आरंभ होगा। प्रशिक्षण वर्ग में जिला कार्य समिति सहित अपेक्षित कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरकर इसमें भाग लेना है। प्रत्येक रजिस्ट्रेशन का शुल्क 200 देना होगा। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में क्षेत्र एवं प्रदेश से वक्ताओं को 11 सत्रों के माध्यम से संबोधित करना है। वक्ताओं में पूर्व केंद्रीय मंत्री राम शंकर कठेरिया, पूर्व मंत्री अर्चना पांडे, महिला कल्याण निगम अध्यक्ष कमलावती सिंह, प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, संजय चौधरी, वीरेंद्र तिवारी, जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे, सत्यपाल सिंह, अशोक राजपूत, प्रांशु दत्त द्विवेदी रहेंगे। प्रशिक्षण वर्ग के बाद जिले के प्रशिक्षण वर्ग में जिला कार्य समिति सहित अपेक्षित कार्यकर्ता जिनकी संख्या 252 है। जो कार्यकर्ता इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल नहीं हो पाएगा। उसको कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा। शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई हैं। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण में रात्री प्रवास रहेगा। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया सभी 18 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग संपन्न होने के बाद जिले का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हो रहा है।



बैठक में मौजूद भाजपा नेता

दो दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में नवीन कार्यकर्ताओं को संगठन की नीति व रीति एवं पार्टी के सिद्धांतों के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी इसमें सम्मिलित की गई है। प्रशिक्षण शिविर में प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें संगठन व सरकार के द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी प्रदर्शित होगी।

इस अवसर पर डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, अमरदीप दीक्षित, हिमांशु गुप्ता, अनुराग दुबे, शिव मोहन सिंह, श्वेता दुबे, अभिषेक बाथम, जितेंद्र सिंह, संजीव गुप्ता, अभिषेक बाजपेई, डीएस राठौर, रश्मि दुबे, शिवांग रस्तोगी, अशनील दिवाकर, कृष्ण मुरारी राजपूत, सुशील राजपूत, विकास पांडे, संजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षण संस्थानों से 500 मीटर दूरी पर मादक पदार्थ की दुकानें रखे जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**▸ शराब बंदी कार्यकर्ता सम्मेलन 24 व 25 मई को विधानसभा पर शराब बंदी होगा सत्याग्रह**

राष्ट्रीय शराब बंदी संयुक्त मोर्चा के संयोजक सुल्तान सिंह ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि शिक्षण संस्थानों के पास मादक पदार्थ की दुकानें 500 मीटर से दूरी पर रखी जाये। जिसमें शराब, सिगरट, बीड़ी, गुटखा, तम्बाकू, भांग आदि के ठेके विद्यालयों से दूर रखे जायें। कुछ स्थानों पर विद्यालय से दूर रखे गये है जो सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि माध्यमिक विद्यालयों के अलावा प्राइमरी एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के निकट सभी मादक पदार्थो की बिक्री पर प्रतिबंध रहे और 500 से एक हजार मीटर की दूरी पर ही ठेके दिये जाये। संयुक्त मोर्चा कई बार शराब बंदी को लेकर आंदोलन कर चुकी है। जिसको लेकर शराब बंदी कार्यकर्ता सम्मेलन 24 व 25 मई को विधानसभा पर शराब बंदी सत्याग्रह होगा। कार्यक्रम का आयोजन दिगम्बर जैन धर्मशाला में भी आयोजित होगा। आंदोलन प्रभारी देवकी नंदन व जीवन चंद, प्रभात कुमार, संतोषानंद आदि लोग मौजूद रहेंगे।

# चाचूपुर जटपुरा पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मिले आजाद समाज पार्टी के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को आजाद समाज पार्टी ने चाचूपुर जटपुरा पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। राजेपुर थाना क्षेत्र के चाचूपुर जटपुरा गांव में शनिवार सुबह बृजेश लोधी का शव शराब ठेके के नजदीक पुलिया के नीचे नाले में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। परिजनों ने शराब ठेके के सेल्समैन पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के विरोध में उग्र हुए ग्रामीणों और महिलाओं ने शराब ठेके को हटाने की मांग को लेकर शव उठाने से इनकार कर दिया। जिससे मौके पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई, जो प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। पुलिस के द्वारा दबिश के नाम पर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। पुरुष पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को लाठियों से निर्ममता से पीटा, जो निंदनीय है। आजाद समाज पार्टी ने चाचूपुर जटपुरा पहुंचकर पीड़ित परिजनों से हालचाल लिया और उनकी मदद करने का भरोसा दिलाया। मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच हो। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। महिलाओं पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर तत्काल कार्रवाई हो। गांव के पास स्थित शराब ठेके को तुरंत हटाया जाए और आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया जाएगा। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी काशीराम जिलाध्यक्ष पंकज कुमार व पूर्व जिलाध्यक्ष नितिन कुमार गौतम, संदीप कुमार, उमेश कुमार गौतम, अतुल कठेरिया, योगेंद्र सिंह, महाप्रताप सिंह, अंकित कुमार, यतेंद्र कुमार, ओंकार सिंह, कार्तिक कुमार, दिलीप कुमार, आशु गौतम, श्याम गौतम, दीपक कुमार मौजूद रहे।



पीड़ित परिजनों से मिलते आजाद समाज पार्टी के लोग

# 16 साल बाद पीड़िता ने लगाया लव जिहाद का आरोप

**▸ शिकायत एसपी से की, हिन्दूवादी संगठन आया आगे**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी के साथ पीड़िता ने फतेहगढ़ पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

गुजरात के जिला राजकोट थाना मधुवन विहार सदर बाजार निवासी पीड़िता नीलम ने दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि करीब 16 वर्ष पहले गुजरात में ही अली भाई पुत्र नूर हसन निवासी मोहल्ला मनिहारी गढ़ी थाना कोतवाली फर्रुखाबाद ने अपने आपको हिन्दू बताकर प्रार्थिनी से नजदीकियां बनाई और लव जिहाद के तहत विवाह कर लिया। मेरा नाम नीलम से बदल कर साहिबा रख दिया और मुझे फर्रुखाबाद ले आया। मेरे पांच बच्चे पैदा हुए जिसमें दो की मृत्यु हो गई। तीन बच्चे जीवित है। अली भाई बराबर मेरा शारीरिक शोषण करता रहा और घर से बाहर निकलने नहीं दिया तथा मेरे साथ मारपीट करता है। कई बार घर से निकलने की कोशिश की, लेकिन उतनी बार अली ने काफी मारापीटा। अली मुझे भीख मांगने के लिए दबाव डालता है, मना करने पर बुरी तरह मारपीट करता। मारपीट और गाली-गलौज से प्रार्थिनी परेशान हो चुकी है। 13 मई को समय करीब 10 बजे दिन अली ने प्रार्थिनी के साथ मारपीट की और केवल पहने हुए कपडों में धक्के मार कर घर से निकाल दिया। किसी तरह फुटपाथ रहकर रात बिताई है। अब उक्त मुस्लिम अली के साथ नहीं रहना चाहती है और अपने मूल गृह गुजरात जाना चाहती है। पीड़िता एसपी से कार्यवाही की मांग की है।



अंकित तिवारी के साथ ज्ञापन देने जाती पीड़िता

## पेपर लीक की चर्चाओं से था तनाव में

# नीट की तैयारी कर रहे छात्र का घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला शव

- मृतक ने तीसरी बार दी थी नीट की परीक्षा
- इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मचा कोहराम



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शहर के नौरंगाबाद स्थित गंगोत्री नगर में गुरुवार उस समय सनसनी फैल गई, जब एक छात्र का शव कमरे के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला। 22 वर्षीय छात्र रितिक मिश्रा पुत्र अनूप मिश्रा निवासी कटौली गांव का रहने वाला था। रितिक हाल ही में नीट परीक्षा देकर लौटा था और परिजनों के मुताबिक पेपर लीक होने की चर्चाओं को लेकर पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में चल रहा था। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई और परिवार में कोहराम मच गया।सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है। मिली जानकारी के अनुसार रितिक का परिवार शहर के नौरंगाबाद स्थित मकान में रहता था, लेकिन बड़ी बहन की शादी के बाद पूरा परिवार पैतृक गांव कटौली में रहने लगा था। इसके बावजूद रितिक पढ़ाई और अन्य कार्यों के चलते अक्सर शहर वाले मकान पर आकर रुकता था। बुधवार को भी वह गांव से शहर के मकान पर आया था। उसी मकान में दो किराएदार भी रहते हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे तक जब रितिक के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो किराएदारों को शक हुआ। काफी देर तक आवाज लगाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद किरायेदारों ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही पिता अनूप मिश्रा मौके पर पहुंचे और कमरे का ताला तोड़ा गया। दरवाजा खुलते ही उनके होश उड़ गए। कमरे के अंदर रितिक का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ था। बेटे की हालत देखकर मां-बाप बदहवास हो गए और घर में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक के पिता अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि रितिक ने 3 मई को कानपुर में तीसरी बार नीट परीक्षा दी थी। इससे पहले वह दो बार परीक्षा में सफल नहीं हो पाया था। पिता के अनुसार रितिक इस बार परीक्षा को लेकर काफी मेहनत कर रहा था। हालांकि हाल ही में परीक्षा पेपर लीक होने की चर्चाओं से वह बेहद परेशान और तनावग्रस्त रहने लगा था। परिवार का दावा है कि इसी तनाव के चलते उसने यह कदम उठा लिया। परिजनों के मुताबिक रितिक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी बड़ी बहन की शादी दो वर्ष पहले हो चुकी है।

परिवार और आसपास के लोगों का कहना है कि वह पढ़ाई को लेकर बेहद गंभीर और मेहनती छात्र था तथा डॉक्टर बनने का सपना देख रहा था। उसकी मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही हो सकेगा।

## अपरा एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** नगर के समीपवर्ती ग्राम कंजादेव स्थित सुप्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर में अपरा एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य संकीर्तन में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर परिसर देर रात तक 'हारे के सहारे की जय' और 'खाटू नरेश की जय' के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद सुप्रसिद्ध भजन गायक अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने अपने मधुर और भावपूर्ण भजनों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। 'ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है, 'हारा हूँ बाबा पर तुझ पर भरोसा है' और 'राधे तेरी चुनरी सितारों जड़ी' जैसे भजनों पर भक्त झूमते और नाचते नजर आए। फूलों से सजे बाबा श्याम के दिव्य दरबार, आकर्षक सजावट और इत्र की मनमोहक सुगंध ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात तक मंदिर परिसर में उमड़ी रही और हर कोई बाबा के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस करता दिखा। इस दौरान मंदिर के पुजारी संतोष पाठक ने अपरा एकादशी का धार्मिक महत्व बताते हुए कहा कि ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की इस एकादशी का व्रत अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। उन्होंने कहा कि भगवान वामन और विष्णु की पूजा-अर्चना करने से मनुष्य को पापों से मुक्ति मिलती है तथा जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

## खबरें एक नजर में

### आंधी में उड़ रहे टिनशेड से कटा पशुपालक का पैर, हालत गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** बुधवार देर शाम आई तेज आंधी के दौरान क्षेत्र के नौगवां गांव में उड़ रहे टिनशेड से गांव निवासी 75 वर्षीय पशुपालक श्याम लाल का दाहिना पैर कट गया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे स्वजन लहूलुहान पशुपालक को उपचार हेतु आनन फानन में बरौंधा स्थित निजी अस्पताल में ले गए जहां हालत गंभीर देखकर चिकित्सक ने अन्यत्र के लिए रेफर कर दिया। स्वजन देर रात उपचार हेतु वाराणसी स्थित हेरिटेज हास्पिटल में घायल पशुपालक को भर्ती करवाए जहां उनका उपचार किया जा रहा है।नौगवां गांव निवासी उपेन्द्र गुप्ता के घर में लगा टीनशेड तेज आंधी के दौरान अचानक उखड़ गया।टिनशेड आसमान में पत्तों की तरह उड़ते हुए सीवान में भैंस चरा रहे पशुपालक के पैर से टकरा गया। उड़ रहे टिनशेड से पशुपालक का दाहिना पैर घुटने के नीचे से आधा कट गया। पशुपालक के पौत्र रमाशंकर ने बताया कि हेरिटेज हास्पिटल वाराणसी में उपचार चल रहा है अत्यधिक रक्तस्राव होने से घायल पशुपालक की हालत गंभीर बनी हुई है।

### नहर में गिरने से बाइक सवार युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अदवा नहर के बरडीहा कला गांव के बरडीहा माइनर में बुधवार की देर शाम बाइक सवार युवक की गिरने से मौत हो गई मौके पर पहुँचे युवक के स्वजनों ने युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना मिलने पर युवक के स्वजन रोने बिलखने लगे घटना की सूचना पुलिस को दिया है थाना क्षेत्र के बरडीहा कला गांव निवासी 20 वर्षीय जगदीश बाइक से सोठिया कला गांव सामान लेने जा रहे जी की बाइक सवार तेज हवा चलने के कारण बाइक सवार अदवा नहर के बरडीहा कला के माइनर में बाइक सहित गिर पड़ा जिससे बाइक सवार युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई आधा घंटा बाद मौके पर पहुँचे युवक के स्वजनों ने युवक को नहर से बाहर निकालकर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना पर मृत युवक की माता सीता रोने बिलखने लगी मृत युवक के चचेरी बहन की शादी थी शादी का सामान लेने जा रहा था की हादसे में युवक की मौत हो गई है युवक के मौत की सूचना स्थानीय पुलिस को सूचना दिया है पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

### दरोगा दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** एंटी करप्शन टीम ने हलिया पुरानी वन रेंज आफिस वन दरोगा के आवास से बुधवार को दोपहर वन दरोगा चंदौली निवासी सूरज पांडेय को दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित दारोगा का हाथ धुलवाया गया तो रुपये में लगे केमिकल के चलते उनका हाथ पिंक हो गया। उन्हें गिरफ्तार कर हलिया थाने में ले जाया गया। जहां पर मुकदमा दर्ज कराने के बाद।गुरुवार को भ्रष्टाचार कोर्ट में हाजिर करने के बाद जेल भेज दिया है कौशांबी जिले के थाना सराय क्षेत्र स्थित बहुगरी गांव के रहने वाले राजेंद्र पटेल का दो हाइवा चलता है। मध्य प्रदेश से बालू लादकर चालक पथरहिया बाजार में बेचने को जाते हैं। जिसको बार-बार वन दारोगा सूरज पांडेय रोकते थे। विरोध करने पर कहते थे कि जब तक उनका महीना नहीं बाधोगे वह चलने नहीं देंगे। अप्रैल में हाइवा को अपने आफिस के सामने रोक लिया था। चालक ने इसकी जानकारी मालिक राजेंद्र पटेल को देते हुए वन दारोगा से बात कराई। पांच-पांच हजार रुपये लेकर हाइवा छोड़ने को कहा, लेकिन वह नहीं माने। एक का दस हजार रुपये मांग रहे थे। राजेंद्र पटेल ने बताया कि एक बार 20 हजार रुपये ले चुके थे। 14 मई को फिर रुपये देने को कहा था। इसकी शिकायत मीरजापुर एंटी करप्शन टीम से किया। इस पर एंटी करप्शन टीम के अशोक कुमार, अनिल कुमार सिंह हलिया पहुंचे और जैसे ही दारोगा हलिया वन रेंज के आफिस अपने आवास में राजेंद्र पटेल से रिश्वत के दस हजार रुपये लिए टीम ने गिरफ्तार कर लिया।वन दरोगा को एंटी करप्सन टीम थाने पर लाकर पूछताछ करने के बाद मुकदमा दर्ज कराने के बाद वन दरोगा को जेल भेज दिया है।

### आंधी से पेड़ व सेट गिरने से अलग-अलग गाँव में तीन चोटिल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में बुधवार को देर शाम आंधी तूफान से पेड़ व सेट गिरने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने दो लोगों को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के बर्डहा कला गांव निवासी समय लाल की 19 वर्षीय पुत्री शिवानी घर के बाहर कुछ कार्य कर रही थी कि अचानक घर में लगा सीमेंट सेट वह पत्थर आंधी से उड़ कर उसके ऊपर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई । इसी तरह से कोटार गांव निवासी 45 वर्षीय कतलू धरकार घर के बाहर पेड़ के नीचे बंधे मवेशियों को छोड़ रहे थे इसी दौरान शीशम का पेड़ गिरने से जख्मी हो गए। थाना क्षेत्र के हथिया बाध निवासी राजकुमार की 60 वर्षीय पत्नी ज्योधी के घर पर महुआ का पेड़ गिर गया जिससे घायल हो गई पेड़ इतना विशाल था कि बगल के रामसागर, रामकुमार, विंध्यवासिनी व उमाशंकर के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया संजोग ठीक था की अन्य घरों के परिजन बच गये। प्राथमिक उपचार के बाद डा रीना सिंह ने सिवानी व कतलू को ट्रामा सेण्टर रेफर कर दिया है।

### पुल बना मुसीबत, आवागमन को मजबूर ग्रामीण



**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के बनवां रोड गंगवा संपर्क मार्ग के बीच नाले पर निर्माणाधीन बाक्स पुल स्थानीय ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने करीब डेढ़ माह पूर्व पुल निर्माण के लिए नाले के दोनों ओर मिट्टी का ढूहा लगाकर गड्ढा खोदकर निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे स्थानीय लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार आवागमन के लिए खेत के किनारे अस्थायी बाईपास मार्ग बनाया गया है, जो पूरी तरह कच्ची मिट्टी का है और गहरे गड्ढे से सटा हुआ है। मामूली बारिश में भी रास्ता फिसलन भरा हो जाता है। जिससे लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी भी समय यहां बड़ा हादसा हो सकता है। निर्माण स्थल पर खुदाई के दौरान नाले में पानी भर गया है, जिसमें आसपास के छोटे-छोटे बच्चे स्नान और तैरने के लिए उतर रहे हैं।

## सेवा, समर्पण और श्रद्धा का संगम: नानकसर गुरुद्वारा में यात्री निवास का लिंटर पड़ा

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया, खीरी।**

गुरुद्वारा कार सेवा नानकसर में बुधवार को आस्था, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। गुरुद्वारा परिसर में बन रहे विशाल यात्री निवास भवन का लिंटर कार्य अरदास और धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। जैसे ही लेंटर पड़ना शुरू हुआ, पूरा परिसर 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गूंज उठा। संगत में ऐसा उत्साह दिखाई दिया मानो कोई बड़ा धार्मिक उत्सव मनाया जा रहा हो। निर्माण कार्य में क्षेत्रभर से पहुंचे सेवादारों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कोई सीमेंट और सरिया संभालता नजर आया तो कोई पानी और अन्य व्यवस्थाओं में जुटा रहा। बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी सेवा भावना के साथ कार्य में लगे रहे। पूरे आयोजन के दौरान सेवा और सहयोग की ऐसी मिसाल देखने को मिली जिसने सभी को भावुक कर दिया। जानकारी के अनुसार यह निर्माण कार्य सचखंडवासी बाबा तारा सिंह जी की स्मृति में कराया जा रहा है। कार्यक्रम चरण सेवक बाबा घोला सिंह जी तथा बाबा गुरनाम सिंह जी (कार सेवा सरहाली साहिब वाले) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से कार सेवा के माध्यम से सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से कराई गईं। हाईवे किनारे स्थित यह गुरुद्वारा लंबे समय से राहगीरों, गरीबों और जरूरतमंदों के लिए बड़ा सहारा बना हुआ है। यहां आने वाले हर व्यक्ति के लिए निशुल्क लंगर, स्वच्छ पेयजल और ठहरने की व्यवस्था उपलब्ध रहती है।

## प्रार्थना सभा में गूंजीं तालियां, सेंट जॉन्स स्कूल के मेधावियों का हुआ भव्य सम्मान

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, खीरी।**



सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोला के मेधावी छात्र-छात्राओं का बृहस्पतिवार को विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान किया गया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व में सूचना देकर सभी मेधावी विद्यार्थियों को सुबह विद्यालय बुलाया गया था।

सुबह की प्रार्थना सभा के बाद जैसे ही मेधावी छात्र-छात्राओं के नाम पुकारे गए, पूरा विद्यालय तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने विद्यार्थियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनकी सफलता पर गर्व जताया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी झलक रही थी।

विद्यालय के छात्र ऋषभ श्रीवास्तव ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। वत्सल पाठक ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा तनिषा अग्रवाल ने 84.4 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा जानवी पांडेय, अरुष पटेल, सीतेश कुमार, हर्ष पटेल, आदित्य सूरी, दुर्गेश वर्मा, अतीफा खानम और शाश्वत पटेल ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय की मेधा सूची में स्थान बनाया।

प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा। इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में मेधावी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

## एसडीएम और लेखपालों के बीच तकरार से तहसील में मचा हड़कंप



**समृद्धि न्यूज़, मितौली, खीरी।** तहसील मुख्यालय पर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब लेखपाल संघ के पदाधिकारी उप जिलाधिकारी (एसडीएम) मितौली के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। अचानक शुरू हुए विरोध प्रदर्शन से तहसील परिसर में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों और फरियादियों में हलचल मच गई। बाद में एसडीएम और लेखपाल संघ के बीच वार्ता हुई, जिसके बाद मामला शांत हो गया। जानकारी के अनुसार किसी प्रशासनिक कार्य को लेकर एसडीएम मितौली मधुसूदन गुप्ता और कुछ लेखपालों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान एसडीएम द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए लेखपालों को निलंबित करने की चेतावनी दी गई। इससे नाराज लेखपाल संघ के अध्यक्ष अमित भारती के नेतृत्व में तहसील के लेखपाल एकजुट होकर तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए और एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। धरने की सूचना मिलते ही तहसील परिसर में कर्मचारियों की भीड़ जुट गई। स्थिति को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार माहौल को बिगड़ता देख एसडीएम ने तत्काल पुलिस उपाधीक्षक यादवेंद्र यादव और इंस्पेक्टर महेश पाठक को पुलिस बल के साथ तहसील परिसर बुला लिया। पुलिस की मौजूदगी में कुछ देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। हालांकि बाद में एसडीएम मधुसूदन गुप्ता स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे और लेखपाल संघ के पदाधिकारियों से वार्ता की। काफी देर चली बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता हो गया। बताया जा रहा है कि प्रशासन की ओर से लेखपालों की बातों को गंभीरता से सुना गया, जिसके बाद लेखपालों ने धरना समाप्त कर दिया। घटना के बाद तहसील परिसर में दिनभर इस मामले की चर्चा होती रही। फिलहाल दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## 'आयुष आपके द्वार' शिविर में उमड़े ग्रामीण, आयुर्वेदिक परामर्श और योगाभ्यास से मिला स्वास्थ्य लाभ

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** नकहा ब्लॉक के ग्राम रौलिया में गुरुवार को 'आयुष आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सकेथू एवं महेवागंज की ओर से निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को आयुर्वेदिक उपचार, स्वास्थ्य परीक्षण, औषधि वितरण और योगाभ्यास का लाभ प्रदान किया गया। ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर में अलग-अलग काउंटर बनाए गए। वृद्धजनों के लिए काउंटर-1 तथा सामान्य रोगियों के लिए काउंटर-2 की व्यवस्था की गई, जिससे लोगों को बिना परेशानी के स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

## मैलानी में कागजों पर दौड़ रहा स्वच्छ भारत मिशन, कस्बे में गंदगी का साम्राज्य, नालियों से उठ रही दुर्गंध

**समृद्धि न्यूज़, मैलानी खीरी।**




एक ओर केंद्र और प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों और कस्बों को 'कचरा मुक्त' बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं मैलानी कस्बे में यह मिशन सिर्फ कागजों और बैठकों तक सीमित दिखाई दे रहा है। कस्बे के मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्लों और गलियों तक फैली गंदगी नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेर, बजबजाती नालियां और उठती दुर्गंध से स्थानीय लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। कस्बे के कई इलाकों में कई दिनों तक कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण उनमें गंदा पानी जमा है, जिससे पूरे क्षेत्र में बदबू फैल रही है। बरसात से पहले ही हालात बिगड़ते जा रहे हैं और लोगों में संक्रामक बीमारियों का डर बढ़ने लगा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसी बीमारियां फैल सकती हैं। नगरवासियों का आरोप है कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और कर्मचारी सफाई व्यवस्था को लेकर पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं।

## सीएमओ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जनपद स्तरीय प्रशिक्षण



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

जनपद में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक सुदृढ़ बनाने और 'जीरो डोज' बच्चों की संख्या को शून्य पर लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में गुरुवार, 14 मई को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में एक दिवसीय जनपद स्तरीय संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यशाला में राज्य स्तर से आए प्रशिक्षक स्टेट एनालिस्ट यूपी और हरियाणा डॉ शिखर चौधरी व नेशनल डाटा एनालिस्ट अरविंद कुमार द्वारा स्वास्थ्य अधिकारियों को टीकाकरण आंकड़ों को बेहतर बनाने और डेटा विश्लेषण परियोजना के सफल क्रियान्वयन के गुर सिखाए गए।

# अधिवक्ता हितों के प्रति धारदार संघर्ष का लिया गया संकल्प, हुआ सम्मान

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील सभागार में गुरूवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। वर्तमान कार्यकारिणी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी को निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की मौजूदगी में कार्यभार भी ग्रहण कराया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हितों के प्रति सर्वोच्च प्राथमिकता का सामूहिक संकल्प भी ग्रहण किया।



निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय तथा महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद, उपाध्यक्ष नामवर सिंह, महामंत्री शिवरंजन यादव, कोषाध्यक्ष अतुल सिंह, आय व्यय निरीक्षक संतोष तिवारी, प्रचार मंत्री अमन द्विवेदी व कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए कमलनाथ सरोज, राजकुमार मिश्र, निर्भय शुक्ल, प्रशान्त पटेल को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह ने स्वागत भाषण तथा चुनाव समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, शिवाकांत शुक्ला, शिव नारायण शुक्ल, सिंटू मिश्र, सुमित त्रिपाठी, केके शुक्ला, धीरेन्द्र शुक्ला, अशोक मौर्या, कमलेश त्रिपाठी, अनिल मिश्र, अरूण पाण्डेय, लालता प्रसाद पाण्डेय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कृषि छात्रों की बुलंद आवाज बने शिवम पाण्डेय, यूपीएएसओ में प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** उत्तर प्रदेश कृषि छात्र संघ की केंद्रीय कैबिनेट एवं राष्ट्रीय कृषि छात्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. भास्कर दुबे की संस्तुति पर संगठन की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इसी क्रम में महाराजगंज जनपद के युवा एवं सक्रिय छात्र नेता शिवम पाण्डेय को उत्तर प्रदेश कृषि छात्र संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन के कार्यकर्ताओं एवं कृषि छात्रों में उत्साह का माहौल है। शिवम पाण्डेय इससे पूर्व संगठन में जिला अध्यक्ष महाराजगंज तथा पूर्वांचल क्षेत्र के प्रदेश सचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। छात्र हितों के लिए उनकी निरंतर सक्रियता, संघर्षशील नेतृत्व क्षमता एवं कृषि छात्रों के बीच



मजबूत जनसंपर्क को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। बताया जा रहा है कि शिवम पाण्डेय लंबे समय से कृषि शिक्षा, छात्रवृत्ति, रोजगार, तकनीकी सुविधाओं एवं कृषि छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुखर रहे हैं। उन्होंने कई अवसरों पर छात्रों की आवाज को प्रशासन एवं शासन तक पहुंचाने का कार्य किया है, जिसके कारण वे छात्रों के बीच एक मजबूत और लोकप्रिय युवा चेहरे के रूप में उभरे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद शिवम पाण्डेय ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे प्रदेश भर के कृषि छात्रों की समस्याओं को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे तथा छात्र हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहेंगे। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों, छात्र नेताओं, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कृषि छात्रों की आवाज को प्रदेश स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

## नवनिर्मित थाना लीलापुर से विधिवत कार्य संचालन हुआ प्रारंभ

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं जनसुनवाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा नवनिर्मित थाना लीलापुर से विधिवत कार्य संचालन प्रारंभ कराया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय सहित जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर का भ्रमण कर नवस्थापित कार्यालयों, मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष एवं जनसुनवाई कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि थाना पुलिस जनता की समस्याओं के समाधान का पहला केंद्र है, इसलिए थाना परिसर में आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा थाना परिसर में पौधारोपण भी किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण बनाए



रखने का संदेश दिया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारीगण एवं पुलिसकर्मियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी लीलापुर, जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों द्वारा थाना लीलापुर से कार्य संचालन प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था एवं त्वरित पुलिस सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।